सुप्रभात
रांची, मंगलवार
09.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चर्तुथी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 355



12 विद्या बालन फिल्म भूलभूलैया-3 की शूटिंग के लिए पहुंची ओरछा

## फ्लोर टेस्ट में हेमंत पास

### 45 विधायक समर्थन में, विपक्ष का हंगामा, वाकआउट

#### लोबिन हेम्ब्रम, चमरा लिंडा भी समर्थन में सरयू राय न्यूट्रल रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में आसानी से विश्वासमत हासिल कर लिया। सीएम हेमंत सोरेन ने सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा। इस पर चर्चा हुई और वोटिंग में सरकार ने आसानी से जीत हासिल कर ली। प्रस्ताव के पक्ष में कुल 45 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के बाद वोटिंग के दौरान भी विपक्ष लगातार वेल में जा कर हंगामा करता रहा। हंगामे के बीच ही वोटों की गिनती की गयी। वाकआउट के कारण एनडीए के विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इस वजह से प्रस्ताव के विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा। निर्दलीय विधायक सरयू राय न्यूट्रल रहे। झामुमो से निष्कासित नेता लोबिन और चमरा लिंडा भी समर्थन में दिखे। वोटिंग के बाद सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। पंचम विधानसभा में इंडिया गठबंधन की सरकार के तरफ से चौथी बार विश्वास प्रस्ताव रखा गया।

**जनता उन्हें सबक सिखायेगी :** विश्वास प्रस्ताव पर सीएम के बोलने से पहले ही भाजपा विधायकों के हंगामा और वेल में जाने पर हेमंत सोरेन ने कहा कि इनके ऐसे आचरण से कोई आश्चर्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जितने लोग अभी भाजपा की तरफ से हंगामा कर रहे हैं, उनमें से आधे भी वापस नहीं आयेंगे।

राज्य की जनता इनको सबक सिखायेगी। लोकसभा चुनाव में देश ने इनको सबक सिखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जवाब देने के लिए उनके पास काफी टाइम है। पांच महीने में चंपाई सोरेन ने निर्भीक होकर काम किया।

**राज्य में नयी शुरूआत होगी : चंपई :** झामुमो की तरफ से पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि राजनीति एक प्रयोगशाला के जैसे है। कई तरह की परिस्थितियां आती है। पूर्ण जनादेश के बाद भी सरकार किसी न किसी कारण से अस्थिर रही।

(शेष पेज 11 पर)

## हेमंत कैबिनेट में दीपिका, इरफान, बैजनाथ तीन नये चेहरे

## 11 मंत्रियों ने ली शपथ



#### बादल-बसंत को नहीं मिली जगह, चंपई भी बने मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन की सरकार पार्ट-3 में इस बार मुख्यमंत्री समेत 11 नहीं, बल्कि 12 मंत्री होंगे। हेमंत कैबिनेट में तीन नये चेहरे दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी और बैजनाथ राम शामिल किये गये हैं। नयी कैबिनेट में मंत्री बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने अपने चार में से एक मंत्री बादल पत्रलेख को हटा दिया है। उनकी दीपिका पांडे सिंह को मंत्री बनाया गया। वहीं जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जगह इरफान अंसारी को जगह मिली। झामुमो ने भी इस बार बैजनाथ राम को इस बार कैबिनेट में जगह दी। (शेष पेज 11 पर)

#### मंत्री और उनके विभाग

**हेमंत सोरेन** : कार्मिक, गृह, पथ निर्माण, भवन निर्माण, मंत्रीमंडल वैसे सभी विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं हैं।

**चंपाई सोरेन**: जल संसाधन, उच्च शिक्षा।

**डॉ रामेश्वर उरांव**: वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग।

**सत्यानंद भोक्ता** : श्रम नियोजन एवं उद्योग विभाग।

**बैजनाथ राम** : स्कूली शिक्षा और उत्पाद विभाग

**दीपक बिरूआ** : परिवहन विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग।

**बान्ना गुप्ता** : स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति।

**इरफान अंसारी** : ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज विभाग।

**दीपिका पांडेय सिंह** : कृषि एवं पशुपालन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग।

**मिथिलेश ठाकुर**: पेयजल एवं स्वच्छता विभाग।

**हफीजुल हसन अंसारी** : अलपसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेल कूद, नगर विकास एवं आवास विभाग।

**बेबी देवी**: महिला बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग।

## न्यूज डायरी

#### पलामू में सैन्य सम्मान के साथ अमित शुक्ला की अंत्येष्टि

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा के रहने वाले बीएसएफ जवान अमित शुक्ला (30वर्ष) पिता उपेंद्र शुक्ला का पार्थिव शव सोमवार सुबह घर लाया गया। बीएसएफ के वाहन से पार्थिव शव तिरंगे में लिपटा ताबूत में लाया गया। गांव के युवकों ने मोटरसाइकिल से आगे आगे चलकर अमित शुक्ला के लिए नारे लगा रहे थे। पार्थिव शव घर आने के बाद अंतिम संस्कार से पहले जिला पुलिस के जवानों ने सलामी दी। इसके बाद कोयल नदी तट पर अंतिम संस्कार से पहले बीएसएफ के जवानों ने सैन्य सम्मान दिया।

#### कोडरमा डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

कोडरमा। चंदवारा थाना के थाम पंचायत के कुनीलवा डैम में डूब कर तीन बच्चों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को तीनों बच्चे बकरी चराने गये थे। इस दौरान वे डैम में नहाने चले गये। नहाने के क्रम में गहरे पानी मे चले गए ओर बाहर नहीं आ सके। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर घरवालों ने खोजबीन शुरू की। इधर रात के 9 बजे दो बच्चों के शव निकाल लिये गये। इनमें शाहनवाज (12) वर्ष, पिता सुभान अंसारी थाम, चंदवारा) और सोहेल अंसारी (19) पिता इस्लाम अंसारी, साकिन जयपुर) शामिल हैं। तीसरे बच्चे की तलाश जारी है। घटना की सूचना पाकर चंदवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची है।

#### विवाहिता ने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर दे दी जान

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के खोड़ी निवासी करीमन भुईया के पत्नी सजन्ती देवी 28 वर्ष ने अपने दो बच्चे पूनम कुमारी (3) नानका कुमार (01) I के साथ क्रियाही पहाड़ के समीप एक कुएं में कूद कर जान दे दी। इस घटना में पत्नी और एक बच्चा की मौत हो गयी। एक बच्चा का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पति करीमन भुईया ने बताया कि वह सभी के साथ नावा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान दोनों में रास्ते में कहा सुनी हो गयी और उसकी पत्नी ने दो बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। इधर घटना की सूचना के बाद छतरपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है।

#### इरफान-दीपिका पांडे ने पार्टी नेताओं का जताया आभार

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन कैबिनेट में शामिल दीपिका पांडेय सिंह और इरफान अंसारी ने राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष खड़गे का आभार जताया है। दोनों ने प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गयी है। दीपिका पांडे सिंह और इरफान ने कहा कि उन्हें बड़ी जिम्मेवारी मिली है। वे सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्हें जो भी विभाग मिलेगा, उसमें वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे।

## ...वे भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं : हेमंत

**रांची(खबर मन्त्र ब्यूरो)।** सीएम हेमंत सोरेन बहुमत साबित करने और मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद लगातार दो ट्वीट किये। दोनों ट्वीट के जरिये उन्होंने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि पिछले ढाई साल में जितनी शक्ति भाजपा ने चुनी हुई झारखंडी सरकार गिराने में लगायी है, अगर उतनी शक्ति इन्होंने झारखंड की भलाई में लगायी होती तो लोकसभा में इनकी संख्या में गिरावट नहीं आती। भाजपा को लगता है कि वे एजेंसियों का दुरुपयोग कर, अपने धन बल एवं शातिराना चालों से जनता को जनमत को अन्य राज्यों की तरह खरीद लेंगे-लूट लेंगे। वे यह भूल जाते हैं कि हम झारखंडी हैं। हमने कभी अंग्रेजों के समक्ष घुटने नहीं टेके तो ये आज के अंग्रेज तानाशाह के सामने हम कभी नहीं झुकेंगे। ना झारखंड झुका है, ना झारखंडी झुकेगा। सीएम ने दूसरे ट्वीट में लिखा है कि मुझे विधानसभा से दूर रखने के लिए भाजपा ने हर षड्यंत्र रचा। उन्हें लगा मुझे झूठा मुकदमा लगा कर जेल भेज कर मेरी आवाज दबा देंगे पर, वो भूल गये कि लोकतंत्र की आत्मा है जनता की आवाज, दबाने की कोशिश में हारेगा हर एक तानाशाह। सीएम ने ये भी लिखा- अन्याय के विरुद्ध खड़े रहेंगे,लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। भय और दमन से नहीं डरेंगे, न्याय और समानता के लिये लड़ेंगे।

## झारखंड में बनेगा विस्थापन आयोग

#### सीएम ने कहा

- हमने घोषणा की है, धरातल पर भी उतारेंगे
- सहायक पुलिसकर्मी से सरकार वार्ता को तैयार
- नयी शुरू करने से पहले पुरानी योजनाओं की समीक्षा होगी
- हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं, गांव से चलेगी
- खनन गतिविधियों का तैयार करेंगे पूरा दस्तावेज

### हेमंत सोरेन की कैबिनेट का लाया गया प्रस्ताव

#### कैबिनेट ने दी राज्य विस्थापन आयोग के गठन की मंजूरी : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार जल्द ही विस्थापन आयोग का गठन करेगी। सोमवार को कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत एक डाटा बेस तैयार किया जायेगा, ताकि खनन क्षेत्रों का एक दस्तावेज तैयार किया जा सके। मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के बाद सोमवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने खुद पत्रकारों को यह जानकारी दी।

**पहले ही बननी चाहिए थी नीति :** बैठक के बाद सीएम हेमंत ने कहा कि विस्थापितों के लिए स्पष्ट नीति अब तक राज्य में नहीं थी। ऐसे में कैबिनेट में हमारी सरकार ने राज्य विस्थापन आयोग बनाने का निर्णय लिया है। सभी विस्थापित लोगों का आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण भी किया जायेगा। माइनिंग क्षेत्र में आये उतार चढ़ाव को देखा जायेगा। झारखंड के लोग क्या लाभ लेते हैं, इसका विश्लेषण विस्थापन आयोग के जरिये कराया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिन्हें अपना घर द्वार छोड़ना पड़ता है, उनको कैसे राहत पहुंचाई जाये, इसके लिए हमारी सरकार नीति बनायेंगे। सीएम ने उक्त बातें प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है और निश्चित रूप से जितना जल्दी हो सके इस काम को पूरा किया जायेगा। सीएम ने कहा, उनकी सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों को गंभीरता से सुनेगी। इसके लिये धरना प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं है। हम उनसे बात करने को तैयार हैं।

**धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी हमारी :** पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से पूछा कि विस्थापन आयोग की मांग लंबे अरसे से हो रही थी, क्या इसको समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जायेगा। इस पर हेमंत ने कहा कि जब हमने घोषणा की है, तो इसको धरातल पर उतारनने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो जाना चाहिए था। (शेष पेज 11 पर)

#### मास्को में पीएम मोदी का भव्य स्वागत

**मॉस्को।** पीएम मोदी के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। रूसी सरकार ने उन्हें दुर्लभ सम्मान देते हुए प्रथम उप प्रधानमंत्री श्री मंतुरोव को श्री मोदी की अगवानी के भेजा। गौरतलब है कि यह दूसरा मौका था कि जब श्री मंतुरोव ने किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की हवाईअड्डे पर अगवानी की है। इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा के दौरान भी श्री मंतुरोव ने उनकी अगवानी की थी। मोदी को रूसी सशस्त्र सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी ने सलामी गारद पेश की और इसके बाद श्री मंतुरोव श्री मोदी के साथ एक ही कार में सवार हो कर होटल के लिए रवाना हो गये। (पेज 12 भी देखें)

## मेरा कार्यकाल आईने की तरह साफ : चंपई

#### कही दिल की बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया और बताया कि उन्हें इस्तीफा क्यों देना पड़ा। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने विश्वास मत हासिल करने पर हेमंत सोरेन को बधाई दी। चंपई सोरेन ने कहा, मुझे संतोष है कि मेरा पांच महीने बतौर सीएम का कार्यकाल आइने की तरह साफ है। अब यह पार्टी संगठन और महागठबंधन की जिम्मेदारी है कि वह तय करें कि अब उनकी भूमिका क्या रहेगी।



**जनादेश हेमंत को मिला था :** विधानसभा चुनाव बेहद नजदीक है, ऐसे में सत्ता परिवर्तन की जरूरत क्यों पड़ी, इसके जवाब में चंपई सोरेन ने कहा कि 2019 में राज्य की जनता ने हेमंत बाबू को 5 साल के लिए जनादेश दिया थाष ऐसी राजनीतिक स्थिति आयी कि 5 साल के बीच में ही नेतृत्व परिवर्तन कर उन्हें मुझे मुख्यमंत्री बनाना पड़ा। पर अब जब जमानत के बाद हेमंत सोरेन हमारे बीच हैं, तो स्वाभाविक रूप से उन्हें ही मुख्यमंत्री होना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्योंकि हेमंत सोरेन को 5 साल के लिए जनादेश मिला था, इसलिए यह पूछना उचित नहीं है कि सत्ता परिवर्तन की जरूरत क्यों पड़ी।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन कांग्रेस को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब से बचते नजर आये। उनसे सवाल पूछा गया कि क्या राज्य में सत्ता परिवर्तन और उनकी कुर्सी जाने के पीछे कांग्रेस का हाथ है। इस सवाल पर उन्होंने न तो इस आरोप का खंडन किया और न ही जवाब दिया। बस उन्होंने इतना कहा कि वह इस मुद्दे पर अपनी बात बाद में रखेंगे, फिलहाल वह हेमंत बाबू को विश्वास मत जीतने के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## कठुआ आतंकी हमले में 5 जवान शहीद

### छह अन्य जवान घायल, विशेष कमांडो दस्ते ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारतीय सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ है, जिसमें पांच जवान शहीद हो गये। रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकियों ने सोमवार को सेना के वाहन पर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। आतंकी हमले में पांच जवान घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। रक्षा अधिकारी ने बताया कि कठुआ के माचेडी इलाके में सोमवार को आतंकियों ने सेना के काफिले पर हमला किया। यह इलाका भारतीय सेना की 9वीं कोर के अंतर्गत आता है। आतंकवादी हमले के कुछ घंटों बाद सेना ने हेलीकॉप्टरों से विशेष सैन्य दस्ते को मोर्चे पर तैनात किया गया है। सैनिकों के विशेष समूह को मंडली सेक्टर में हवाई मार्ग से उतारा गया, जहां आतंकियों ने सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें जेसीओ सहित चार सैनिक शहीद हो गये। हमले के तुरंत बाद पुलिस और



सेना के अतिरिक्त बल भी इलाके में पहुंच गए और आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। फिलहाल सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी जारी है। उन्होंने बताया कि घटना कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव में हुई, जब सेना के कुछ वाहन इलाके में नियमित गश्त पर थे। हमले में सेना के 10 जवान घायल हुए थे। बाद में इलाज के दौरान पांच जवानों ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल जवानों का इलाज जारी है।

(शेष पेज 11 पर)


## सुप्रीम कोर्ट ने माना, लीक हुई है नीट की परीक्षा

### शुचिता नष्ट हुई है तो देना होगा दोबारा परीक्षा का आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यदि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 की शुचिता नष्ट' हो गयी है और यदि इसके लीक प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया के जरिये प्रसारित किया गया है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह भी कहा कि यदि प्रश्नपत्र लीक टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हो रहा है, तो यह जंगल में आग की तरह फैलेगा।" पीठ ने कहा, एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। पीठ ने कहा कि इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किये हैं।

पीठ ने कहा, यदि हम दोषियों की पहचान करने में असमर्थ हैं, तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। पीठ ने कहा, जो हुआ, हमें उसे नकारना नहीं चाहिए। साथ ही पीठ ने कहा, यह मान लें कि सरकार परीक्षा रद्द नहीं करेगी, तो वह प्रश्नपत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी? सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-



यूजी 2024 से संबंधित 30 से अधिक याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई शुरू की। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और परीक्षा नये सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

#### किसे लाभ हुआ, केंद्र ने क्या किया

पीठ ने कहा, पिछले वर्षों में यह अनुपात बहुत कम था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। पीठ ने सवाल किया, कितने गलत काम करने वालों के परिणाम रोके गए हैं और हम ऐसे लाभार्थियों का भौगोलिक वितरण जानना चाहते हैं। पीठ गुजरात के 50 से अधिक सफल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) अभ्यर्थियों की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को विवादित परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

## खुशियों का पिटारा लेकर आ रहा बजट

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किये जानेवाले बजट में आम लोगों को खुशियों की सौगात मिल सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ये लगातार सातंवा बजट होगा। इसके साथ ही वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को पीछे छोड़ देंगी। बजट सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे मंजूरी दे दी है।

**नये बजट से कई उम्मीदें :** नये बजट में सैलरी वाले लोग के लिए इनकम टैक्स में मानक कटौती सीमा को बढ़ाने की उम्मीद है, जो वर्तमान में 50,000 रुपये पर तय है। इस सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये किए जाने का अनुमान है। होम लोन लेने वालों के लिए एक प्रमुख नीति आयकर अधिनियम की धारा 24(बी) के तहत कर लाभ हो सकती है, जिसे आगामी बजट में शामिल किया जा सकता है। नये बजट में रसोई गैस पर डायरेक्ट प्रॉफिट ट्रांसफर जैसी आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी के माध्यम से महिलाओं को समर्थन करने की भी उम्मीद है। स्वास्थ्य सेवा के लिए भी इसी तरह के प्रयास की उम्मीद है, खासकर महिलाओं के लिए रियायती स्वास्थ्य सेवा दी जायेगी। बचत खातों से मिलने वाले ब्याज पर आयकर छूट की सीमा को मौजूदा 10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने की भी संभावना है।

#### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 68400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |



## खबर एक नजर में

### भाजपा ने मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण के तरीके को बताया असंवैधानिक

**राज्यपाल से की फिर से शपथ दिलाने की मांग**

**रांची।** हेमंत सोरेन के कैबिनेट में शामिल मंत्री हफीजुल हसन के शपथ ग्रहण के तरीके पर भाजपा ने सवाल उठाया है। इसे लेकर भाजपा राज्यपाल के पास पहुंची और हफीजुल को फिर से शपथ दिलाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णण से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। बाउरी और बिरंची ने कहा जिस तरह हफीजुल हसन ने शपथ ग्रहण से पहले धार्मिक पंक्ति से शुरूआत की, वह गैर संवैधानिक थी। इसलिए उन्हें फिर से शपथ दिलाया जाए।

### विनोद कुमार सिंह की याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलएल के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 20 जुलाई निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगायी है। इसके लिए उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है।

### सरकारी स्कूलों के नाम में उर्दू जोड़े जाने पर सरकार से जवाब तलब

**रांची।** सरकारी स्कूलों के नाम बदल कर उर्दू स्कूल किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस डॉ विद्युत रंजन सारंगी और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य के विभिन्न जिलों के 100 से अधिक स्कूलों का नाम बदल कर उसमें उर्दू जोड़ दिया गया है। इन स्कूलों में रविवार के बदले शुक्रवार को छुट्टी दी जा रही है। इन स्कूलों की प्रार्थना भी बदल दी गई है। अदालत से इस मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

## ग्रामीण विकास विभाग से मनरेगा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का मिला आश्वासन

# पंद्रह दिनों के अंदर बढ़ेगा मानदेय, ग्रेड पे और बीमा की मांगें भी लागू करेंगे: सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ प्रदेश कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी झारखण्ड के बुलावे पर उनके कार्यालय कक्ष में उनसे और उसके बाद सचिव ग्रामीण विकास से मिलकर वार्ता की। वार्ता टीम की अगुवाई प्रदेश उपाध्यक्ष महेश सोरेन एवं प्रदेश सचिव डॉ राजेश दास ने किया। टीम में विक्रांत ज्योति, केंद्रीय अध्यक्ष, सुशील कुमार पांडेय केंद्रीय संयुक्त सचिव झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ झारखंड शामिल थे।

प्रथम चरण की वार्ता में मनरेगा आयुक्त ने गंभीरता से मनरेगा कर्मचारियों की मांगों को सुना। ग्रेड पे, 60 साल की सेवा, बीमा जैसे मुद्दों पर सहमति जताते हुए इसे जल्द लागू करने का भरोसा दिया। इसके बाद



मनरेगा आयुक्त की अगुवाई में सचिव ग्रामीण विकास के कार्यालय कक्ष में वार्ता हुई और तत्काल संतोषप्रद मानदेय वृद्धि करने के साथ साथ ग्रेड पे की संचिका मणिपुर सरकार की तर्ज पर पद कोटि एवं योग्यता के अनुसार देने हेतु अबिलंब संचिका तैयार करने का निर्देश दिया गया। वार्ता के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पारा शिक्षकों के समान अनुकंपा की नौकरी देने के लिए उपरोक्त संकल्प के अनुसार संचिका बढ़ाने के निर्देश दिया गया है।

संचिव ने दो टूक शब्दों में कहा कि ग्रेड पे देने में विलम्ब हो सकता है, इसलिए तत्काल राहत के लिए 15 दिनों के अंदर मानदेय वृद्धि की जाएगी, साथ ही ग्रेड पे के लिए संचिका भी बढ़ा दी जायेगी। इस सकारात्मक वार्ता में सागर कुमार प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, त्रिभुवन महतो अभियंता संवर्ग, संतोष महतो कम्प्यूटर सहायक, चतर्भुज कुमार लेखा सहायक, मोहम्मद शाहिद सहित सभी विंग के मनरेगा कर्मियों ने भाग लिया।

## मनरेगा कर्मियों ने झामुमो कार्यालय घेरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वादा निभाओ, स्थाई करो मुहिम के तहत झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के अगवाई में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें राज्य के मनरेगा कर्मचारी उपस्थित हुए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे कार्यालय के गेट पर जमीन मे बैठ गए, देखते-देखते सभी कर्मी जमीन पर ही बैठ कर घेराव कर दिया गया। नारे बाजी के साथ वादा निभाओ, स्थाई करो नारा को बुलंद किया गया।

कार्यालय का घेराव किये जाने के बाद तत्काल झामुमो के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा संघ को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। जहां



पार्टी की ओर से बिनोद पांडेय एवं सुप्रियो भट्टाचार्या ने वार्ता की। वार्ता के दौरान पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा सभी मांगों पर राज्य के मुख्यमंत्री के पास संघ की मांगों को रखेंगे और यथा संभव मुख्यमंत्री द्वारा किए गए सभी वादों को पूरा कराने का भरोसा दिया गया।

घेराव कार्यक्रम में संजय प्रामाणिक, पंकज सिंह, देवेन्द्र उपाध्याय, मो. इम्तियाज, नन्हें परवेज, लतीफ अंसारी, शिव देव लोहरा, सुमन गांगुली, यासीन अंसारी, मंजीत सिंह, सुराई हेम्ब्रम, व्यास देव सहित सैंकड़ों मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## आखिरकार आलमगीर की याचिका पर सुनवाई से पहले ही हो गया फ्लोर टेस्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर घोटाले से प्राप्त रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के फ्लोर टेस्ट में भाग नहीं ले सके। उनके अधिवक्ता का हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट के भाग दौड़ में सदन में फ्लोर टेस्ट हो गया। जिस मकसद से विधानसभा के विशेष सत्र में आलमगीर आलम हिस्सा लेने से संबंधित याचिका दाखिल की थी। वह घड़ी सुनवाई से पहले ही पूर्ण हो गई। इसके बाद दाखिल याचिका को अधिवक्ता ने वापस ले लिया।

दरअसल, सोमवार को उनके अधिवक्ता पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई को छोड़ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुनने का अनुरोध किया। जहां हाईकोर्ट ने याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। इसके बाद उनके अधिवक्ता सिविल कोर्ट पहुंचे। तब तक काफी देर हो चुकी थी।

पीएमएलए कोर्ट ने याचिका पर इडी को जवाब मांगा, लेकिन तब तक सदन में फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया पूरी हो गई। जानकारी के बाद पीएमएलए कोर्ट से भी याचिका को वापस ले लिया गया। मालूम हो कि आलमगीर आमल की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार का फ्लोर टेस्ट में भाग लेने की मांग करते हुए शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। उस दिन कोर्ट नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई थी।

## सुरक्षा घेरा तोड़ विधानसभा के करीब पहुंचे सहायक पुलिसकर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सुरक्षा घेरा तोड़ कर सोमवार को आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी विधानसभा के गेट तक पहुंच गये। आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मियों ने झंडा-बैनर हाथों में ले रखा था। उल्लेखनीय है कि विधानसभा की सुरक्षा में करीब 1200 सुरक्षाकर्मी लगाये गये थे। सोमवार को विशेष सत्र के दौरान हेमंत सरकार का फ्लोर टेस्ट था लेकिन, मोराबादी मैदान में धरना पर बैठे सहायक पुलिसकर्मी करीब



200 की संख्या में विधानसभा कैंपस पहुंच गये। कहा जा रहा है कि आखिर कैसे सहायक पुलिस कर्मी विधानसभा सुरक्षा घेरा तोड़ कर उसके करीब पहुंच गये। सहायक पुलिसकर्मियों के विधानसभा के करीब पहुंचते ही जिला के सभी आला अधिकारी धरना स्थल पर पहुंच गये।

## जिला खेल पदाधिकारियों के लिए परीक्षा देने का रास्ता साफ, नियमावली मंजूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड क्रीड़ा संवर्ग नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 के गठन की मंजूरी प्रदान कर दिया है। इसके अंतर्गत अब जिला क्रीड़ा संवर्ग के पदों में नियुक्ति के लिए तीन के बजाए दो पत्र ही होंगे। इसके अलावा सेवा संपुष्टि के लिए हिंदी टिप्पण प्रारूपण परीक्षा, संगणक संचालन प्रशिक्षण परीक्षा एवं जनजातीय भाषाओं में से किसी एक भाषा में उर्तीणता तथा राजस्व पर्षद द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा के दो पत्रों पुस्तक रहित एवं पुस्तक सहित में अंतिम सत्र से उर्त्तीणता अनिवार्य होगी।

लेखा परीक्षा का पाठ्यक्रम पूर्णांक, उत्तीर्णांक एवं समयावधि झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के राजपत्रित पदाधिकारी के लिए निर्धारित पूर्णाक, उर्त्तीर्णाक एवं समयावधि के अनुरूप होगा। इसके अलावा कार्मिक विभाग से परामर्श के बाद पर्यटन युवा खेलकूद विभाग ने मिशन कर्मयोगी के साथ हुए एमओयू के तहत आइगोट के माध्सम से माइक्रोसॉफ्ट के एमएस ऑफिस में सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। पहले के नियमावली में पाठ्यक्रम, पूर्णांक, उतीर्णाक एवं समयावधि से संबंधित प्रावधान नहीं था, जिस वजह से जिला क्रीड़ा पदाधिकारियों का लेखा परीक्षा आयोजित करना संभव नहीं हो पा रहा था, अब नियमावली में संशोधन से यह परीक्षा हो पायेगी।

### ओबीसी समुदाय की लंबित मांगों को पूरा करे सरकार : राजेश

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार का झारखंड विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में पास होने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में ओबीसी समुदाय के लंबित मांगों को सरकार पूरा करे। लंबित मांगों में अधिसूचित 7 जिले में ओबीसी को आरक्षण देने, राज्य में जातीय सर्वेक्षण शुरू करने, जनसंख्या अनुपात में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, एससी/ एसटी की तरह ओबीसी का स्वतंत्र मंत्रालय की गठन करने, सभी जिले में ओबीसी छात्रावास की निर्माण की जाए। बोर्ड निगम में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में भागीदारी देने की मांग शामिल है। हेमंत सोरेन सरकार को बधाई देने वालों में राजेश कुमार गुप्ता, एसएन सिंह, कुशवाहा, दिलीप वर्मा, उमेश जायसवाल, सुनील जायसवाल, प्रेमनंदन मंडल, संजय मेहता अजय मेहता सुरेश ठाकुर, रामलखन साहू, उपेंद्र, शिवप्रसाद साहू आदि हैं।


### 27 एवं 28 जुलाई और 3 एवं 4 अगस्त 2024 को विशेष अभियान

## मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 से

**दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 09 अगस्त तक**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। एक जुलाई को अहर्त्ता तिथि मानते हुए 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन- 25 जुलाई (गुरुवार), दावा और आपत्ति



दाखिल करने की तिथि - 25 जुलाई से 09 अगस्त (शुक्रवार), विशेष अभियान तिथि - 27 एवं 28 जुलाई और 03 एवं 04 अगस्त (शनिवार और रविवार), दावों और आपत्तियों का निपटारा - 19 अगस्त (सोमवार) तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन - 19 अगस्त (मंगलवार) को किया जायेगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25.07.2024 को किया जायेगा जबकि दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25.07.2024 से 09.08.2024 तक है। इस दौरान मतदाता सूची में निबंधन हेतु योग्य नागरिकों से आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। साथ ही मतदाता सूची में किसी प्रकार के सुधार संबंधित आवेदन भी उक्त अवधि में प्राप्त किया जा सकेगा।

विशेष अभियान तिथि 27 एवं 28 जुलाई और 03 एवं 04 अगस्त 2024 को जिला के सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बूथ पर ऑफलाइन आवेदन भी समर्पित किया जा सकेगा। आपको बतायें कि जिला में 25 जून 2024 से हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य भी बीएलओ द्वारा किया जा रहा है जो 24 जुलाई 2024 तक चलेगा।

## पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के खिलाफ कृषक मित्रों ने की जमकर की नारेबाजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख पर मांगों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए राज्य भर के कृषक मित्रों ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय पहुंच कर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कृषक मित्रों ने पूर्व मंत्री बादल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**14 वर्षों से विभाग में सेवा दे रहे हैं कृषक मित्र : शशि कुमार**

झारखंड राज्य कृषक मित्र महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि राज्य में कृषक मित्र पिछले कई वर्षों से सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सम्मानजनक मानदेय भी नहीं मिलता। ऐसे में कृषक मित्रों के सामने आंदोलन के सिवा और कोई रास्ता नहीं बचा है।



### कृषक मित्रों से लिये जाते हैं कई कार्य, पर मानदेय के नाम पर कुछ नहीं : सुभाष सिंह

वहीं कृषक मित्र महासंघ के नेता प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह कहते हैं कि राज्य में कृषक मित्रों को सिर्फ कलम, बैग, कॉपी और स्टेशनरी के नाम पर 12 हजार रुपये प्रति वर्ष दिया जाता है। जबकि कृषक मित्रों से केसीसी, ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, श्री विधि से खेती करना, मिट्टी जांच, किसान रजिस्ट्रेशन, धान अधिप्राप्ति, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आपदा राहत कार्य, सुखाड़ राहत कार्य, चुनाव कार्य, कोविड-19 महामारी, कृषि यंत्र आवेदन, डोभा निर्माण, पशुपालन विभाग, मनरेगा योजना सहित कई तरह के काम लिए जाते हैं, लेकिन मानदेय कुछ नहीं मिलता है।

**कृषक मित्रों की मुख्य मांगें :** कुशल मजदूर के बराबर कृषक मित्रों का मानदेय लागू करने, कृषक मृतक के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी देने, कृषि विभाग में निकलने वाली बहाली में 50 प्रतिशत आरक्षण कृषक मित्रों देने, कृषक मित्रों को बीमा भत्ता देने और नौकरी 65 वर्ष उम्र सीमा सुनिश्चित करना शामिल है।

### कांग्रेस नेताओं ने कृषक मित्रों को समझाने का किया प्रयास

वहीं धरना-प्रदर्शन कर रहे कृषक मित्रों से कांग्रेस के संगठन सचिव अमूल्य नीरज खलखो और अन्य नेताओं ने बातचीत की और कृषक मित्रों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। इसके बावजूद कृषक मित्र पीछे हटने को तैयार नहीं थे। कांग्रेस नेताओं द्वारा मांगों को पूरा किये जाने को लेकर मिले आश्वासन के बाद कृषक मित्र घरना को समाप्त कर वापस लौट गये।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने लगाया पैसे और परिवार के लिए सरकार बनाने का आरोप

# झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है हेमंत सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को फिर एकबार नव गठित हेमंत सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी सदन में विश्वासमत के लिए आहूत विशेष सत्र के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। यह सरकार केवल पैसे और परिवार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य को केवल लूटा है। खान खनिज, पत्थर, बालू, जमीन, गरीबों के अनाज और युवाओं की नौकरियों को लूटा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा सभी वर्गों में निराशा है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी की भीड़-भाड़ के बीच हत्या हो जा रही है। अपराधी बेखौफ हैं। महिलायें, बहन, बेटियां असुरक्षित हैं। सामूहिक बलात्कार की घटनायें आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी, लेकिन आज युवा हताश और निराश हैं। उन्होंने कहा कि जेपीएससी एजेएसएससी की परीक्षायें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन कराकर राज्य सरकार ने नौकरियों को लाखों लाख में बेचवा दिया। आज युवा अभ्यर्थी धरने पर बैठने को विवश हैं। उनके पास भ्रष्टाचार के स्पष्ट प्रमाण हैं फिर सरकार जिद पर अड़ी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पारा शिक्षकों, आंगन बाड़ी सेविकाओं, निविदा कर्मियों, सहायक पुलिस कर्मियों को नियमित करने का आश्वासन देकर समर्थन प्राप्त किया था लेकिन ये सब आज झूठा साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि आज सर्वजन पेंशन की बात करने वाली सरकार पिछले चार वर्षों से वृद्धों को भी पेंशन नहीं दे रही है। ग्रीन कार्ड के नाम पर अनाज देने के नाम पर एक दो महीने नाटक किया गया। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए भेजे जा रहे अनाज भी बिचौलिये दलाल लूट ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार से ऊब चुकी है और इसे सबक सिखाने के लिए सही समय का इंतजार कर रही है।

### गठबंधन सरकार ने जनता को सिर्फ ठगा : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में हाथों में तख्तियां लिये विधायकों ने हेमंत सरकार के विरोध में विधानसभा के गेट पर जमकर नारेबाजी की। विधानसभा चुनाव में जनता से किये गये वादे को पूरा नहीं करने बेरोजगारी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी, बिगड़ती कानून व्यवस्था बालू और खनिजों की लूट जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार को निशाने पर लिया। मरांडी ने कहा कि चुनाव में बहुत कम समय बचा है। इस सरकार को जनता की अदालत में जवाब देना होगा।

आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो भी प्रदर्शन में शामिल थे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि यह सरकार महाठगबंधन रिटर्न सरकार है। इस सरकार ने पिछले पांच वर्षों में जनता को सिर्फ ठगा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा करने में एक कदम आगे नहीं बढ़ पाई है। न



तो लाभुकों को राशन मिल रहा है और न ही अनाज। विधि व्यवस्था तो यहां पूरी तरह चौपट है।


प्रदर्शन में भाजपा के बिरंची नारायण, अनंत ओझा, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, डॉ नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, राज सिन्हा, नारायण दास, कोचे मुंडा, समरीलाल, आलोक चौरसिया आदि शामिल थे।

## सरयू-बाबूलाल की पुस्तक दिखाकर प्रदीप यादव ने कहा- भाजपा को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं

### सदन में विधायक सरयू राय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लिखी दो किताबें लहरायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झाविमो की तरफ से विधायक प्रदीप यादव ने सदन में विश्वासमत पर बोलते हुये कहा कि भाजपा के हाथ खून से रंगे हुये हैं। भाजपा के लोगों को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने सदन में विधायक सरयू राय और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लिखी दो किताबें लहरायी। उन्होंने कहा कि सरयू राय ने मंत्रिमंडल में रहते हुये भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार पर लिखा है। बाबूलाल मरांडी ने भी भ्रष्टाचार पर किताब प्रकाशित कर भाजपा सरकार से जवाब मांगा था। इसलिए, भाजपा के नेताओं को भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई



अधिकार ही नहीं है। ये लोग क्या बोलेंगे। इनके हाथ खून से रंगे हुए हैं। अब भाजपा की नहीं चलेगी। जनता सब जान चुकी है।

**कल्पना ने बड़ों का पैर छूकर लिया आशीर्वाद :** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने 11 बजकर 10 मिनट पर विशेष सत्र की कार्यवाही शुरू की। इसके बाद सीएम हेमंत सोरेन सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया। इससे पहले पहले गांडेय विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कल्पना सोरेन ने लोबिन, डॉ रामेश्वर उरांव, सविता महतो और चंपई सोरेन के भी पैर छुए।

### हेमंत सोरेन फिर से ठगने आ रहे हैं : अमर कुमार बाउरी

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि इस सरकार का गठन ही ठग के आधार पर हुआ। फिर से हेमंत सोरेन ठगने आ रहे हैं। हेमंत सरकार ने हर साल पांच लाख नौकरी देना का वादा किया था। सात हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की भी बात कही थी, लेकिन सरकार ने घोषणा पत्र पर अमल नहीं किया। कहा कि चार महीने से पेंशन नहीं मिल रहा है। 11 महीने से राशन नहीं मिल रहा है। सहायक पुलिसकर्मी को स्थायी करने का वादा पूरा नहीं हुआ। कल जहां मुख्यमंत्री पूजा कर रहे थे, वहां से चंद मीटर की दूरी में एक पूर्व पार्षद को गोली मार दी जाती है। झारखंड में ऐसी है लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति। बंगालदेशी घुसपैठ को लेकर हाईकोर्ट ने भी कह दिया कि डोमेग्राफी बदल दी है। यह सरकार देश में सबसे भ्रष्ट सरकार है। इसके एक मंत्री जेल में है।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
मंगलवार 09.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 80
epaper.khabarmantra.net
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## स्पीड न्यूज

### जामताड़ा में 13 को लोक अदालत

**जामताड़ा।** सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को लोक अदालत के संबंध में ग्रामीणों को जागरुक करने का निर्देश दिया।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**जामताड़ा।** रविवार को देर शाम आसनसोल दुमका मुख्य सड़क पर खेड़बोना के पास सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए हैं। दोनो व्यक्ति की हालत गंभीर है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडाहित में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम खेड़बना के निकट आसनसोल दुमका मुख्य सड़क पर आ रहा है एक बाइक ने धक्का मार दिया। दुर्घटना के दौरान साइकिल सवार अचेत होकर सड़क किनारे गिर गया उसके माथे में गहरी चोट लगी है। साइकिल चालक की पहचान नाला थाना अंतर्गत सुंदरवाडी गांव के किसान मिर्धा के रूप में हुई है।जबकि मोटरसाइकिल चालक का पहचान बिंदापाथर थाना क्षेत्र के फासीडंगाल गांव के रूपचंद हेंब्रम के रूप में हुई है।

### बाइक की डिक्की से एक लाख की चोरी

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के सबनपुर गांव निवासी प्रकाश कुमार साह के पुत्र सागर कुमार के डिक्की से सोमवार की दोपहर एक लाख रुपये की चोरी हो गई। भुक्तभोगी ने बताया कि सोमवार की दोपहर नारायणपुर एसबीआई मेन ब्रांच से एक लाख कैश निकाल कर मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर बस स्टैंड मोड़ गए । उसके बाद पेट्रोल भराने के बाद वहां से नारायणपुर प्रखंड़ मुख्यालय स्थित बजाज शोरूम पहुंचे और डिक्की खोली तो पैसा गायब था। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद इस घटना की जानकारी नारायणपुर थाना की पुलिस को दी गई।

### गोमिया में दो अज्ञात शव बरामद

**बेरमो/गोमिया।** बेरमो अनुमंडल के गोमिया और आईईएल थाना क्षेत्र में अलग अलग दो अज्ञात शव बरामद किया गया हैए एक व्यक्ति की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हुई हैए वहीं दूसरा शव कोनार नदी से बरामद किया गया हैए ज्ञात हो कि गोमिया थाना क्षेत्र के हजारी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के निकट रविवार की रात को एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला।

# करोड़पति साइबर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- 10 माह में 248 साइबर अपराधी गिरफ्तार
- करोड़ों की चल-अचल संपत्ति का है मालिक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने खाकपति से करोड़पति बने एक सायबर क्रिमिनल को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। सोनू वर्मा नामक इस अपराधी ने साइबर क्राइम को अंजाम दे कर करोड़ों रुपये की चाल व अचल संपत्ति अर्जित की है। साइबर क्राइम के खिलाफ चल रहे पुलिस अभियान की इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गपैय में एक साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहा है। सूचना मिलते ही साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक पुनित कुमार गौतमए गुंजन कुमार सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियारए आरक्षी जितेन्द्र नाथ महतो को शामिल किया गया। गिरफ्तार साइबर अपराधी में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गपैय का रहने वाला 24 वर्षीय सोनू कुमार वर्मा है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये स्डूको एप के माध्यम से लडकी से न्यूड वीडियो कॉलिंग करवाने एवं लडकी उपलब्ध कराने का झांसा देकर लिंक भेजकर पैसा ठगी करनाए गुगल पर फोन पे एवं गुगल पे का कस्टमर केयर के हेल्पलाइन नम्बर पंच कर मदद कर कॉल करने वाले लोगो से ठगी करनाए कैश बैक देने के नाम पर लिंक बनाकर अन्य साइबर अपराधियों को देना और फर्जी सिम एवं खाता उपलब्ध कराना जैसे काम कर साइबर अपराध करता था। बताया जाता है कि गिरफ्तार साइबर अपराधी सोनू का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।



### इससे पहले भी जा चुका है जेल

इसके अलावा इस अपराधी का गिरिडीह के नगर और मुफस्सिल थाना में भी मामले दर्ज हैं और पहले से गिरफ्तार महेंद्र मंडल नामक साइबर अपराधी भी अपने स्वीकारोक्ति बयान में इसका नाम लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार इस अपराधी के पास से 1 मोबाइल और 1 सिम कार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी सोनू कुमार वर्मा साइबर अपराध से कई चल .अचल संपत्ति अर्जित की है। इसके पास एक एमजी हेक्टर का चार चक्का वाहन एक 16 चक्का ट्रकए एक बाइक एक इलेक्ट्रिक स्कूटी झारखंड के हजारीबाग में एक फ्लैटए बेंगाबाद के साठीबाद एवं महुआर में 2 करोड का एक एक एकड जमीन अपने परिजनों के नाम पर लिया है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराध से करोड़ो की संपति करने वाले इस अपराधी के खिलाफ संपत्ति के जांच के लिए संबंधित विभाग को भी लिखेंगे।

## उपायुक्त ने कोषागार कार्यालय में पकड़ी गड़बड़ी, सुधार के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को पुराने समाहरणालय स्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिट रिपोर्ट, पूर्व में दिये गए निर्देश के अनुपालन की रिपोर्ट, आगत निर्गत पत्रों की पंजी, डिपॉजिट रजिस्टर, स्पेसमेन सिग्नेचर पंजी, अलॉटमेंट पंजी, बिल्डिंग रेनोवेशन, सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक, सर्विस बुक, स्टाफ की संख्या, सभी स्टाफ की पंजी जांच, स्ट्रांग रूम के पंजी संधारण की जांच, फर्स्ट पेंशन पंजी, स्टॉक पंजी, वज्रगृह, सुरक्षा गार्ड, स्ट्रांग रूम, सहित अन्य कीमती सामान और कागजात का अवलोकन किया तथा उनकी पंजियों की मिलान किया। उपायुक्त ने निरीक्षण में कुछ खामियां पाई। उन्होंने कोषागार पदाधिकारी पंकज कुमार को सभी पंजियों के संधारण, कोषागार भवन, फर्नीचर, अग्निशमन एवं आइटी उपकरणों के रख रखाव में सुधार लाने की बात कही। साथ ही पूरे कार्यालय में कार्य से संबंधित साइन बोर्ड लगाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। मौके पर निदेशक डीआरडीए सह विशेष कार्य पदाधिकारी राजीव रंजन भी मौजूद थे।

# 156 युवकों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**नगर भवन में लगा रोजगार मेला, 453 युवा शॉर्ट लिस्टेड**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह नियोजनालय ने सोमवार को नगर भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले का उद्घाटन नियोजन पदाधिकारी प्रत्युष शेखर ने दीप जलाकर किया। मेला में गिरिडीह की छड़ फैक्ट्रियों के अलावा देश के कई आईटी सेक्टर से जुड़ी 21 कंपनियों ने हिस्सा लिया। अलग-अलग पदों के लिए छड़ कारखानों समेत देश के कंपनियों में दो हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जबकि 453 युवाओं को शार्ट लिस्टेड किया गया। प्राइवेट सेक्टर के जॉब के लिए 156 युवाओं को नगर भवन में ही नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मौके पर श्रम अधीक्षक के साथ नियोजन पदाधिकारी प्रत्युश शेखर ने करीब तीन दर्जन युवाओं को सांकेतिक नियुक्ति पत्र दिया। नियोजन पदाधिकारी प्रत्युश शेखर ने कहा कि रोजगार मेला का आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्राईवेट सेक्टर से जुड़ कर नौकरी करने और अनुभव लेने के लिए युवाओं को मौका देना है। कहा कि देश में प्राइवेट सेक्टर में जॉब की कोई कमी नहीं है। हर युवा खुद को स्किल डेवलपमेंट से जोड़े और हुनरमंद बने।

### अवैध कोयला खनन के खिलाफ चला अभियान

**गिरिडीह।** कोयला के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस और सीसीएल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को कई अवैध खंतों की डोजरिंग की। मुफस्सिल थाना पुलिस और सीसीएल के सिक्यूरिटी प्रभारी ने बनियाडीह के इलाकों में कोयला तस्करों द्वारा बनाए गए करीब 20 से अधिक खंतों की डोजरिंग की। बनियाडीह के बाद सीसीएल के ही ओपेनकॉस्ट कोयला खदान के समीप भी दर्जन भर से अधिक खंतों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान खंतों के भीतर से आवाज आने पर कोयला चोरों को बाहर निकलने का निर्देश दिया गया। कोयला चोर गुफानुमा खंतों के दूसरे छोर से फरार हो गए। कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान ने तस्करों और उसके सिडिकेंट को हाल के दिनों में बड़ी आर्थिक चोट दी है।

### सात घंटे ठप रही ईसीएल की ट्रांसपोर्टिंग आश्वासन पर हुई शुरू

**मैथन।** बेवजह हाइवा चालकों को परेशान करने तथा बरमुड़ी कोलियरी से कोयला ढुलाई में अकारण परेशानी खड़ी करने के विरोध में हाइवा मालिक सह भाजपा नेता संजय सिंह ने सोमवार को ईसीएल सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग की ट्रांसपोर्टिंग लगभग 7 घंटे तक बंद कर दी। आंदोलन का हाइवा चालक एवं खलासी ने भी समर्थन किया। बाद में कोलियरी प्रबंधन कोलियरी लोडिंग पॉइंट में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होने देने के आश्वासन के बाद ट्रांसपोर्टिंग शुरू हुई। संजय सिंह ने कहा कि बरमुड़ी कोलियरी से सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में कोयला ढुलाई में लगे हाइवा चालकों को कोई न कोई आरोप लगाकर विगत 3 महीने से बीसीकेयू नेता रामजी यादव, रोशन मिश्रा आदि कभी हाइवा में खलासी नहीं है, त्रिपाल नहीं बंधा है जैसे कारण बताकर परेशान कर रहे हैं।

# पांडेडीह में गोफ बनने से लोगों में दहशत

**लगातार गैस और धुआं निकलने से जीना मुहाल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** तेतुलमारी थाना अंतर्गत बीसीसीएल क्षेत्र संख्या चार के पांडेडीह एनटीसी 4 नंबर बस्ती में रविवार देर रात भू धंसान से यहां के लोगों में दहशत का माहौल है। आसपास के लोगों के अनुसार जोरदार आवाज के साथ जमीन में गोफ बन गया तथा उससे गैस निकलने लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोफ बनने से उनकी रातों की नींद गायब हो गई है। गैस से जीना मुहाल हो रहा है। बताते चलें कि उस स्थल पर पहले भी भू धंसान की घटना हो चुकी है। प्रबंधन द्वारा भराई किये जाने के बाद अब बरसात में पुनः भू धंसान हुई। बताते हैं कि उक्त स्थल पर एक बड़ा गोफ बन गया है तथा उससे लगातार धुआं निकल रहा है। आसपास के 7-8 घरों के लोगों में भारी दहशत है। गोफ बनने की सूचना मिलने पर पूर्व पार्षद छोटू सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी बीसीसीएल अधिकारीयों को दी है।

## नगर निगम क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद के प्रचार-प्रसार पर होगी कार्रवाई

**डीडीसी ने दिये निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार 08 जुलाई को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत गिरिजा शंकर प्रसाद उप विकास आयुक्त बोकारो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का बैठक आयोजन किया गया। जिसमें बोकारो जिला में चल रहे तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में अभी तक की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत जिला परामर्शी मो0 असलम व सीड्स संस्था के प्रतिनिधि रिम्पल झा के द्वारा कोटपा.2003 के विभिन्न धाराओं का अनुपालन करने हेतु गठित जिला अनुमण्डल व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ साथ थाना स्तर पर अभी तक किये गये चालान की जानकारी साझा की गई। जिसमें थाना स्तर पर चालान की संख्या को बढाने के लिये कहा गया।उप विकास आयुक्त द्वारा नगर निगम चासध्नगर परिषद फुसरो क्षेत्र में सिगरेट के प्रचार प्रसार हेतु लगे पोस्टर को दुकानों से हटाये जाने हेतु अभियान चलाने को कहा गया साथ ही नगर निगम क्षेत्र में कोटपा.2003 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु चलान करने को कहा गया। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त घोषित करने के लिये प्रखण्ड स्तर पर तम्बाकू नियंत्र समन्वय समिति का गठन एवं बैठक 15 दिनों के अन्दर करने हेतु निर्देश दिया गया।

# लोको पायलट दंपति को चोर ने मारा चाकू

**पति-पत्नी रेलवे अस्पताल धनबाद में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** गोमो के लोको बाजार स्थित रेल कॉलोनी में रविवार की रात लगभग 2.30 बजे सहायक लोको पायलट के क्वार्टर चोर घुस आए। एक चोर ने चाकू मार कर सहायक लोको पायलट रोशन कुमार और उनकी पत्नी नुपुर कुमारी को घायल कर दिया । दोनों रेलवे अस्पताल में भर्ती हैं। घटना हरिहरपुर थाना अंतर्गत लोको बाजार में मस्जिद के समीप की है। भुक्तभोगी सहायक लोको पायलट ने बताया कि रात लगभग ढाई बजे क्वार्टर की दीवार फांद कर एक शख्स आ घुसा और बीच के ग्रिल गेट को खोलकर बेडरूम में पहुंच गया। सोयी अवस्था में उनकी गर्दन पर चाकू से वार किया, परंतु तभी उनकी आंख खुल गई। उन्होंने बताया कि अचानक कमरे में अज्ञात व्यक्ति को देख वह भयभीत हो गए। तभी पत्नी भी जग गई और उसने चोर को पकड़ने का प्रयास किया। तभी उस व्यक्ति ने रिवाल्वर निकाल कर फायर किया, हालांकि उससे गोली नहीं निकली। रिवाल्वर नकली था यह समझते हुए उसे पकड लिया। फिर तो उठा पटक और मार पीट होने लगी। इसी बीच उसने चाकू निकाल कर वार कर दिया, जिससे उनका हाथ व गर्दन का कुछ हिस्सा कट गया।

### पत्नी के कंधे और पैर में लगा है चाकू



भुक्तभोगी ने बताया कि उनकी पत्नी नूपुर कुमारी को भी कंधे और पैर में चाकू लगा है। मौका मिलते ही चोरी करने आया व्यक्ति घायल अवस्था में भाग निकला। उसने काले रंग का कपडा पहन रखा था। उठा पटक में वह घायल हो गया। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि उसका दूसरा साथी क्वार्टर के बाहर निगरानी कर रहा होगा। सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची और में पड़ताल में जुट गई। घायल दंपति का इलाज रेल अस्पताल धनबाद में हो रहा है। गोमो में लगातार चोरी से लोग दहशत में हैं, जबकि पुलिस इन घटनाओं पर काबू पाने में विफल रही है।

## एक नजर में

### एसडीएम व उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण



**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर सोमवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विस्पुते और उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथु महतो ने गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारी शहर के शासीनगर स्थित मतदान केंद्र संख्या 17 और 18 का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत लो परसेंटेज वाले बूथों पर विशेष फोकस किया गया है। उन बूथों पर जागरुकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।। कुछ मतदाताओं से मिलकर उन्हें प्रपत्र 6, 7 और 8 के बारे में जानकारी दी और निर्वाचन प्रणाली की महत्ता की भी जानकारी दी। बताया कि एक जुलाई 2024 अर्हतायुक्त व्यक्ति फॉर्म 06 भर सकते हैं।

### मुगमा के सक्षम उद्योग कोल भट्ठा में टास्क फोर्स ने की छापेमारी, तस्करों में हड़कंप



**मैथन।** जिला के खनन टास्क फोर्स ने निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्थित सक्षम उद्योग कोल भट्ठा में सोमवार को छापा मारा और भारी मात्रा में कोयला जब्त किया है। खनन टास्क फोर्स की इस छापेमारी से क्षेत्र के कोयला तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है। छापेमारी टीम का नेतृत्व कर रहे जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकार ने बताया कि उपायुक्त के आदेश पर सक्षम उद्योग में छापेमारी की गई है, जहां भारी मात्रा में कोयला सहित दो ट्रक जब्त किया गया है। जब्त कोयला ईसीएल को सौंप दिया गया है। छापेमारी में सीआईएसएफ और निरसा पुलिस की टीम भी थी। भट्ठा की जांच की जा रही है। इसके बाद इसके मालिक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां पर कच्चा कोयला को पोड़ा बना कर अन्य जगहों पर भेजा जाता था। जब्त कोयले का वजन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# झरिया में जीत का मतलब झारखंड में भाजपा की सरकार : दीपक प्रकाश

**धनबाद में माफिया राज पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा : ढुल्लू महतो**

खबर मन्त्र संवाददाता




**जोड़ापोखर।** अनिल टॉकीज में भाजपा ने सोमवार को अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा की। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुजीत सिंह ने की। सभा में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रभारी दीपक प्रकाश ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में जीत का मतलब झारखंड में भाजपा की सरकार। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में बंगलादेशी घुसपैठिये आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं। न्यायालय ने उन्हें बाहर करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि धनबाद के सांसद जनता की सेवा का संकल्प पूरा करेंगे। कहा कि प्रदेश में भाजपा ने 14 में से 9 लोक सभा सीट जीती है, जबकि इंडिया गठबंधन को 5 सीट पर सफलता मिली है। उसके 5 मंत्री चुनाव हार गए हैं। हेमंत सोरेन आननफानन मुख्यमंत्री बनने में सफत हो गए हैं, जो अब तक के सबसे भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री हैं। विधानसभा चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। दीपक प्रकाश ने कहा कि राहुल गांधी हिन्दू समाज को हिंसक बता रहे हैं। अब जो भी हिंदू समाज के हित की बात करेगा, वही देश में राज करेगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सांसद ढुल महतो ने कहा कि धनबाद में माफिया राज पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव में सभी 6 सीटों पर पार्टी जिसको भी टिकट देगी, उन्हें जीता कर दिखा दूंगा। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस राज तंत्र की मानसिकता में चुनाव लड़ती है, जबकि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है।

### झरिया में कार्यकर्ता हैं मजबूत : रागिनी

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता बहुत मजबूत है। अगला विधायक भाजपा का होगा। वर्तमान विधायक का गुंडा राज खत्म होगा। केंद्रीय समिति सदस्य योगेंद्र यादव ने कहा कि झरिया में भाजपा का वोट बढ़ा है, जिससे साबित होता है कि यहां का अगला विधायक भाजपा का ही होगा। सभा को संबोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष श्रवण राय, सरोज सिंह, राजकुमार अग्रवाल, महाबीर पासवान, बिष्णु त्रिपाठी, शैलेश सिंह आदि शामिल हैं। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक पांडेय ने किया। सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सहायक अध्यापक 20 जुलाई को घेरेंगे मुख्यमंत्री का आवास

**धनबाद।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अपनी एक मात्र वेतन की मांग को लेकर मोर्चा ने आंदोलन की घोषणा की है। 20 जुलाई को राज्य के 62 हजार सहायक अध्यापक मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे। यह जानकारी राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे व निरंजन दे ने संयुक्त रूप से दी और आंदोलन को सफल बनाने के लिए 15 जुलाई को धनबाद जिले के तमाम प्रखंडों में बैठक होगी। मौके पर नीरज कुमार मिश्रा, सुभाष चटर्जी, मनोज साहनी, सरजीत पाल, गोरखनाथ गुप्ता, संतोष महतो मौजूद थे।

### कतरास लायंस क्लब ने किया वृक्षारोपण

**कतरास।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सोमवार को लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनियल के सदस्यों ने डुमरा स्थित जगदम्बा पेट्रोल पम्प के समीप वृक्षारोपण किया। सदस्यों ने 20 फलदार वृक्ष लगाए। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष लक्ष्मण रवानी, सचिव बबलू मिश्रा, कोषाध्यक्ष बिनोद मिश्रा, उपाध्यक्ष शशिकांत शरण, पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष एम जे एफ मदन मोहन, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार मौजूद थे।

### मां तारा ज्वेलर्स दुकान का हुआ उद्घाटन

**कतरास।** हरिना बजरंगबली मंदिर के सामने मार्केट में एक्सिस बैंक एटीएम की बगल में मां तारा ज्वेलर्स दुकान का उद्घाटन सोमवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के अग्रज शरद महतो ने किया। दुकान संचालक गुड्डू कुमार सोनी ने बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। मौके पर संतोष गोराई, दामोदर महतो, गौतम पांडे, गंगा रवानी, ब्रजेश पांडे, पवन सोनी, पिंकू सोनी, दीपक कुमार सोनी, मूरली प्रसाद सोनी आदि मौजूद थे।

### नया ट्रांसफर के लिए ग्रामीणों ने ठप किया खुदिया कोलियरी का उत्पादन

**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की खुदिया कोलियरी के आवासीय परिसर का एक सौ केवीए ट्रांसफॉर्मर जल जाने के बाद नये ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने कोलियरी का उत्पादन ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का नेतृत्व जिप सदस्य संजय सिंह उर्फ पिंटू, बीसीकेयू के शंकर सिंह, नन्हे चौहान व इतवारी कुर्मी कर रहे थे। लगभग तीन घंटे बाद कोलियरी प्रबंधन द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का काम शुरू करने के बाद ग्रामीण शांत हुए तथा उत्पादन शुरू हुआ। लगभग तीन घंटे तक कोलियरी का उत्पादन ठप रहा। ग्रामीणों ने कहा कि बीते दिनों खुदिया कोलियरी के आवासीय परिसर में लगे 100 केवीए का ट्रांसफॉर जल गया था। ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण उमस भरी गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार प्रबंधन से नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग करने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। मजबूर होकर कोलियरी का उत्पादन बंद कर प्रदर्शन करना पड़ा।

### मिडिल स्कूलो में डिजीटल स्मार्ट क्लासेज का उद्घाटन

**बेरमो।** बोकारो थर्मल में देश का पहला विधुत पावर प्लांट दामोदर घाटी निगम का आज 77 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर डीवीसी उच्च विद्यालय एवं डीवीसी मध्य विद्यालय में डिजिटल स्मार्ट क्लासेस का उदघाटन परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसादए डीजीएम बी जी होलकर और सिविल बी गोस्वामी के द्वारा किया गया। मौके पर स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को कहे कि डिजिटल स्मार्ट क्लासेस का होना आज के आधुनिक युग में अति आवश्यक है जो आधुनिक माध्यम का ज्ञान हासिल करा सकता है।

# सामाजिक विकास में भी डीवीसी का है अमूल्य योगदान : माधवी मिश्र

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवस समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** डीवीसी के स्थापना दिवस समारोह का समापन रविवार को देर शाम मैथन वेलफेयर सेंटर में हो गया। समारोह में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए जो देर रात तक चला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि धनबाद की डीसी माधवी मिश्र ने कहा कि मैथन डैम न केवल धनबाद व झारखंड की, बल्कि सारी सृष्टि की धरोहर है। उन्होंने कहा कि धनबाद जिला में बीसीसीएल के बाद डीवीसी दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संस्थान है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। धनबाद जैसे जिले के विकास में भी डीवीसी की सकारात्मक भूमिका रही है। उन्होंने डीवीसी के सभी कर्मियों को बधाई दी और कहा कि ऊर्जा के साथ डीवीसी का सामाजिक विकास में भी अमूल्य योगदान है।

इससे पहले डीवीसी मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने मुख्य अतिथि माधवी मिश्र को प्रशस्ति पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। करीब तीन घंटे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को सम्मानित किया गया। विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में सफल छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

मौके पर संजीत सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, अभिजीत चक्रवर्ती, बीसी कुजूर, पार्थ सारथी मुखर्जी, लोमस कुमार, दीपनारायण पटेल, अनुप पुरकायस्थ, राम स्नेह शर्मा, वंदन कुमार, डॉ संघमित्रा नंदी, अरविंद सिंह, कौशलेंद्र कुमार, डॉ. यू कुमार, रौशन लकड़ा, ऋषभ दुगड़, ददन सिंह, अल्तमस हयात सहित भारी संख्या में डीवीसी कर्मी मौजूद थे।

### चुनाव संबंधी सड्डी कार्य 24 जुलाई से पहले करें पूरा : बीडीओ

**मैथन।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में सोमवार को निर्वाचन कार्य को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की बैठक बीडीओ मधु कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड के सभी 162 बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद थे। बीडीओ ने हाउस टू हाउस ओल्ड सर्वे अब्सेंट, शिफ्ट और डेट मतदाता का बीएलओ एप में अपलोड करने की समीक्षा की। एप में अपलोड करने की धीमी गति को लेकर बीडीओ ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द कंप्लीट किया जाए।

बीडीओ ने कहा कि नए वोटरों का नाम 24 जुलाई के पहले एप में अपलोड करें। कहा कि 1 जुलाई तक जिनकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उनका नाम वोटर लिस्ट में अविलंब जोड़ें। उनका नाम भी 24 जुलाई के पहले वोटरलिस्ट मे दर्ज कर लें। बैठक में बीएलओ सुपरवाइजर पंकज कुमार सिंह, योगेश दत्ता, कालीचरण कुमार, प्रमोद कुमार झा, चंदन मिश्रा, राजीव गोप, छत्रपति शिवाय किस्कू थे।

# बेहतर झारखंड संस्था ने युवाओं के साथ किया संवाद

## पलायन रोकने की जरूरत बताइ



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बेहतर झारखण्ड संस्था की ओर से सोमवार को सर्किट हाउस में युवाओं के साथ संवाद किया गया। इसमें विड्डिन्न कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने अपने करियर में आने वाली समस्याएं गिनाई और नौकरी की तलाश में पलायन को रोकने की बात कही। संस्था के संस्थापक मयूर शेखर झा ने कहा कि हमलोग बेहतर आइडिया की खोज कर रहे हैं, ताकि ऐसे युवाओं की मदद कर उन्हें आगे बढ़ा सकें। चाहते हैं कि कम से कम अगला 25 अरबपति धनबाद का हो, जो यहीं रह कर बने। श्री झा ने कहा कि धनबाद से इस बार लगभग सौ छात्रों को छात्रवृत्ति अभियान के अतिरिक्त चुना गया है, जिसकी सूची एक-दो हफ्ते में आएगी। वर्षों में तीन हजार बच्चों को यह स्कॉलरशिप मुहैया कराई जाए। बी.एस.एस. महिला कॉलेज, लॉ कॉलेज, गुरुनानक कॉलेज, एस एस एल एन टी कॉलेज के छात्र शामिल थे।

# उपायुक्त ने दिया जर्जर कला भवन की मरम्मत का आदेश



**धनबाद।** लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला ड्डावनन के दिन बदलने वाले हैं। ड्डावनन की मरम्मत सहित उसके रंग रोगन का काम जल्द शुरू होगा। साथ ही ड्डावन में मल्टी जिम की सुविधा ड्डी युवाओं को मिलेगी। यह जानकारी डीसी माधवी मिश्रा ने ड्डावन के निरीक्षण के दौरान दी।

उन्होंने इंडोर स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन थिएटर, कार्यालय कक्ष समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया। ड्डावन की जर्जर स्थिति को देखते हुए ड्डावन प्रमंडल के कार्यपालक अड्डियंता को मरम्मत कार्य का एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कला ड्डावन परिसर में जल जमाव की शिकायत को लेकर ड्डी कार्यपालक अड्डियंता को समाधान के लिए कहा गया है। उन्होंने मल्टी जिम के लिए आए उपकरण को जल्द लगवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने कार्यक्रम हेतु कला भवन की बुकिंग, आय-व्यय, ऑडिट साफ-सफाई समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

मौके पर निदेशक डीआरडीए सह विशेष कार्य पदाधिकारी राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल चंदन कुमार मौजूद थे।

### लोगों को स्वस्थ जीवन शैली का पाठ पढ़ना ही अपना लक्ष्य- अशोक वार्ष्णेय



**धनबाद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ झारखंड के पूर्व प्रांत प्रचारक एवम आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव सह आयुष मंत्रालय के सलाहकार अशोक कुमार वार्ष्णेय ने आरोग्य भारती के कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हम समाज के हर वर्ग को संगठन से जोड़ कर उन्हें स्वस्थ जीवन शैली का पाठ पढ़ा सकते हैं और स्वस्थ रखने का कार्य भी कर सकते हैं ।

बैठक का आरंभ भगवान धन्वंतरि के पुष्पार्पण एवं धनवंतरी स्तवन के साथ हुआ। संचालन प्रांत के सह सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह ने एवं धनवंतरी स्तवन का पाठ रमा सिन्हा ने किया। डॉ विकास रमन की अध्यक्षता में हुई बैठक के उपरांत भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के उपलक्ष्य पर पौधा रोपण भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला के सचिव पीएम सिंह पर्यावरण प्रमुख झारखंड अरुण राय सुनील सिंह अमित सिंह मधु अनिल सिन्हा, सिन्हा, शोभा गुप्ता , शकुंतला, गीता गोस्वामी, नीलाम उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### गोविंदपुर में मुहर्रम का जुलूस किसी मंदिर के आगे से नहीं गुजरेगा : इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद



**गोविंदपुर ।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र का कोई भी मुहर्रम का जुलूस किसी मंदिर के आगे से नहीं गुजरेगा। पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का इस वर्ष भी निर्वाह किया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद की अध्यक्षता में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में लिया गया। डीजे नहीं बजाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिप सदस्य सोहराब अंसारी, अख्तर हुसैन अंसारी, जेई सुनील कुमार, हफीजुद्दीन अंसारी, बलराम साव, तासीर अंसारी एजाज अहमद, रतिरंजन गिरि, वीरेंद्र रजक, ओमप्रकाश बजाज, मोइन अंसारी, रहमत अंसारी, राजा दास आदि मौजूद थे।

### हिट एंड रन को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**गिरिडीह ।** सड़क हादसे में मौत को लेकर हिट एंड रन की जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को जागरुकता अभियान शुरू किया गया। डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी ने कर्मियों के साथ बैठक के साथ ही हिट एंड रन में मारे गए लोगों के परिजनों से भी कई जानकारी ली। वह हिट एंड रन के शिकार एक व्यक्ति के परिजनों प्रीति कुमारी और ननकी देवी से भी मिले और बताया कि उनके बैंक खाते में जल्द ही बतौर मुआवजा दो लाख रुपये ट्रांसफर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले लोगों को जागरूक करना जरूरी है।

### उप विकास आयुक्त ने सीएससी वीएलई के योगदान का महत्व बताया

**धनबाद।** पंचायती राज विभ ाग के आदेश पर सोमवार को न्यू टाउन हॉल में डिजिटल पंचायत योजनांतर्गत चयनित वीएलई को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के 256 वीएलई शामिल हुए। उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में सीएससी वीएलई का अहम योगदान है। प्रशिक्षण के कुल सात सत्र आयाजित किये गए। वीएलई को मास्टर ट्रेनर राजू कुमार, डीजीग्राम ट्रेनर, और जिला प्रभारी डीजीग्राम सरफराज अंसारी, सीएससी जिला प्रबंधक सुनील कुमार और अंजर हुसैन अंसारी ने डिजिटल सेवा की जानकारी दी।

### एशियन जालान में शुरू हुई आधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस सेवा



**धनबाद।** जीवन रेखा ट्रस्ट द्वारा संचालित शहर के सुपर स्पेशियालिटी एशियन जालान अस्पताल में मरीजों की सेवा के लिए दो एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश कुमार गुटगुटिया व सचिव राजीव शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। सचिव ने बताया कि इस एंबुलेंस में जीवन रक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह मरीजों को घर से अस्पताल पहुंचाने में कारगर साबित होगा। सस्ती दर पर यह सुविधा मिलेगी। मरीजों को यह सुविधा 24 घंटे 7 दिन मिलेगी। आवश्यकता पड़ने पर 7004225820 पर संपर्क किया जा सकता है। यह धनबाद का पहला ईको सिस्टम से लैस एंबुलेंस है, जिसमें मॉनिटर सहित, जंबो सिलेंडर, कार्डियक स्ट्रेचर उपलब्ध है। ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम(जीपीएस) से लैस है, जिससे इसकी रियलटाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। यह सेवा सुबाष चौधरी व शंभूनाथ अग्रवाल के सहयोग से शुरू की गई है। उन्होंने कहा उच्चस्तरीय एवं किफायती स्वास्थ्य सेवा के लिए हमलोग हमेशा तत्पर हैं। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अरविंद डालमिया, केशव हरोदिया, सुनील तुलस्यान, संजीव अग्रवाल, डीएन डोकानिया, दिनेश हेलिवाल, उदय प्रताप सिंह, विकास अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण मित्र संयोजक ने कुलपति को भेंट किया पौधा

**धनबाद।** बिनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) की ओर से सभी कॉलेजों में चलाये जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए पर्यावरण मित्र संयोजक सुधा राजस्वी मिश्रा ने सोमवार को कुलपति पवन कुमार पोद्दार एवं विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रमों का फोटो फ्रेम एवं पौधा प्रदान किया। कुलपति ने पर्यावरण मित्र संयोजक के भगीरथ प्रयास की सराहना करते हुए इस तरह के जनहित कार्यों में सदैव सहयोग करने की बात कही। डीएसडब्ल्यू पुष्पा कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जरूरत है।

# काला हीरा का आठवां ऑल इंडिया मल्टी कंपीटीशन 13 जुलाई से

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** काला हीरा का आठवां ऑल इंडिया मल्टी लिंगुअल डांस, ड्रामा, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपीटीशन, 13 जुलाई से 16 तक कोयला नगर कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जायेगा। इसमें करीब 10 राज्यों के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले सात वर्षो में इस मंच पर कलाकारों ने अपने दमदार प्रस्तुति से राष्ट्रीय स्तरीय पर ख्याति प्राप्ति की है। यह ईस्टर्न जोन का सबसे बड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम साबित हुआ है। आयोजन में बीसीसीएल प्रबंधक, स्थानीय विधायक और धनबादवासियों का ड्डारपूर सहयोग मिलता रहा है। उम्मीद है कि यह सिलसिला कायम रहेगा।

# भाजयुमो ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को निरसा प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे मौजूद थे। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल सीओ इंद्रलाल ओहदार से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। सीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार में लूट की छूट मिली हुई है। लूट में मंत्री से लेकर पदाधिकारी तक सड्डी की हिस्सेदारी तय है। जनता से न तो सरकार को कोई लेना देना है और ना ही पदाधिकारियों को।

वक्ताओं ने कहा कि जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने में पैसे के लिए विलंब किया जाता है। इस तरह दाखिल खारिज बगैर पैसों के नहीं किया जाता। पंजी 2 में ऑनलाइन नाम दर्ज कराने में ड्डी पैसे की मांग की जा रही है। निरसा सीएचसी में चिकित्सक नहीं रहते तथा दवा की घोर कमी है।

प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में व्याप्त ड्डष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई। निरसा अंचल अंतर्गत थाने एवं ओपी में जनता की बात सुनी जाए तथा उसका समाधान किया जाए।

### नगर परिषद ने स्कूलों में किया पौधरोपण



**मैथन।** पर्यावरण पखवाड़ा के तहत चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में सोमवार को पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में सभी तरह के फलदार पौधे लगाए गए। चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित लोयला स्कूल के प्रांगण में सौ पौधे लगाए गए। स्कूल के प्राचार्य जानी पी देवासिया, शिक्षिका व बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके पूर्व नंदलाल इंस्टीच्यूसन उच्च विद्यालय, सेंट मैरी स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने बताया कि पर्यावरण पखवाड़ा के तहत चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा क्षेत्र में पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। मौके पर मुकेश निरंजन, अनिल साव, अमर दास, चिनमय बनर्जी, ओंकार नाथ श्रीवास्तव, बैजू साव, अनुप कुमार मौजूद थे।

# ऑब्लाइज ने मनाई 24 वीं वर्षगांठ

## पूर्व सांसद पी एन सिंह ने उत्कृष्ट सेवा के लिए बधाई दी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ स्थित ऑब्लाइज शॉप की 24वीं वर्षगांठ सोमवार को मनाई गई। पूर्व सांसद पीएन सिंह एवं संचालक के पिता जगदीश लाल अरोड़ा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद ने उत्कृष्ट सेवा के लिए संचालक को बधाई दी।

बैंकमोड़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सह दुकान के संचालक सुरेंद्र अरोड़ा ने बताया कि आब्लाइज का चौबीस वर्ष पूर्व सीबीआई डीआईजी राकेश अस्थाना ने किया था। तब से यह प्रतिष्ठान ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। आब्लाइज बैंक मोड़ और ब्रह्मदेव चैम्बर एक्सिस बैंक के पास कोला कुसमा में सभी प्रकार की देवी देवताओं की मूर्तियां एवं ग्रीटिंग कार्ड का संग्रह उपलब्ध है। वर्षगांठ पर पन्द्रह जुलाई तक सभी सामानों की खरीद पर दस प्रतिशत की छूट दी गई है। जिला चैम्बर अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, अशोक अरोड़ा, बैंक मोड़ अध्यक्ष प्रमोद गोयल, टिंबर अध्यक्ष बाबूलाल पटेल, शेखर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, मोंटी अरोड़ा, लक्षित अरोड़ा, श्यामा अग्रवाल, अक्षत अरोड़ा, गीता

# जागृत मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुआ रुद्र व चंडी महायज्ञ पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद ।** जागृत मंदिर चीरागोड़ा मे चल रहे नौं दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप के परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी ।

मंदिर प्रांगण में सुबह छह बजे यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री ,रतन पांडे ,सौरभ दुबे ,विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे ,ऋषभ कुमार ,सुमन पांडे ,श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे, द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह 6:00 बजे से यज्ञ मंडप में वेदी पूजन ,मंडप पूजन, कुंड पूजन हुआ । सुबह से ही यज्ञ मंडप के परिक्रमा के लिए महिला, पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ मंडप में उमड़ पड़ी । माता के जयकारों के साथ परिक्रमा लगातार चलता रहा ।

परिक्रमा के बीच वाराणसी से आए विद्वानों के द्वारा रूद्र व चण्डी पाठ किया गया। वैदिक मंत्र व चंडी पाठ से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया ।गोधूलि बेला मे यज्ञ मंडप में आरती हुई । यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि मंगलवार 9 जुलाई को विद्वानों के द्वारा रुद्र व चंडी पाठ होगा समस्त आवाहित देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन होगी, तत्पश्चात हवन होगा । जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण , बजरंग बली , शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में 15 जुलाई 24 को दोपहर 3:40 में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसरमें प्रत्येक दिन संध्या में भजन, किर्तन, व संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जा रहा है।

# बेरमो एसडीओ ने रूबी कॉल फैक्ट्री में मारा छापा, पांच सौ टन कोयला जब्त, दो गिरफ्तार

**छापेमारी टीम ने 4 पिक अप वैन, 3 ट्रक, एक मेक्सिको वाहन, 1 बाइक जब्त किया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला का कारोबार चल रहा है इस मामले से पर्दा तब हटा जब बेरमो एसडीओ ने देर रात नावाडीह थाना क्षेत्र में स्थित रुबी कोल फैक्ट्री में छापेमारी। छापेमारी के बाद अवैध कोयला के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। ज्ञात हो कि बेरमो एसडीओ अशोक कुमार नावाडीह थाना से कुछ दूरी पर चिरुडीह पेट्रोल पंप के निकट रूबी कॉल ब्रिकेट्स में छापेमारी की। इस दौरान नावाडीह के बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम और सीओ अभिषेक कुमार भी साथ थे। इस संबंध में एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि फैक्टरी में सैकड़ों टन कच्चा और पोड़ा कोयला जमा था। करीब पांच सौ टन कोयला जब्त किया गया है। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले के विरोध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मौके पर छापेमारी टीम ने 04 पिक अप वैन, 03 ट्रक, एक मेक्सिको वाहन, तीन बाइक को जब्त किया गया है। छापेमारी के दौरान फैक्टरी में मौजूद कर्मचारियों से कागजात मांगे गए, लेकिन वे तत्काल फैक्टरी में कागजात दिखाने में असमर्थ रहे।उन्होंने बताया कि पहले से ही सूचना मिल रही थी कि नावाडीह थाना क्षेत्र में अवैध रूप से कोयला का कारोबार किया जा रहा है। उसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार चलने नहीं करने दिया जाएगा।

कोयला का सेंपल की होगी जांच-एसडीओ ने बताया कि फैक्टरी में जो कोयला मिला है वह किस कोलियरी का है, उसकी जांच कराई जाएगी। इसके लिए कोयला का सेंपल लिया गया है।

# महगामा विधायक दीपिका के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी





मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करती महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सोमवार को झामुमो की हेमंत सरकार मे गोड्डा लोक सभा के महगामा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कांग्रेस पार्टी के कोटे से मंत्री बनी।

मंत्री पद की शपथ लेते ही गोड्डा जिला कांग्रेस कमिटी दिनेश प्रसाद यादव के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ता कारगिल चौक पर एकत्रित होकर खूब पटाखे छोड़े और लड्डू खाने और खिलाने का कार्यक्रम किया। कार्यकर्त्ता काफी उत्साहित थे उन्होंने कहा पहली बार गोड्डा जिले से राज्य सरकार मे मन्त्री बनने वाली विधायक हैं। उनके कृतित्व और ब्यक्तित्व के मुताबिक उन्हें मंत्री का पद मिलना ही था।

इसके लिए हेमंत सोरेन को धन्यवाद देता हूं जो दीपिका पांडे सिंह मंत्री पद देकर राज्य की जनता का सेवा करने का अवसर दिया है।

## स्पीड न्यूज

### गोमिया में दो अज्ञात शव बरामद



बेरमो/गोमिया। बेरमो अनुमंडल के गोमिया और आईईएल थाना क्षेत्र में अलग अलग दो अज्ञात शव बरामद किया गया है। एक व्यक्ति की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हुई है, वहीं दूसरा शव कोनार नदी से बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि गोमिया थाना क्षेत्र के हजारी मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के निकट रविवार की रात को एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला। गोमिया थाना की पेट्रोलिंग पार्टी ने उसे तत्काल गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकिसकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल बोकारो भेज दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस उसकी पहचान के लिए जांच पड़ताल कर रही है। दूसरा शव सोमवार की अहले सुबह ससबेड़ा पंचायत के चिरुबदार स्थित कोनार नदी में झाड़ी में फंसा हुआ एक व्यक्ति का शव देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आईईएल थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बरामद किया। पानी में रहने के कारण शव फूल गया है। उसकी भी पहचान के लिए पुलिस लगी हुई है।

### ड्रग्स का इस्तेमाल करते हुए युवक धराया



महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सिनेमा हॉल के पास पश्चिम बंगाल निवासी एक युवक को ओलीउल्लाह, ड्रग्स का इस्तेमाल करते पुलिस ने रंगे हांथ धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासी ओलीउल्लाह एक युवक सिनेमा हॉल के समीप बैठकर सिस्पोजल सिरिंज से ड्रग्स का नाशा ले रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों की नजर उस पड़ी तो पास जाकर देखा वह युवक अक बका सा करने लगा तभी एकाएक ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूछताछ करने लगा। इस दौरान सिरिंज से इंजेक्सन ले रहे युवक ने बताया कि यह ड्रग्स है और यह सिरिंज के जरिये लिया जाता है जिससे काफी नाशा होता है। उन्होंने पूछताछ के क्रम में ये भी बताया कि पश्चिम बंगाल से लाकर महेशपुर में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। एएसआई जय शंकर राम दलबल के साथ पहुंचकर दबोच कर थाना ले गया।

### आसनसोल डिविजन के एडीआरएम ने स्टेशन का किया निरीक्षण

दुमका। आसनसोल डिविजन के एडीआरएम आशीष कुमार भारद्वाज ने सोमवार को दुमका रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। एडीआएम श्री भारद्वाज ने समृद्ध भारत के तहत बन रहे भवनों का निरीक्षण किया। एडीआरएम श्री भरद्धावज ने संबंधित संवेदक को जल्द से जल्द भवन का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभाग के पदाधिकारियों से कौन सा कार्यालय कहां शिफ्ट होगा, इस पर चर्चा किया। साथ ही किस प्रकार से पेंशनजरों की सुविधा में इजाफा हो, इस पर भी विस्तार से चर्चा किया। एडीआरएम भारद्वाज ने कोल साईडिंग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कोल साईडिंग में जल जमाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साईडिंग में पानी का जमाव नहीं होना चाहिए। साथ ही हर समय पानी का छिड़काव होता रहना चाहिए, ताकि कोयला का डस्ट हवा नहीं उड़े और आस-पास के लोगों को प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए यात्रियों के मूलभुत सुविधा पानी, शौचालय आदि सुविधाओं का खास ख्याल रखने का निर्देश दिया।

# बेरमो : शहरों और गांवों में रोजगार नहीं मिलने से युवा कर रहे हैं पलायन

**बढ़िया से रहियो बेटा, पहुंच के फोन करियो, हां मईया बेस के रहबो तोहनी बेस के रहियो**




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के ऊपरघाट मंडल क्षेत्र के विभिन्न गांव से बेरोजगार नौजवान एवं महिलाएं रोजगार न मिलने से पलायन कर रहे हैं, यह सिलसिला लगातार जारी, नौजवान रोजी-रोटी की तलाश में अपना परिवार, गांव, घर, खेत-खेलिहान छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि भले ही इस कड़वी सच्चाई को न स्वीकारें लेकिन इस सच्चाई को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ग्रामीणों की भीड़ देखी जा सकती है। यह झारखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। घर में खेती बाडी करके अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले किसान भी निराश है, बार-बार प्राकृतिक आपदाओं में कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि से फसलें तबाह होने का जो क्रम बना है उससे पलायन का सिलसिला और जोरों से बढ़ गया है। खेती से रोजी रोटी की जुगाड़ न होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव छोड़कर काम की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बोकारो,पारसनाथ व हटिया रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 300 से 400 परिवार काम की तलाश में मुंबई,चेन्नई, गुजरात,कलकत्ता बिशाखापटनम, आदि महानगरों के लिए पलायन कर रहे हैं,इस संबंध में दुःख व्यक्त करते हुए समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो ने बताया की हमारा झारखंड राज्य पुरा खनिज संपदा से भरा पुरा राज्य है, बावजूद बोकारो जिला सटे हजारीबाग, गिरिडीह क्षेत्र पुरा इंडस्ट्रियल एरिया है फिर भी यहाँ के युवा रोजगार के अभाव में दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं, झारखंड बनने के 24 वर्ष बित जाने के बावजूद भी इस राज्य की स्थिति जस की तस है। वही बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट क्षेत्र से प्रति दिन सैकड़ों नौजवान युवा एवं महिलाएं रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। पलायन कर रहे नौजवानों के प्रति दुःख व्यक्त करते हुए युवा समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो ने बोले की झारखंड राज्य अलग हुआ, तो हम सभी को विश्वास था कि अब हमें पलायन नहीं करना पड़ेगा लेकिन पलायन कई गुणी और बढ़ रही है, गांव गलियां सूनी हो गई हैं। अधिकांश क्षेत्र के नौजवान मुंबई, गुजरात,पुणे, हैदराबाद, दिल्ली, चेन्नई सहित अन्य महानगरों की ओर पलायन कर चुके हैं। गांवों में वृद्ध और बच्चे ही बचे हैं।

## बोकारो डीसी ने पूर्व डीएसडी पर एफआईआर का दिया निर्देश

**बोकारो।** चंदनकियारी में गोदाम से निकला अनाज रास्ते से गायब की शिकायत पर कई दिनों बाद पहुंचा अनाज से संबंधित मामले में डीएसओ के जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि पूर्व डोर स्टेप डिलीवरी मनोज महथा उर्फ भुवन महथा एवं सुमन महथा ने प्रखंड क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण प्रभावित करने विभाग की छवि को धूमिल करने को लेकर मेहंदी महिला मंडल समिति जन वितरण प्रणाली विक्रेता आद्राकुडी को दबाव में लेकर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। मेहंदी महिला मंडल समिति जन वितरण प्रणाली विक्रेता आद्राकुडी का बयान विरोधाभासी है। जिस पर उपायुक्त ने पूर्व डीएसडी के विरूद्ध भी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर सीओ को निर्देशित किया। सीओ रवि कुमार आनंद ने चंदनकियारी थाने में संलिप्त सभी रूपलाल दास, आसिफ इकबाल मेहंदी आद्राकुडी चंदनकियारी एवं सुशांत महतो वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## दुमका : पिस्तौल की नोक पर पशु व्यवसायी से करीब 1.5 लाख लूट

**पिता-पुत्र को मारपीट कर रुपए, एटीएम आदि लेकर लूटेरे हुए फरार**



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पिस्तौल की नोक पर दिनदहाड़े मारपीट कर करीब 1.5 लाख रुपया छिनतई कर लेने की मामला सामने आया है। अपराधियों ने घटना को अंजाम जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के छोटा चपुरिया एवं बेदिया के बीच स्थित जोड़ियां के समीप सोमवार अहले सुबह अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़ित बैल व्यापारी लियाकत खान ने अज्ञात छिनतई करने वाले अपराधियों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में दिए गए आवेदन के अनुसार जामताड़ा जिला के बाग डेहरी थाना क्षेत्र के लियाकत खान अपने बेटे सलीम खान के साथ ग्लेमर बाईक से पालोजोरी हाट बैल खरीदने जा रहा था। रास्ते में मसलिया थाना क्षेत्र बेदिया जोड़ियां के समीप सुबह करीब छह बजे पहुंचने पर देखा कि एक बोलोरो, एक नीला रंग का अपाची, काला रंग का बुलेट एवं ब्लू रंग का ग्लेमर बाईक (सभी बिना नंबर प्लेट का) के साथ 12-13 कि संख्या में लोग खड़ा थे। जो हाथ मे दातुन लेकर दांत साफ कर रहे थे। व्यापारी को आता देख वाहनों को लंबा कर खड़ा कर दिया। जिससे उसके बाईक की रफ्तार जैसे कम हुआ, उनमें से एक आदमी लाठी से बेटे सलीम खान के हाथ में वार दिया एवं एक अपराधी बेटे की कनपटी में पिस्तौल सटा दिया। इसी बीच तीन-तीन आदमी मिलकर दोनों बाप बेटे को पकड़ कर झाड़ी की तरफ लेकर गया। जहां बेटे सलीम को लाठी एवं लात घुसा से मारपीट करते हुए रुपया मांगने लगा। बेटे के साथ अपराधियों ने काफी मारपीट किया।

## पाकुड़ : विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रभारी ने की बैठक



**पाकुड़।** सोमवार को झारखंड प्रदेश महासचिव सह पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। विधानसभा चुनाव एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, प्रदेश सचिव सेमीनुल इस्लाम, 20सूत्री अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, मुख्तार हुसैन, असद हुसैन, शाहीन परवेज, अनूप सिंह, प्रमोद डोकानिया, पप्पू गंगवानी, रामविलास महतो, आमीर हमजा, बिलाल शेख, होबि शेख, मोजीबुर रहमान, मिरर्जाहन विश्वास, जोहुरुल इस्लाम, लड्डू शेख, मिथुन मरांडी, फिरोज आदि मौजूद थे।

# सभी इंडिकेटरों में लक्ष्य हासिल करें : उपायुक्त

**संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का शुभारंभ उपायुक्त विजया जाधव डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओपी गुप्ता ने सीएस डा दिनेश कुमार जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी एपीआरओ अविनाश कुमार समेत विभिन्न प्रखंडों से आंगनबाड़ी कर्मी/सेविका सहायिका आदि की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर डीसी श्रीमती जाधव ने कहा कि देश के सभी आकांक्षी जिला व आकांक्षी प्रखंडों में नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा बाल विकास परियोजना कृषि एवं आजीविका से संबंधित सूचकांकों पर कार्य किया जाना है। नीति आयोग ने जिले के गोमिया प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित किया है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा कार्य योजना बनाई गई है। सभी संबंधित विभागों को संपूर्णता अभियान के तहत जुलाई अगस्त एवं सितंबर कुल तीन माह के अंदर नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी छह इंडिकेटरों में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। उन्होंने अभियान के तहत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी छह इंडिकेटरों के तहत क्या करना है और कब तक कि विस्तृत जानकारी दी। मौके पर डीडीसी श्री प्रसाद ने संपूर्णता अभियान के सफल आयोजन को लेकर पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए एक्शन प्लान बनाकर उस पर योजनाबद्ध कार्य करने को कहा ताकि विकसित झारखंड/भारत का लक्ष्य पूरा हो सकें। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी को संपूर्णता अभियान के तहत इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लक्ष्य को लेकर प्रतिज्ञा दिलाई। मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार जिला डाटा प्रबंधक कंचन कुमारी नीति आयोग की तान्या गुप्ता पीरामल फाउंडेशन के बसंत कुमार पौलमी समेत विभागों के कर्मी उपस्थित रहें।


## AFFIDAVITE

I, Sarwan Kumar Goenka, S/o Ram Jiwan Agarwal, R/o Tundi Road, Barwadih, P.S. Giridih, Pin-815301, Jharkhand do hereby solemnly declare via affidavit No. 20 dated 03.05.2024, that my name is correctly mentioned in my Aadhaar Card (6527 8083 9463) and my PAN Card (ACEPG4684L). However, in my Passport, my name is mentioned as Shravan Kumar Goenka S/o RamJivan Goenka. This affidavit is sworn for the purpose of rectifying both my name and my father's name for all purposes.

## जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार

**आवश्यक सूचना**

महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, राँची, एवं पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) झारखण्ड, राँची के निर्देशानुसार देवघर श्रावणी मेला एवं मुहर्रम पर्व-2024 के अवसर पर भारी सख्या में गृह रक्षकों को विधि-व्यवस्था संधारण डियुटी में प्रतिनियुक्त करना है।

अत: लातेहार जिला के प्रभावित बल के वैसे महिला एवं पुरुष गृह रक्षक जो डियुटी पर नहीं है उन्हें सूचित किया जाता है, कि दिनांक-14.07.2024 तक झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय लातेहार में आकर उक्त डियुटी हेतु अपना अपना आगमन निश्चित रूप से कराना सुनिश्चित करें। जो गृह रक्षक डियुटी में नहीं है उपरोक्त डियुटी के लिए उपस्थित नहीं होते है वैसे गृह रक्षकों का पुनर्नामान रद्द करने की कार्रवाई की जा सकती है।

इसे अति आवश्यक समझा जाय।

पुलिस उपाधीक्षक (गु०).
-सह- जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार

PR 328952 Police (24-25)_D

## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या-03/2024-25**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में पठन-पाठन सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **20.07.2024** के पूर्वाह्न **11.00 बजे** तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक **20.07.2024** के अपराह्न **3.00 बजे** परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक
आई०टी०डी०ए०, लोहरदगा

PR 328979 Lohardaga (24-25)_D

## e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO.-1, RANCHI

(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 07/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Extension of Main Building, Construction of Servant Quarter, Septic Tank and other works at Senior Officer Residence No. 3 at Deendayal Nagar Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers /Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :- (1) वेबसाईट में ई-कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 17-07-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई-कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 18-07-2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई-कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची।
(4) ई-कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR.NO.328943 Building(24-25):D

## Office Nagar Parishad, Lohardaga

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. LNP/ 01/2024-25(2nd Call)** **Date- 06-07-2024**

| S. No. | Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders .gov.in ) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov. in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | Construction of P.C.C. road from Shivshanker Chawrisya house to Mahabir oraon house via Swayambhu Mandir , Shachi Devi house to Dillip oraon house and NH Road(Munna Sahu house ) to Teli Dharamsala in ward no 21 | 2475069.00 | 49,502.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |
| 2 | 3 | Construction of P.C.C. road from Lohardaga Nursing home to Parmanand Sahu house via Dewnath oraon house,Bhola Agerwal house to Shiv Agerwal house,Shashi Soni house to Anand Pandit house and Ranjeet Nayak house to Pound in ward no 20 | 2472554.00 | 49,452.00 | 5,000.00 + 18% GST | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 09-07-2024 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-09-07-2024 Time 11:00 A.M To Date 23-07-2024 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 09-07-2024 Time 11:30 P.M To Date 23-07-2024 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 24-07-2024 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

PR.NO. 328898 Lohardaga(24-25):D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

**भर्ती कैम्पः-10 जूलाई 2024**

**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, खूँटी द्वारा दिनांकः-10 जूलाई 2024 दिन बुधवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक जिला नियोजनालय खूँटी में भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:-

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LIC, Khunti | Advisor-30 | M/F | 18-30 | 12th & Above | 5K & Incentives | Khunti |
| 2 | Seva Sahyog Security Pvt. Ltd, Ranchi | Guard-75/Supervisor-10/Office staff-05/Area Manager-25/Housekeeping-02/Gunman-20/Security officer-08/cook-04/152 | M | 18-30 | 10th, 12th & above | 8K-20K | Entire JH |
| 3 | Skill Source Learning & technologies, Chennai | Aprenticeship-200 | M/F | 18-24 | ITI,Diploma/ Fitter/Ectrician | 15200-16500/- | Chennai |
| 4 | Walkaroo International Private Limited, Tamilnadu | Junior Technician/Trainee Operator-125 | M | 18-30 | ITI,Diploma in mechanical, Fitter | 12300-18500/- | Coimbatore |
| 5 | Awsar corporate, bangalore | Operator/ Associate/ picker/Packer-500 | M | 18-30 | 10th/ Diploma & Above | 18125-18715/- | Bangalore |

➤ योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते है। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र की है, अतः चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। भर्ती कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
खूँटी

PR 328995 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# कुदरत की मार

कुदरत की मार के सामने इंसान बौना ही नजर आता है। तमाम मुख्य नदियां उफान पर हैं। जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें ठप पड़ी हैं। हिमाचल में मूसलाधार बारिश के बीच मलबा व पत्थर गिरने से सैकड़ों सड़कें बंद हो गई हैं। सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। पहले हम गर्मी से त्रस्त होकर बारिश की आस लगाए होते हैं, लेकिन जब बारिश आती है तो स्थितियां डराने वाली हो जाती हैं। निस्संदेह ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते बारिश के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। बारिश कम समय में ज्यादा मात्रा में बरसती है। जिससे न केवल पहाड़ों में कटाव बढ़ जाता है बल्कि पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा गिरकर रास्तों व पानी के प्राकृतिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है। यह संकट इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि हमने पहाड़ों को विलसिता का केंद्र बना दिया है। तीर्थाटन अब पर्यटन जैसा हो गया है। पर्यटकों के वाहनों से छोटी सड़कें और पुल दबाव में हैं। नीति-नियंताओं ने पहाड़ों में सड़कों को फोर लेन-सिक्स लेन बनाने का जो उपक्रम किया है, उससे पहाड़ों का नैसर्गिक वातावरण खतरे में है। पहाड़ों के किनारे काटने से भूस्खलन की गति तेज हुई है। गाहे-बगाहे पहाड़ों का मलबा सड़कों पर गिरकर यातायात को अवरुद्ध कर देता है। यात्रियों के जीवन पर हर समय संकट बना रहता है।हिमाचल की ही तरह से कुदरत के कोहराम से उत्तराखंड भी बुरी तरह त्रस्त है। भागीरथी, अलकनंदा, मंदाकिनी व पिंडर आदि नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर मलबा गिरने की घटनाएं बढ़ने से यात्रा कुछ समय के लिये स्थगित की गई है। बार-बार भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया जा रहा है। जगह-जगह सड़कों के कटने से सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। बादल फटने की आशंका भी लगातार बनी रहती है।

# चीन से उम्मीद

कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग यी के बीच हालिया बातचीत से दोनों देशों में संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी है। दोनों विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में इस बात को लेकर सहमत हुए हैं कि वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी और शेष मुद्दों के समाधान के लिये राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से दोगुने प्रयास किये जाएंगे। निश्चय ही गतिरोध की मौजूदा स्थिति में इस घोषणा को नई उम्मीद मानना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि हाल के वर्षों में पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध को दूर करने को लेकर भी बीच-बीच में ऐसे दावे कई बार किये गए हैं। बहरहाल, कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान दोनों नेता इस बात को लेकर सहमत नजर आए कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिये नई पहल की जानी चाहिए। यह भी निर्विवाद सत्य है कि हम अपने पड़ोसी नहीं बदल सकते, ऐसे में सहयोग और विश्वास के रिश्ते दोनों देशों व दक्षिण एशिया के विकास के लिये भी जरूरी हैं। समय की जरूरत है कि शांति और अमन-चैन के लिये बीते गतिरोध से निकलकर जमीनी स्तर पर कुछ ठोस करने के लिये आगे बढ़ा जाए। विगत में बातचीत के राजनयिक व सैन्य स्तर पर कई दौर चले हैं, लेकिन विडंबना यही है कि धरातल पर प्रगति होती नजर नहीं आई। बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के बीच दोनों देशों की तरफ से संबंध सुधारने के लिये गंभीर प्रयास किये जाएंगे। चीन के छल-बल का लंबा इतिहास रहा है। हालांकि, भारत राजनीतिक व सैन्य ताकत के रूप में उस दौर से कहीं आगे निकल गया है। यही वजह है दोनों देशों के बीच अविश्वास की कमी गाहे-बगाहे उभरकर आ ही जाती है।

# सुगमतापूर्ण शिक्षा की दिशा में कदम


राजस्थान में बीकानेर के दूरदराज के गांवों के स्कूलों में अक्सर एक ही कमरे में एक साथ दो कक्षाएं चलती हैं- इसमें बच्चे कतारों में बैठे होते हैं, और एक समूह एक तरफ ब्लैकबोर्ड की तरफ देख रहा होता है और दूसरा समूह दूसरी तरफ ब्लैकबोर्ड को देख रहा होता है। कभी-कभी दोनों पाठ आपस में गड्डमड्ड हो जाते हैं, जिससे किसी भी छात्र के लिए इतिहास के पाठ के बीच अंकगणित को समझना मुश्किल हो सकता है। कोई छात्र बीच में कक्षा से खिसक जाए, तो शिक्षक को शायद पता भी न चले।

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है। ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए।





**-वरुण गांधी**

> विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जो कई सौ विश्वविद्यालयों और हजारों कॉलेजों की देखरेख करता है, अब भी खुलेपन और रचनात्मकता का गला घोंट रहा है। हमें पूरे विश्वविद्यालय ढांचे का पुनर्गठन करने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति में अब यूजीसी की जगह पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद का गठन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों को अब कई तरह के पाठ्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही ऐसे संस्थान हर जिले में खोलने की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों या गांवों में सार्वजनिक सुविधाएं क्षेत्र में विकास की स्थिति का आईना दिखाती हैं।

स्थानीय सरकारी स्कूल अक्सर आयताकार कमरों की एक इमारत होती है, जो किताबों और जरूरी शिक्षण उपकरणों की गैरमौजूदगी में कुछ खस्ताहाल कुर्सियों, बेंचों और ब्लैकबोर्डों से भरी होती है। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। शुक्र है कि इसे मुहैया कराने की दृष्टि वाली मोदी सरकार है।

## खास बात

### शिंजो नहीं रहे

भारत और जापान के रिश्ते में अहम भूमिका निभानेवाले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो अबे की हत्या कर दी गई है। सबसे लंबे समय तक जापान में प्रधानमंत्री का पद संभालने वाले शिंजो अबे कुल 4 अलग अलग कार्यकाल में जापान के प्रधानमंत्री रहे। लेकिन अपने सभी कार्यकाल में शिंजो अबे ने भारत के साथ जापान के संबंधों को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जापान के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने सभी 4 कार्यकाल में शिंजो अबे ने भारत की यात्रा की। अबे भारत की सबसे अधिक बार यात्रा करने वाले जापान के प्रधानमंत्री थे. पहली यात्रा 2007, दूसरी 2014, तीसरी यात्रा 2015 और चौथी यात्रा उन्होंने 2017 में की थी।

साल 2007 में भारतीय संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले शिंजो अबे ने हिंद- प्रशांत की परिकल्पना को रखा जो दवअऊ के तौर पर आज सामने है। हालांकि 2007 के बाद दवअऊ पर काम ठंडे बस्ते में चला गया था लेकिन हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दखल को रोकने के लिए 2017 के बाद दवअऊ पर काम दोबारा शुरू हुआ जो कि आज एक संगठन का रूप ले चुका है। भारत और जापान के द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है हिंद-प्रशांत क्षेत्र का मसला।

जनवरी 2014 में शिंजो अबे गणतंत्र दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। हालांकि भारत और जापान के बीच वैश्विक साझेदारी की नींव 2001 और सालाना द्विपक्षीय सम्मेलन की शुरूआत का फैसला 2005 में ही हो चुका था लेकिन शिंजो के दूसरे कार्यकाल से यानी 2012 से भारत और जापान के संबंधों ने एक नई गति हासिल की।

चीन के साथ डोकलाम विवाद हो या फिर मौजूदा विवाद जापान ने खुलकर चीन का विरोध किया और भारत का समर्थन किया।

भारत और जापान के बीच सुरक्षा से जुड़ा समझौता तो पहले से था लेकिन भारत और जापान के बीच 2+2 डायलॉग की शुरूआत शिंजो अबे के वक्त में हुई। इसके अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन पर काम साल 2015 में शिंजो अबे के दौरे के दौरान ही शुरू हुआ।

# स्वांस की ताकत

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**क्रियाओं** का अभ्यास मन को स्वांसों की धुन में लीन करके दुःख-सुख में समभाव का रोपण करता है और स्वांसों के भीतर की शक्ति का बोध करवाता है। एक छोटी सी कहानी के माध्यम से इसका वर्णन इस प्रकार है। बरसात के दिन थे। एक चिड़ा और चिड़िया ने बरसात से बचने के लिए पेड़ पर अपना सुंदर-सा घोंसला बनाया हुआ था। एक रात बहुत जोर की बारिश आई। उस पेड़ पर उस समय एक बंदर भी बैठा हुआ था। वह बारिश में भीग कर सर्दी से कांप रहा था। चिड़िया ने बहुत ही नम्रता से कहा : बंदर भाई आपको तो भगवान ने हाथ-पांव दिये हुए हैं तो आप बरसात से बचने के लिए एक घौंसला क्यों नहीं बना लेते? ऐसा सुनते ही बंदर ने उनका घौंसला ही तोड़कर नीचे गिरा दिया। वो दोनों नीचे गिर कर भी मौन व शांत बैठे रहे। चिड़ा ने कहा : सुबह बात करते हैं। चिड़िया दुखी स्वर में बोली :हां । रात गुजरने की राह दोनों देख रहे थे। सुबह का साफ वातावरण देख दोनों खुश हो गये। चिड़ा जोश से बोला : क्या हम चलें? फिर से तिनका-तिनका इकट्ठा करते हैं।

चिड़िया की आँख में पानी आ गया। यह देखकर चिड़ा बोला : अरे पगली रो क्यों रही है? गिराना बंदर के हाथ में था, पर बनाना तो अपने हाथ में है। हम इंसानों की तरह थोड़े ही हैं कि सच्चे गुरु के बार-बार समझाने के बावजूद भी अनमोल स्वांस की शक्ति को नहीं पहचानते। तू प्रभु की दयालुता को समझ जिसकी कृपा से यह स्वांस आ रहा है, जा रहा है।

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**- अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**पिछले** ढाई साल में जितनी शक्ति भाजपा ने चुनी हुई झारखंडी सरकार गिराने में लगायी है - अगर उतनी शक्ति इन्होंने झारखण्ड की भलाई में लगायी होती तो लोकसभा में इनकी संख्या में गिरावट नहीं आती।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





लगातार दो साल से देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज।
पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना ने देशवासियों को भरोसा दिया है कि सरकार हर मुसीबत में उनके साथ खड़ी है।

**-अन्नपूर्णा देवी सांसद**

# शिवराज सिंह चौहान से मोहन राज तक आतंकवाद पर सख्त नीति

## सामयिक

**डॉ. मयंक**

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रहे हों या वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। अच्छी बात यह है कि इनकी प्रशासनिक व्यवस्था और पुलिस की नीतियों के चलते राज्य में हर तरह का संगठित या एकल आतंकवाद पनपने से पहले ही मिट्टी में मिला दिया जाता रहा है। पिछले दिनों नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली थी और अपने पुलिस बल का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मोहन सरकार द्वारा उनके पराक्रम की प्रशंसा करते हुए कई हॉकफोर्स व पुलिस जवानों का क्रम से पूर्व प्रमोशन कर दिया गया । इस अवसर पर स्वयं मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा भी कि हॉकफोर्स और पुलिस के जवानों ने अनेक ऐसे नक्सलियों को मार गिराया, जिन पर विभिन्न प्रदेशों में तीन करोड़ रुपये से अधिक के ईनाम घोषित थे। वास्तव में यह कार्यक्रम उन जवानों को याद और सम्मानित करने का है, जिन्होंने कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपना बलिदान दिया है। मप्र सरकार सदैव उन सभी के साथ खड़ी है, जिन्होंने हिम्मत और साहस के बल पर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

वस्तुतः इसी सकारात्मक सोच एवं अपनी पुलिस को आतंक के सफाए के लिए दी गई पूरी छूट का नतीजा है कि मध्य प्रदेश में जो भी आतंकवादी अपना सिर उठाता है, वह समय रहते कुचल दिया जाता है। इस संदर्भ में सामने आए ताजा मामले में एक बार फिर राज्य की पुलिस को विशेषकर एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) चीफ आईजी डॉ. आशीष बधाई के पात्र हैं कि उसके गुप्तचरों की सक्रियता ने प्रदेश में बड़ा घटनाक्रम होने से रोक दिया, नहीं तो अभी पता नहीं इसमें कितने ही सुरक्षा बलों से जुड़े हमारे देश भक्तों को बड़ी हानि उठानी पड़ती। दरअसल, मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से पकड़ा गया इंडियन मुजाहिदीन का इस्लामिक आतंकवादी फैजान शेख जो योजना बना रहा था, यदि अपने मंसूबों में कामयाब हो जाता तो उसकी लिंक को पकड़ना बाद में आसान नहीं होता। यह इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि उसने सुरक्षा बलों पर हमला करने की लोन वुल्फ अटैक (बिना किसी पार्टनर) की योजना बनाई थी। जिसमें वह बड़ी होशियारी से सब कुछ अपने ऊपर लेकर इस आतंकी घटना को अंजाम देनेवाला था, ताकि बाद में कोई उसका साथी देश भर में कहीं से भी पकड़ा न जा सके।

इस आतंकवादी फैजान शेख के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में आईएम, आईएसआईएस एवं अन्य आतंकी संगठनों से संबंधित जेहादी साहित्य, कई मोबाइल फोन, पिस्टल, जिंदा कारतूस, सिमी संगठन के सदस्यता फॉर्म जप्त किए गए हैं। इसके कब्जे से जप्त मोबाइल फोन एवं डिजिटल डिवाइस में भी विभिन्न आतंकी संगठन- इंडियन मुजाहिदीन, आईएसआईएस, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा आदि के जेहादी साहित्य, वीडियो एवं फोटो प्राप्त हुए हैं। मध्य प्रदेश पुलिस ने पाया है कि यह भोले-भाले भावुक लोगों को सोशल मीडिया के जरिए भड़काने का काम भी कर रहा था। इसके सोशल मीडिया-फेसबुक आईडी पर इंडियन मुजाहिदीन से संबंधित जिहादी पोस्ट, आईएम, आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार, प्रचूरता से पाया गया है।

इतना ही नहीं फैजान शेख द्वारा पाकिस्तान में चल रहे मुजाहिदीन ट्रेनिंग कैंप्स की वीडियो, मसूद अजहर (जैश-ए-मोहम्मद) लश्कर-ए-तैयबा की तकरीर पोस्ट करते हुए कंधार विमान अपहरण की कहानी तथा मुल्ला उमर के बयान एवं अंसार गजवा-तुल-हिन्द (एजीएच) से संबंधित पोस्ट सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जा रहे थे। यहां तक कि अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम तक पहुंचाने के लिए इसके द्वारा सुरक्षा बल के जवानों एवं

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### तार्किक सोच

**जब** न्यायालय में आपराधिक मामलों के निपटारे में बहुत समय लग जाता है, उसके बहुत सारे नुकसान होते हैं जैसे जिस योजना में पूंजी को निवेश किया जाना था, उसे निवेश नहीं किया जा सकता। इससे लोगों में आपराधिक प्रवृत्ति में भी वृद्धि हो जाती है। इन सबका भारत के आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ता है। इस कोण से भी सोचा जाना चाहिए।

**-कौशल, रांची**

### आपदाओं का कहर

**बाढ़** से लेकर भूस्खलन तक, मानसून से संबंधित आपदाएं हर साल एक आम घटना बन गई हैं। बेतरतीब वनों की कटाई, अवैध निर्माण, लापरवाह खनन और उत्खनन, भारी वर्षा के साथ भूस्खलन की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। मानव-प्रेरित कारक प्राकृतिक आपदाओं के प्रमुख कारणों में से एक हैं। अब ऐसी आपदायें बढ़ती ही जा रही है।

**-आकाश कुमार, जमशेदपुर**

# वैवाहिक संबंधों में बढ़ती कठिनाइयां और हम

## समाज

**कुसुम पी**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसका मतलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है। मियां-बीवी को यह समझना होगा कि अगर अलग होने का फैसला कर ही लिया है, तो आपस में झगड़ने का नुकसान उन दोनों को तो होता ही है, उनके परिवार वाले भी परेशान होते हैं। बेहतरी इसी में है कि नहीं निभ रही है तो आपस में बातचीत करके अलग हो जाएं। सुख चैन से विकास करें प्रगति करें।

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव के सहयोग में उठते रहे हाथ

# महामहोत्सव के दूसरे दिन भक्तों ने कार्यक्रम में बांधा समां, गोटीपाऊ नृत्य भगवान के समक्ष पेश किया

▸▸ इस्कान का दल देता रहा सेवा, मंदिर परिसर में नशामुक्ति तथा बच्चों के लिए स्टाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव में दूसरे दिन डा केशवानंद दास, कुमार लीला प्रभु, सज़य सिंह, रामचंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, प्रभात सिंह, सुमन सिंह, इंदीवर पीयुष, राजु सिंह, बीरभद्र प्रभु, मुनेश्वर गुप्ता, आनंद चंद्रवंशी सहित ब्रह्मचारियों तथा बंगाल व बिहार से आये इस्कान के श्रद्धालुओं का दल लगातार सेवा दे रहे हैं। दुसरे दिन प्रातः व सायं में बडी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सामुहिक आरती की। इसके बाद मौसीबाड़ी में स्थापित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमा को देखने बडी संख्या में लोग जुटते रहे। श्री जगन्नाथ गुरुकुलम फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सियारकोनी से प्रभु श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा में उमड़े श्रद्धालुओं की सेवा निरंतर दर्जनों समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी किया गया।

रथयात्रा में हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं के प्रति आयोजकों अध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह, संरक्षक पूर्व विधायक मनोज यादव, संजय सिंह, अभिषेक सिंह, डॉ केशवानंद दास सहित अन्य ने आभार जताया। मुक्तकंठ से सभी के प्रति आभार जताते हुए आने वाले सालों में रथयात्रा को और अधिक भव्य बनाने का संकल्प लिया। वहीं चौपारण बाजार में रथयात्रा के दौरान लोगों से मिले स्नेह के लिए भी आभार जताया गया। रथयात्रा के दौरान ब्लाक मोड पर क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी रंजीत बर्णवाल व रिशु बर्णवाल द्वारा स्टाल लगाकर पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं को शरबत और पानी की सेवा दी गई। वहीं चतरा मोड पर श्री राजपूत करणी सेना के सदस्यों ने चतरा मोड़ पर शरबत, ग्लूकोज और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था रखी। चतरा रोड में रवींद्र शर्मा तथा अश्विनी शर्मा ने सिख समुदाय की ओर से की ओर से हलवा तथा शरबत हजारों लोगों के बीच वितरित किया गया। मरहेडी में पूर्व मुखिया शौकत खान द्वारा हजारों लोगों के बीच शरबत बांटा गया। स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। वहीं ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने भी शरबत बांटे। लाईफ लाईन बैटरी के संचालक कामदेव प्रजापति ने चलंत पेयजल की व्यवस्था कर रखी थी। लक्ष्मी मंदिर के समीप सन्नी अग्रवाल और सहयोगियों ने पानी वितरित किया। बाजार का चप्पा चप्पा श्रद्धालुओं की भीड से अटा पटा था। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी भीड़ इस क्षेत्र में पहली बार देखी गई। आरंभ में भीड के कारण यातायात की व्यवस्था पर भी असर पडा। जीटी रोड निर्माण कंपनी की लापरवाही से जाम रहा जिसे पुलिस ने कडी मशक्कत से ठीक किया।

#### गोटीपाऊ नृत्य से भगवान का हुआ स्वागत

जगन्नाथ पूरी में भगवान को विभिन्न नृत्य शैलियों से रिझाकर प्रसन्न करने की प्रथा है। इसमें गोटीपाऊ नृत्य प्रस्तुत कर भगवान को खुश किया जाता है। इसी प्रचलन से चौपारण में भी भगवान को खुश करने के लिए उडीसा के कलाकारों ने मन मोह लिया। गोटीपाऊ नृत्य शैली से काफी आकर्षक नृत्य उडीसा टीम ने प्रस्तुत किया। वहीं भजन कीर्तन और संगीत का कार्यक्रम भी जारी रहा। देर संध्या हजारों की भीड के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजक गण काफी मेहनत कर सभी की सेवा में जुटे हैं। रथयात्रा के पूर्व बेहद सुंदर रंगोली की प्रस्तुति हुई। पूरे आयोजन को इस्कान से आये हजारों भक्त ने विशेष कर दिया। लोगों को महसूस हुआ मानो किसी धर्मनगरी में पहुंचे गये हों। आयोजन 11 जुलाई तक जारी रहेगा।

## एक नजर में

### गोला में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**गोला (रामगढ़)।** गोला थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग के संधोय घाटी पुल के समीप एक ही दिशा में जा रहे जेसीबी व ट्रेकर के बीच टक्कर में गोला थाना क्षेत्र के हिसिमदाग गांव निवासी जितेंद्र भोक्ता उम्र 30 वर्ष व बोकारो के नावाडीह थाना क्षेत्र के मोचरो गांव निवासी भूखल भोक्ता दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि 12 बजे रात के करीब टेज्कर पर सवार लोग महलीडीह गोला से पेटरबार की ओर बारात जा रहे थे। इस दौरान उक्त स्थल पर दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। अन्य आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना गोला रजरप्पा रोड के कुसुमडीह गांव के समीप हुई। जिसमें बाइक सवार मांडू थाना क्षेत्र के सुगिया गांव निवासी सुरेश महतो की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया। बताया गया कि बाइक सवार ने खड़ी ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया।

### हेमंत सरकार के विफलताओं के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा घेराव करेगी: रेणुका साहू



**हजारीबाग।** सोमवार को,झंडा चौक समीप विशेश्वर दयाल पथ स्थित, जिला भाजपा कार्यालय में, भारतीय जनता पार्टी, जिला महिला मोर्चा की बैठक, जिला अध्यक्ष रेणुका साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई ,बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शकुंतला जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित हुए। बैठक में हेमंत सरकार की विफलताओं, महिलाओं के प्रति किए जा रहे उत्पीड़न, अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध सड़क पर उतरकर हल्ला बोल आक्रोषपूर्ण विरोध करने का निर्णय लिया गया? यह कार्यक्रम 14-07-2024 तक कर ली जानी है। आक्रोषपूर्ण हल्ला बोल प्रदर्शन में, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के लगभग 500 बहने शामिल होंगी। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बिजुल देवी, वरिष्ठ नेत्री रतन सिंहा ,महामंत्री सत्यभामा, जिला उपाध्यक्ष लीलावती देवी, किरण यादव, ज्योत्सना देवी ,पूनम मिश्रा, इंदु देवी, मीरा मेहता, रीना भट्ट ,सोनी देवी, मोनालिसा लकड़ा उपस्थित थे उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

### ब्लॉक-॥ प्रोजेक्ट खोलने की दिशा में एक सकारात्मक पहल

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में प्रस्तावित ब्लॉक-॥ प्रोजेक्ट के रैय्यतों तथा सीसीएल प्रबंधन के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने ग्रामीणों को ऊजार्दाता बोलकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह एक दिल मिलन समारोह है। जिसमें हम सब आपसी मनमुटाव को भुला कर ब्लॉक-॥ परियोजना जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आप सब बहुत सौभाग्यशाली हैं कि आपके जमीन के नीचे ऊर्जा का भंडार मिला है, जिससे कितने गरीब के घर रौशन होंगे, कल-कारखाने चलेंगे, हॉस्पिटल में सर्जरी आदि होंगे, बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे और हमारा देश भारत तरक्की की ऊंचाई छुएगा। उन्होंने सभी रैयतों से आग्रह किया आप सभी अपने व्यक्तिगत, समाज तथा पूरे देश के कल्याण हेतु जमीनरूपी ऊर्जदान करके ब्लॉक-॥ शुरू कराने में हमारा सहयोग करें। सीसीएल मुख्यालय, रांची से आए अचिंत्य पात्रा, प्रबंधक (सर्वे) एवं कुमार प्रभाकर, प्रबंधक (खनन) ने उपस्थित रैयतों को सीसीएल विस्थापन एवं पुनर्वास नीति के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर उपस्थित धवैया के मुखिया तेजलाल महतो ने कहा कि पंचायतवासी पूरी तरह से इस परियोजना के समर्थन में हैं, बस हमें एक चीज का ध्यान रखना है कि सभी प्रभावितों को उनका हक मिलना चाहिए। वहीं पूर्व मुखिया पूनम देवी ने कहा कि हमलोग इस बैठक का स्वागत करते हैं और सभी रैयतों से अपील करते हैं कि आप किसी के बहकावे में न आएं। आप जमीन के मालिक हैं और इस परियोजना के खुलने जितना लाभ मिलने वाला है उसका फायदा उठाएं। बैठक के दौरान कई ग्रामीणों ने भी अपनी बात रखी और उचित मुआवजा, रोजगार, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि मांगों को रखा। मौके पर परियोजना पदाधिकारी (र०प०) यूएन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (खनन) पीके रामदास, स्टाफ अधिकारी (पीएंडपी) एसके सिन्हा, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, ब्लॉक-॥इंचार्ज बिनोद कुमार सहित विस्थापित प्रभावित रैय्यत संघर्ष मोर्चा, धवैया के अध्यक्ष दिनेश किस्कू, धवैया ग्रामीण रामसेवक करमाली, तुलसी प्रसाद सोरेन, नंदकिशोर अग्रवाल, धनेश्वर कुमार, सेराज अंसारी सहित 125 रैय्यत उपस्थित थे।

### सीटु का उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन 9 को, प्रधानमंत्री के नाम सौंपेगा मांग पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीआईटीयु सीटु के आह्वान पर आगामी 10 जुलाई को अखिल भारतीय मांग दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला कमेटी उपायुक्त रामगढ़ कार्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री मंत्री के नाम मांग-पत्र सौंपेगा। प्रदर्शन में रामगढ़ जिला के कोयला एवं अन्य उद्योगों में कार्यरत मजदूर शामिल होंगे। उक्त बातें राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स युनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल ने कही। उन्होने बताया कि सीआईटीयु श्रम संहिताओं को निरस्त करने, एनएमपी को निरस्त करने, निजीकरण के दूसरे रूप को बंद करने, सभी मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन प्रति माह 26 हजार रुपये से कम न हो, मजदूरों के ईपीएफ, ईपीएस एवं ईडीएलआई बकायों का भुगतान न करने वाले मालिकों के लिए दंड को कम करने या उसमें बदलाव करने की अधिसूचनाओं को निरस्त करने, एनपीएस को निरस्त और ओपीएस को बहाल करने, ईपीएस पेंशनधारियों के लिए 9 हजार रुपये या इससे ज्यादा न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित करने, योजना मजदूरों आंगनवाड़ी कर्मियों, आशाकर्मियों और मिड डे मील कर्मियों को मजदूरों के रूप में मान्यता देने और उन सभी के लिए पेंशन सहित न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रर्दशन किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री हो तो हेमंत विस्वा शर्मा जैसा : किशोरी राणा



**हजारीबाग।** नव झारखण्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत विश्वशर्मा की भूरभूरी प्रशंशा करते हुए कहा की देश के हर राज्य मे हेमंत जी जैसा मुख्यमंत्री होना चाहिए जो आपदा के समय प्रभावित क्षेत्रो मे दिन रात राहत और बचाओ कार्यों मे लगे अधिकारियो के साथ स्वंय उपस्थित रहकर सेवा करते हैं।उन्होंने बताया की नव झारखण्ड फाउंडेशन की तीन सदस्यों की टीम गुवाहाटी गईं थी ताकि वंहा के चाय बगनो मे कार्यरत झारखंडियो की समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा जी से चर्चा की जा सके। टीम ने पाया की लगातार छः रोज से मुख्यमंत्री अपने कर्यालय और मुख्यालय से दूर विभिन्न जिलों मे बाढ़ पीड़ितों के बिच सेवा कार्य कर रहे हैं और सामान्य प्रशाशनिक कार्यों को फोन पर निर्देश द्वारा सम्पादित कर रहे है। बताते चले की पूर्वतर राज्य असम पूरी तरह से बाढ़ मे डूब गया है जिससे बचने के लिए लोग अपने घरों से निकलने के लिए मजबूर हो गए हैं। इस बाढ़ मे 29 जिलों मे 25 लाख से अधिक आबादी प्रभावित हुई है बाढ़ से प्रभवित जिलों के 27 राजस्व क्षेत्र के 1225 गाँव बाढ़ से पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं।

### मुखिया ने जर्जर विद्यालय भवन का करवाया मरम्मत

**बड़कागांव।** बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन को मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान द्वारा कराया गया। मुखिया ने बताया कि उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय का दो कमरा काफी जर्जर हो गया था।बरसात के दिनों में पानी छत से टपकता रहता था। छत का चिल्फा भी विद्यार्थियों पर गिरने का डर रहता था। इसीलिए मुखिया फंड से इस विद्यालय को मरम्मत करना पहली प्राथमिकता दिया। उन्होंने बताया कि छत की ढलाई एवं जर्जर दीवारों को पुनः प्लास्टर किया जाएगा।मौके पर प्रधानाध्यापिका नैयर बानो, शिक्षक मोहम्मद मोबीन मोहम्मद सदीक, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद मजहर समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर सीओ और चिकित्सा प्रभारी ने की दो केंद्रों की जांच

**चौपारण।** बीते दिनों जिला प्रशासन ने भ्रुण हत्या से निपटने के लिए पूरे जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच तथा कार्रवाई का आदेश जारी किया। उपायुक्त के इसी आदेश पर चौपारण में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच के लिए प्रखण्ड स्तर पर सीओ संजय यादव तथा चिकित्सा प्रभारी डा भुनेश्वर गोप की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम द्वारा अवैध रुप से निजी क्लिनिकों में कार्यरत ऐसे मशीन की सुचना पर जांच तथा कार्रवाई करना है। इसी कडी में सोमवार को जांच टीम ने मां सेवा सदन तथा एस एम मेमोरियल हास्पिटल में जांच किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डा भुनेश्वर गोप ने बताया कि एस एम मेमोरियल अस्पताल तथा मां सेवा सदन में जांच की गई। इनमें मां सेवा सदन में चिकित्सक तथा निजी अस्पताल के कर्मी फरार हो गये। एक मरीज एडमिट था जिसका इलाज एक नर्स द्वारा किया जा रहा था। नर्स से अस्पताल संचालक तथा अस्पताल के चिकित्सक का नंबर मांगा गया। परंतु उसने कुछ नहीं बताया। वहीं एस एम मेमोरियल अस्पताल में भी जांच में कुछ नहीं मिला। इस दौरान दो अस्पतालों में ही जांच की गई। सामुदायिक अस्पताल के महज दो किमी के दायरे में लगभग आधा दर्जन अवैध अल्ट्रासाउंड मशीन संचालित हो रहा है। चौपारण को भ्रुण हत्या अथवा लिंग परीक्षण का बडा केंद्र माना जाता है। बिना किसी लाईसेंस, बिना किसी टेक्नीशियन सारा कुछ बीते कई साल से संचालित हो रहा है। जांच के नाम पर गाहे बेगाहे जब टीम पहुंचती भी है तो मशीन को हटा दिया जाता है। कई बार तो जांच टीम के पहुंचने से पहले ही अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों को छापेमारी की सुचना हो जाती है। सामुदायिक अस्पताल के कई कर्मी इन सेंटर के संचालकों संग मिलजुल कर काम कर रहे हैं। लिहाजा जांच के पहले ही सभी सुचना लीक हो जाती है। आमतौर पर चौपारण में स्वास्थ्य सुविधा का स्तर बेहद निम्न है। औसत जांच केंद्र तथा सुविधा नहीं रहने से लोगों को बाहर जा कर ईलाज कराना पड़ता है। सामुदायिक अस्पताल की सुविधा उंची मकान फीकी मकान सी है।

### विधायक अंबा प्रसाद का बड़कागांव में समाधान भवन का हुआ गृहप्रवेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवाडीह में विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के नवनिर्मित आवासीय कार्यालय समाधान भवन का पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी का गृह प्रवेश दिन रविवार को पूजा अर्चना कर किया गया। गृह प्रवेश पूजन में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी, अंकित कुमार उर्फ सुमित शामिल रहे। इस दौरान नव कन्याओं का भी पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान पूरे राज्य, जिला एवं विधानसभा क्षेत्र समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता समेत जिला एवं प्रखंड के अधिकारी मौजूद रहे।

मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। समाधान भवन के उद्घाटन के मौके पर सामूहिक भोजन का व्यवस्था किया गया। बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू, हजारीबाग, बरही, टंडवा, चतरा, सिमरिया समेत अन्य क्षेत्र के लोग भोजन का स्वाद लिया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि अब जनता का कार्य बड़कागांव समाधान भवन से होगा। यहां से बड़कागांव, पतरातू, केरेडारी के लोगों के लिए आने-जाने में सुविधा होगी।वैसे विधायक अंबा प्रसाद केरेडारी, पतरातू एवं बड़कागांव में अलग-अलग समय देती रहती है। समाधान भवन से भी जनता के लिए काम किया जाएगा और लोगों का दिक्कत नहीं होगी।

मौके पर मुख्य रूप से केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, पूर्व विधानसभा सदर के प्रत्याशी मुन्ना सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, प्रशासनिक प्रतिनिधि चंदन गुप्ता, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, बटेश्वर प्रसाद मेहता, भैया अभिमन्यु, रामनवमी महा समिति पूर्व अध्यक्ष पवन गुप्ता, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद, दिलदार अंसारी, मुखिया किशोर महतो समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद थे।

### जेबीकेएसएस ने जन जागरण कार्यक्रम किया



**कुजू।** ओरला पंचायत के गंझूडीह टोला में सोमवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा जन जागरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आने वाले आगामी विधानसभा में जयराम महतो की पार्टी को पूर्ण बहुमत से जिताकर मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचना तथा जेबीकेएसएस के राज्य हित के लिए जो उद्देश्य है उसे लोगों तक पहुंचना। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के महिला नेत्री अनीता देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौशल्या देवी, पूनम देवी, नीमा देवी, संगीता देवी, रीना देवी, लटकी देवी, ललिता देवी, सुलोचना देवी, आरती देवी तथा बहुत सारे ग्रामीण मौजूद थे।

### भू-अर्जन व राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** भू-अर्जन, राजस्व संबंधित कार्यों व विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भारतमाला परियोजना गोला-ओरमांझी एवं कोलकाता-वाराणसी अंतर्गत पैकेजवार एवं मौजावर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। जिस पर उपायुक्त ने अधिग्रहित भूमि में आने वाले समस्याओं का निष्पादन करते हुए मुआवजा भुगतान करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर चल रहे कार्यों में कुछ एक मामलों में आ रही समस्याओं के मद्दे नजर सर्वे का कार्य कर कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। मौके पर केदला दक्षिणी खनन परियोजना के विस्तारीकरण पर भी चर्चा की गई।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महानिदेशक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ किया क्षेत्र का दौरा



**कुजू।** झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कु सोमवार को मांडू प्रखंड के तोपा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के तोपा पुराना कांटा घर, बैंक ऑफ इंडिया चौक, शिव मंदिर कॉलोनी, ओरला चौक आदि स्थानों में चुनावी दौरा किया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी। इस बार हम पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए आप सभी का समर्थन चाहिए। इससे पूर्व उनका स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया। मौके पर सुरेशचंद्र पटेल, रामनाथ महतो, मंगू मांझी, दीपक टुडू, मो यासीन, बासुदेव गंझू, उमाशंकर गुप्ता, उमेश करमाली, उत्तम कुमार महतो, राजेश महतो आदि शामिल थे।

### कोल फील्ड मजदूर यूनियन की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक संपन्न, मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

# स्थानीय को कार्य नहीं देने पर करेंगें संघर्ष : राघवन रघुनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल अंबेडकर भवन में सोमवार को कोल फील्ड मजदूर यूनियन की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राघवन रघुनंदन उपस्थित थें। इस दौरानयूनियन नेताओं ने महामंत्री राघवन रघुनंदन व अन्य अतिथियों को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में वर्ष 2023 की सदस्यता की समीक्षा की गई। साथ ही 2024 में यूनियन की सदस्यता कैसे बढ़ाई जाए सहित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कोल फील्ड मजदूर यूनियन का आगामी सितंबर 2024 में सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन ने यूनियन की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि यदि आउटसोर्सिंग कंपनी स्थानीय बेरोजगारों को कार्य नहीं देती है तो एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। कोयला मजदुरो के हक अधिकार से कोई समझौता नही करेगी। केंद्र की मोदी सरकार कोयला उद्योग को निजीकरण करने के लिए साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी काला कानुन के विरोध में हमे एकजुट होकर आंदोलनरत होना होगा। उन्होंने मजदूरों से अपनी चट्टानी एकता बनाए रखने का भी आह्वान किया। धन्यवाद ज्ञापन बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने किया। इसके पूर्व अतिथियों को बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के वरिय सहायक मंत्री भीम सिंह यादव, वरिष्ठ नेता नागेश्वर, यूनियन के सीसीएल वेलफेयर सदस्य रंजीत पांडेय, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य खुशी लाल महतो, संगठन मंत्री अशोक गुप्ता, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह भुरकुंडा परियोजना सचिव पप्पू सिंह, सयाल शाखा सचिव सुजीत पटेल, मनजीत रंजन, बरका-सयाल एरिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य संजय यादव, संतोष यादव, विनोद साव, हरिशंकर पांडेय, बेलो शर्मा, मनोज सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज राम, अशोक सिंह, नीरज भट्ट, दिलीप देवधरिया, सुधीर सिंह, मिथिलेश सिंह, रामू गोप, सुरेंद्र ठाकुर, अनूप दास, सुनील कुमार, पुरुषोत्तम पांडेय, वाहिद अंसारी, मो. इसराइल, मो. जब्बार, उपेंद्र राणा, उदय कुमार सिंह, विकास साव, रतन, सुशील कुमार आदि मौजूद थें।

स्पीड न्यूज

## विजय पांडेय की फेसबुक पर बढ़ती लोकप्रियता



गिद्धौर। गिद्धौर पंचायत गांव निवासी विजय पांडेय फेसबुक पर अपनी मनमोहक खुशियां बांट रहे हैं और फेसबुक फ्रेंड ग्रुप के माध्यम से अपनी और अपने प्रखंड की पहचान करा रहे हैं।विजय पांडेय राजस्थान में एक छोटी सी कंपनी में काम करते हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने अपने फेसबुक मैसेजर में किसी से अपना पता पूछा तो उन्होंने एक गीत के माध्यम से अपने गांव का पता अपने फेसबुक आईडी पर शेयर किया। इस गीत में उन्होंने चतरा जिले से लेकर अपने गांव तक की सभी जानकारी बताई है। यह गीत अभी चर्चा का विषय बना हुआ है और विजय पांडेय के सब्सक्राइबर और फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में वह फेसबुक के माध्यम से इनकम भी कर सकते हैं।

## ऑटो, कार व पिकअप की टक्कर में छह लोग घायल

कोडरमा। चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनगुण्डी के समीप ऑटो, कार व पिकअप की टक्कर में छह लोग घायल हो गए। वहीं घटना में घायल पुरनानंद पांडेय पिता मुरली पांडेय ने बताया कि पीछे से आ रहे कंटेनर ने मेरे कार में टक्कर मारा जिसके बाद उक्त सभी वाहन एक दूसरे से टकरा गए। वहीं घटना के बाद चंदवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। घायलों में गुमो निवासी 35 वर्षीय आशा देवी पति पुरनानंद पांडेय, 40 वर्षीय पुरना नंद पांडेय पिता मुरली पांडेय, 30 वर्षीय कंचन देवी पति अजय कुमार, 60 वर्षीय सारो देवी पति जगदीश महतो, विजया तिलैया डैम निवासी 20 वर्षीय अश्वनी कुमारी पिता रामलाल मोदी, 20 वर्षीय सरिता कुमारी पिता कैलाश प्रसाद के नाम शामिल हैं।

## बस की चपेट में आने से एक महिला गंभीर, रांची रिम्स रेफर

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा बैंक ऑफ इंडिया के समीप सोमवार दोपहर करीब तीन बजे बस की चपेट में आने से डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया ढोढाकोला निवासी 45 वर्षीय मंजू देवी पति जागी यादव गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला इंदरवा बैंक ऑफ इंडिया कुछ काम से आई थी। जिसके बाद बैंक से निकलकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान डोमचांच की ओर से आ रही बस संख्या जेएच02बीके-3239 ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उक्त महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना के बाद कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल महिला को सदर अस्पताल पहुंचाई। जहां से चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बस का ब्रेक फेल होने से बाल- बाल बचे ठेला चालक व दुकानदार

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग झंडा चौक में सुबह करीब 8 बजे तिलैया से गिरिडीह जाने वाली बस जेएच12 ई-3725 का ब्रेक फेल हो जाने के कारण बस अनियंत्रित होकर दुकान और ठेला में टकरा गई, जहां ठेला चालक बाल बाल बच गए। बता दें कि बस का अचानक झंडा चौक से घूमने के दौरान ब्रेक नहीं लगा, जिससे बस सीधे दुकान में जाकर टकराई, जिससे ठेला चालक सहित कई दुकानों में हल्की-फुल्की नुकसान हुई। घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना एसआई सुजीत कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं ठेला चालक ने बताया कि बस में ब्रेक नहीं लगा और अचानक आकर टक्कर मार दी, तो हमलोग अचानक ठेला लेकर साइड हुए नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी।

### चतरा जिले में अवैध क्लिनिक संचालकों पर बड़ी कार्रवाई, प्राथमिकी दर्ज

# अवैध क्लिनिक और बिना डिग्रीवाले डाक्टरों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीसी

### नर्सिंग होम संचालक पूर्णिमा सिन्हा, फर्जी डॉक्टर चंदन एवं अन्य के विरुद्ध हुई प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले में बिना डिग्री वाले चिकित्सकों द्वारा अवैध नर्सिंग होम चलाने और प्रसव जैसे कार्य करने की शिकायतें मिल रही थीं। उपायुक्त रमेश घोलप ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राज नर्सिंग होम के संचालक और डॉक्टर चंदन को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा, उपायुक्त ने एम.जी. नर्सिंग होम में छापेमारी की, जहां दो मरीज पाए गए।




नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर चंदन कुमार ही सभी ऑपरेशन करते थे और लगभग 6 महीने पहले एक मरीज के बच्चे का ऑपरेशन के दौरान बाहर निकाला गया था, जो स्वस्थ नहीं रहने के कारण हजारीबाग भेज दिया गया और कुछ दिनों बाद उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया था, लेकिन पूर्णिमा सिन्हा ने मामले को दबा दिया। इस नर्सिंग होम में नॉर्मल प्रसव से ज्यादा ऑपरेशन से प्रसव होते थे और प्रत्येक ऑपरेशन के लिए 25000-30000 रुपये तक लिए जाते थे। प्रसव के लिए भर्ती मरीजों के परिजनों ने भी अपनी बातें रखीं।

**डीसी ने स्वयं नर्सिंग होम का किया निरीक्षण :** उपायुक्त ने कहा कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया और छापेमारी की। छापेमारी के पहले दिन एक बिना डिग्रीधारक चिकित्सक और नर्सिंग होम संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उपायुक्त ने स्वयं लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने संचालित नर्सिंग होम का निरीक्षण किया, जहां घोर अनियमितता और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट का अवहेलना पाई गई। नर्सिंग होम में कार्यरत कर्मियों और सहायकों ने बिना डिग्री के चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन करने की बात कही। संस्थान में लगे सीसीटीवी डीवीआर बॉक्स को जांच के लिए जब्त कर लिया गया और नर्सिंग होम को रविवार देर रात ही सील कर दिया गया। पूर्णिमा सिन्हा, चंदन कुमार और अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**सदर अस्पताल के पदाधिकारी को डीसी ने दी चेतावनी :** उपायुक्त ने चेतावनी दी है कि अगर सदर अस्पताल के पदाधिकारी या कर्मी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले में लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम संचालकों और पीसी एंड पीएनडी अल्ट्रासाउंड का अवहेलना करने वाले संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# एक पौधा मां के नाम जरूर लगायें : केंद्रीय मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान में बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आव्हान किया गया है कि एक पौधा मां के नाम' इस विषय में हम सभी को अपने अपने स्तर से सोचना है और पौधा लगाना है। आज के समय में देखा जाए तो गर्मी काफी हो रही है, जल स्तर नीचे जा रहा है, बारिश कम हो रही है। हमें अपने आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचना होगा। वहीं उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम के प्रति लोगों को जागरूक करें और अपने घरों के आसपास पौधा लगाएं। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना से बागवानी लगा कर जीविकोपार्जन का साधन के साथ साथ पर्यावरण और जल संरक्षण भी होता है।



वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा महवाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है। बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ लेकर बागवानी करें, इससे आपके आय का स्त्रोत भी बढ़ेगा और आपके आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगा। उन्होंने कहा कि आप अपने विशेष दिन पर एक पौधा जरूर लगायें। वहीं डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। कोडरमा को हरा भरा बनाने और अपने आजीविका को सशक्त बनाने के लिए पौधा जरूर लगाएं।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की महवाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना से जुड़कर बागवानी करें और फलदार पौधे लगाएं। साथ ही अधिक से अधिक पौधा लगाएं। वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् नव चयनित लाभुक एवं जेएसएलपीएस के दीदी लोगों को आम का पौधा का वितरण किया गया। तत्पश्चात् केंद्रीय मंत्री एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी लाभुक रामचन्द्र माहतो नईटांड जयनगर, एंजोला एक्का जानपुर डोमचांच, एलबत्ता बाड़ा जानपुर डोमचांच, गुडीया देवी लोकाई कोडरमा, अमित कुमार यादव चोपनाडीह मरकच्चो आदि द्वारा आम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही लाभुकों द्वारा उपस्थित ग्रामीण को बागवानी योजना का क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया गया।

## आवासीय परियोजना के लाभुकों का गृहप्रवेश, लाभुक संवाद व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 9 वर्ष पूरे होने पर नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत बोनाकाली वार्ड नंबर 01 में निर्मित किफायती आवासीय परियोजना के लाभुकों का गृहप्रवेश, लाभुक संवाद तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शशि शेखर सुमन द्वारा बताया गया कि इस परियोजना अंतगर्त कुल 90 फ्लैट का निर्माण कराया गया है एवं सभी 90 फ्लैट का आवंटन लाभुकों के बीच कर दी गई है। निर्मित आवासीय परियोजना के एक फ्लैट का लाभुक अंशदान 3,12,000 (तीन लाख बारह हजार रूपये) है। 35 लाभुकों के द्वारा 3,12,000 रूपये जमा पर घर की चाबी सौपी गई।

## मांग दिवस पर सीटू का प्रदर्शन 10 को

कोडरमा। सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) व ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार 10 जुलाई को राष्ट्रव्यापी मांग दिवस पर समाहरणालय परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश और महासचिव रमेश प्रजापति ने संयुक्त रूप से बताया कि मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लेने, निजीकरण के सभी रूपों पर रोक लगाने, सभी कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये प्रति माह करने, समान काम के लिए समान वेतन देने, नई पेंशन स्कीम रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने की मांग शामिल है। दूसरी तरफ सेविका सहायिका की विभिन्न मांगों पर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी के नेतृत्व में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से प्रतिनिधिमंडल मिल मांग पत्र सौंपा। जिसमें आंगनवाड़ी सेविका सहायिका सहित अन्य स्कीम वर्करों को मजदूर के रूप में मान्यता सभी के लिए न्यूनतम वेतन और पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने सहित छह माह का बकाया केन्द्रीय मानदेय और पोषाहार राशि देने की मांग की गई।

एक नजर में

## हेमंत सोरेन परिवार सत्ता के बिना नहीं रह सकता: सांसद कालीचरण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। चतरा के सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता कालीचरण सिंह ने झारखंड में सत्ता हस्तांतरण पर तंज कसते हुए कहा कि हेमंत सोरेन परिवार सत्ता के बिना नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के लिए सत्ता ही सब कुछ है। झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को जिस तरह से मुख्यमंत्री बनाया गया और महज चार-पांच महीने में ही हटाकर फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर हेमंत सोरेन बैठ गए, परिवारवाद का इससे बेहतर उदाहरण पूरे देश में नहीं मिल सकता। कालीचरण सिंह ने कहा कि स्वयंवाद का इससे बढ़िया उदाहरण नहीं हो सकता। प्रदेश की जनता हेमंत सोरेन के नीति और नीयत को समझती है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार सत्ता के बिना रह ही नहीं सकते। चार-पांच महीने बाद झारखंड में फिर से विधानसभा का चुनाव होने वाला है और यदि जनता उन्हें बहुमत देती तो फिर से सरकार बना सकते थे और मुख्यमंत्री बन सकते थे। लेकिन चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद से हटकर स्वयं हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री बनना यह परिवारवाद का पराकाष्ठा कहा जा सकता है।

## 13 जुलाई को सीएम शिवराज का चतरा आगमन, तैयारी जोरों पर



खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। झारखंड विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 जुलाई को चतरा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनकी यात्रा का उद्देश्य मतदाताओं तक पहुंचना और पार्टी के लिए समर्थन जुटाना है। भारतीय जनता पार्टी चतरा ग्रामीण मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री के आगमन की तैयारी शुरू कर दी है और कार्यकताओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है। बैठक में ग्रामीण मंडल प्रभारी सुजीत जयसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित किया और कार्यक्रम में शामिल होने को कहा। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, गोविंद राम दांगी, धर्मनाथ ठाकुर, सरयू राम, प्रभुनाथ ठाकुर, चंद्रपाल पाठक, मंडल महामंत्री प्रदीप माहतो, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूबी वर्मा, मीडिया प्रभारी दिनेश गोप और अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इऐलसी नोडल पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। 8 जुलाई 2024 को चतरा के समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में चुनावी साक्षरता क्लब नोडल पदाधिकारियों को बैठक-सह-प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर, 2024) के बारे में जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और जागरूक करने संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चुनावी साक्षरता क्लब मास्टर ट्रेनर समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## कलयुगी बेटे ने अपनी मां और पत्नी के साथ मिलकर किया पिता की हत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह एक से बड़ी खबर सामने आयी है। जहां एक बार फिर एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां और अपनी पत्नी के साथ मिलकर शनिवार की रात बेरहमी से अपने पिता को पीट पीट कर अध मरा कर दिया। वहीं मृतक 45 वर्षीय राजकुमार राम बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हो हल्ला आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को हमला करने से रोक दिया। उसके बाद ग्रामीणों के डाट डपट के बाद अध मरा अपने पिता को लेकर सदर अस्पताल पहुंचा, जहां उपस्थित डॉक्टर ने प्राथमिक ईलाज कर रिम्स रेफर कर दिया। वहीं रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि शनिवार की रात मृतक राजकुमार राम और उसका बेटा 30 वर्षीय चंदन राम के बीच कहासुनी हो गई, कहासुनी इस कदर बढ़ गया की बेटे ने अपनी मां और पत्नी के साथ मिलकर जम कर पिटाई कर दी और मरने के लिए उसी तरह छोड़ दिया व रविवार की सुबह ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो ग्रामीणों के डाट डपट के बाद सदर अस्पताल ले गया। वहीं इस घटना की जानकारी मरकच्चो पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर वारदात को किस वजह से अंजाम दिया गया जांच पड़ताल कर रही है। हालांकि अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी महिला को 10 वर्ष सश्रम कारावास

- एक लाख रूपये जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को आरोपी महिला 37 वर्षीय सविता देवी पति स्व. राजू डांगी चतरा निवासी को 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

मामला वर्ष 2023 का है इसे लेकर कोडरमा रेल थाना प्रभारी द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन परिसर से एक महिला को पकड़ा गया था, जिसके पास थैले से दो पैकेट



अफीम बरामद किया गया। जिसका वजन 2 किलो 600 ग्राम जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये आंकी गई थी। पूछने पर उपरोक्त महिला ने बताया कि वह चतरा से अफीम बरेली यूपी ले जा रही थी। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता तरुण कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा तय कीया और जुर्माना लगाया।

## जीआरपी ने अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को पकड़ा

कोडरमा। जीआरपी ने विभिन्न ब्रांडों के अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक को पकड़ा। पूछताछ के क्रम में तलाशी के दौरान युवक के पास रखे प्लास्टिक बैग से विभिन्न ब्रांडों के दर्जनों अंग्रेजी शराब बरामद किए। इसमें पकड़े गए युवक 35 वर्षीय अंपु कुमार पिता जयराम कुमार थाना झरिया जिला धनबाद निवासी के पास रखे थैले से 7 पीस गॉडफादर कैन बियर, 3 पीस फुल बोतल व एक हाफ इंपिरियल ब्लू तथा 35 वर्षीय राजू कुमार के पास से गॉडफादर का 12 पीस कैन बियर, रॉयल स्टैग का फुल एक बोतल तथा तीन पीस इंपिरियल ब्लू शराब बरामद की गई। जिसकी कीमत करीब 8,260 रुपए आंकी गई है।

## जिला परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। थाना के समीप सोमवार को जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व एमवीआई संतोष सोरेन और ऑपरेटर रविंद्र कुमार ने किया। इस अभियान के दौरान लगभग 40 वाहनों को जब्त किया गया और 40,000 की राजस्व वसूली की गई। इस दौरान गिद्धौर थाना के एसआई और सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद थे।

# पत्रकार को रंगदारी व जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। पत्रकार को धमकी देने वाले युवक को चतरा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि अवैध नर्सिंग होम संचालकों के विरुद्ध खबर प्रकाशित किये जाने के पश्चात जिला प्रशासन इन दिनों हरकत में है और लगातार उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर अवैध नर्सिंग के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान का नेतृत्व अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव कर रहे है। उन्ही के नेतृव में लगातार करवाई किया जा रहा है। खबर प्रकाशित के पश्चात करवाई से बौखलाकर एक युवक रविवार देर शाम 8:49 बजे मोबाईल नंबर +919693500954 से कॉल कर पत्रकार संजीत मिश्रा से पांच लाख रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की



धमकी दिया। फोन पर धमकी देने वाला युवक ने यह भी कहा कि अगर पैसा नहीं दिया तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। हालांकि इस मामले की जानकारी उपायुक्त, एसपी , एसडीएम को दूरभाष के माध्यम से दिया गया। अधिकारियों को जानकारी दिए जाने के पश्चात मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी के विरुद्ध करवाई करने की बात कही। चतरा पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रंगदारी व धमकी देने वाले युवक का कॉल ट्रेस कर बिहार राज्य के इमामगंज स्थित कुजेसर गांव से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ने कहा कि एक नर्सिंग होम संचालक के कहने पर मैंने रंगदारी की मांग व धमकी दिया है। जिस नर्सिंग होम संचालक का युवक ने नाम बताया है उसके विरुद्ध लावालौंग थाना क्षेत्र में कई केश दर्ज है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। धमकी दिलवाने वाले नर्सिंग होम संचालक को भी जल्द गिरफ्तारी करने की बात पुलिस ने कही है।

## प्रतापपुर प्रखंड में बिजली आपूर्ति बाधित




खबर मन्त्र संवादाता

चतरा। प्रतापपुर प्रखंड के लाला टोली, मुख्य बाजार कसमार सहित कई मोहल्लों के सैकड़ों विद्युत उपभोक्ता पिछले तीन-चार दिनों से अंधेरे में हैं क्योंकि गर्ल्स मिडिल स्कूल पुराना पंचायत भवन के समीप लगा 200 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है। उपभोक्ताओं ने आपसी चंदा करके ट्रांसफार्मर को ठीक करवाया था, लेकिन यह फिर से जल गया। ट्रांसफार्मर पुराना और जर्जर हालत में था, जिस पर विद्युत का लोड क्षमता से अधिक था। उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से शीघ्र ही नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर बिजली बहाल करने की मांग की है।

स्पीड न्यूज

# चार प्रखंडों के मनरेगा एई और जेई की सैलरी पर लगी रोक

- डीसी अनन्य मित्तल आवास एवं मनरेगा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा में रहे सख्त
- कहा, विकास कार्यों को अपेक्षित गति दें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें
- ग्रामीण विकास की योजनायें अहम, क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल द्वारा ग्रामीण विकास के योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में आवास सहित 15वें वित्त व मनरेगा योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई एवं योजनाओं में कार्य प्रगति, पूर्ण योजनाएं, ग्राम पंचायत स्तर पर कितने लोगों को विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से रोजगार उपलब्ध कराया गया आदि की जानकारी ली गयी। डीडीसी मनीष कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती रिंकू कुमारी, डीआरडीए की जिला स्तरीय टीम, सभी बीपीओ, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर, एई, जेई बैठक में मौजूद रहे । विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही तथा एमबी इंट्री लंबित रखे जाने पर 4 प्रखंडों चाकुलिया, घाटशिला, गोलमुरी सह जुगसलाई एवं पोटका के एई, जेई की सैलरी पर रोक लगाई गई है तथा 15 दिनों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।



बैठक में उपस्थित डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार व अन्य पदाधिकारी।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि ग्रामीण विकास से जुड़ी अधूरी योजनाओं को प्राथमिकता में रखते हुए पूर्ण करायें। आवास निर्माण हो या जीविकापोर्जन से जुड़ी पशुधन, बागवानी, सिंचाई तथा मनरेगा की अन्य योजनायें, सभी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के आधार हैं। योजनाओं को ससमय पूर्ण करने से लाभुक इसका समुचित ले सकेंगे। योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने में कोई लापरवाही नहीं बरतें, तय समय में पूरा करें या कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

**पंचायत स्तर पर निर्गत हों जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र :** 15वें वित्त की समीक्षा में पंचायत समिति की बैठक 08.07.2024 से 13.07.2024 तक किए जाने, पंचायतों में बायोमीट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य रूप से बनाने का निर्देश दिया गया । 22 जुलाई तक पंचायत समिति स्तर पर 15वें वित्त आयोग की राशि का 85% खर्च व ग्राम पंचायत स्तर पर 90% राशि खर्च करने का निर्देश दिया गया । पंचायत ज्ञान केन्द्र अन्तर्गत चिन्हित सभी 51 ग्राम पंचायतों की सामग्री 15.07.2024 तक क्रय करने, कैश बुक अपडेट रखने, सभी ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत स्तर से ही जारी किये जाने का निदेश दिया गया तथा सूचीबद्ध वीएलई को पंचायत भवनों में बैठने का निदेश दिया गया। आवास योजनाओं की समीक्षा में कुल निर्गत-7822 प्रथम किस्त के विरूद्ध प्रखण्डों द्वारा अबतक मात्र 2268 लाभुकों का प्लिंन्थ स्तर का जियो टैग करने पर उपायुक्त द्वारा अप्रसन्नता जताई गई। उन्होने दो दिनों के अन्दर 85% एवं एक सप्ताह में 100% जियो टैग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। द्वितीय किस्त जारी करने में सभी प्रखण्डों में धीमी प्रगति पर दिनांक-09.07.2024 के पूर्वाह्न 12 बजे तक लाभुकों का द्वितीय किस्त भुगतान हेतु प्रस्ताव जिला कार्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया गया। निमार्णाधीन आवासों का पंचायत स्तरीय पर अनुश्रवण का निदेश दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वित्तीय वर्ष 2016-22 तक स्वीकृत 47462 आवासों के विरूद्ध अबतक लंबित 397 आवासों में प्रगति नहीं होने के कारण सभी प्रखण्डों को आगामी 15 दिनों में निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन), एवं बाबा साबेह भीमराव अंबेडकर आवास के अधतन स्थिति की भी समीक्षा की गयी।

## डेंगू के बढ़ते मामलों को देख रेडक्रॉस अलर्ट

**जमशेदपुर।** डेंगु के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए रेड क्रॉस ने रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत एक ओर जहां एसडीपी डोनर्स के मोटिवेशन हेतु प्रभारी प्रभुनाथ सिंह को सक्रिय कर दिया गया है और प्लेटलेट डोनेशन के लिए रक्तदाताओं को तैयार रखने हेतु निर्देश दिया गया है। वहीं जागरुकता अभियान के तहत अबकी बार पलटी मार अभियान को गति देते हुए घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में जल जमाव को रोकने एवं पुराने टायर, कूलर व अन्य पात्रों में जमें दुषित जल को पलटी करने की शुरूआत अपने सदस्यों के सहयोग से प्रारम्भ किया है। जिला के रेड क्रॉस के अध्यक्ष सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस आने वाले दिनों में इस अभियान को और तेजी से बढायेगा। पिछले वर्षों से कड़वे अनुभव से हमें सीख लेते हुए मच्छरों के प्रभाव को रोकने के लिए हर सम्भव प्रयास करने हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी एनके घोष की स्मृति में 85 यूनिट रक्तदान

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति रेड क्रॉस भवन में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, स्वतंत्रता सेनानी स्व एनके घोष की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 85 रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा में अपने रक्तदान को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी व समाज वैज्ञानिक रबीन्द्र नाथ चौबे ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी स्व एन के घोष की पुण्य स्मृति में आयोजित यह रक्तदान शिविर उनके प्रति हमारा सम्मान व्यक्त करता है, उन्होने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने 1900 से 1947के बीच जो जीवन जिया है, उसकी कल्पना हम नहीं कर सकते, उन्होने संघर्षों के देखा है। इसलिए स्वतंत्रता सेनानी नाम से जुड़े लोगों के प्रति हमारा सम्मान दिखना चाहिए। उन्होने घोष परिवार की सराहना करते हुए कहा कि शिविर के संयोजक डी. के. घोष रेड क्रॉस के समर्पित कार्यकर्ता है। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रेड क्रॉस के पेट्रन अशोक मोदी ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान दूसरों के लिए जीवनदाता है और रेड क्रॉस ने रक्तदान के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभायी है। कार्यक्रम में रेड क्रॉस की सहयोगी समाजसेवी पूरबी घोष ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों में संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन शिविर संयोजक को रेड क्रॉस के उप संरक्षक डी. के. घोष ने किया। कार्यक्रम रेड क्रॉस के उप संरक्षक दीपक मित्रा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान बी. पी. घोष, एम.पी. घोष, इन्द्रनील घोष, मुनमुन घोष, हीरक घोष, इन्द्रनील घोष, मुख्य रूप से उपस्थित थें। रेड क्रॉस कार्यकर्ता केबीएस त्रिवेदी, समीर दत्ता, समीर सरकार, शान्ता अधिकारी, राधेश्याम कुमार इन्टर्न वेदान्त केडिया, श्रीया साहा तथा जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के चिकित्सक डॉ. निर्जला झा एवं तकनिशियों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# एक्सएलआरआइ में अब जीमैट और जीआरई स्कोर पर भी होगा एडमिशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) में पीजीडीएम (जीएम) कोर्स में अब जीमैट और जीआरई स्कोर के आधार पर भी एडमिशन हो सकेगा। इससे संबंधित एक नोटिफिकेशन एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से जारी किया गया। इसमें बताया गया कि आने वाले सत्र में फ्लैगशिप पीजीडीएम ( जीएम ) कोर्स में जीमैट और जीआरई स्कोर के आधार पर एडमिशन होगा। इस कोर्स की अवधि 18 माह की होगी। यह कोर्स पूरी तरह से आवासीय होगा। इस कोर्स में सिर्फ वही उम्मीदवार शामिल हो सकते हैं जो कम से कम किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री हासिल किए हों। साथ ही उन्हें आइटी, ऑटोमोबाइल, पावर समेत अन्य सेक्टर में कम से कम पांच साल कार्य करने का अनुभव हो।



इस कोर्स को फाइनांसिल टाइम्स एमबीए रैंकिंग में पूरी दुनिया में 99 वां रैंक मिला है। उक्त कोर्स के एएमबीए व एआइसीटीइ से मान्यता मिली है। प्रबंधन ने यह भी बताया कि इस कोर्स में एडमिशन जैट स्कोर के आधार पर भी हो सकेगा। जैट 2025 का आयोजन 5 जनवरी 2025 को होगा। जीमैट व जीआरइ का स्कोर कार्ड 1 दिसंबर 2021 से 31 दिसंबर 2023 के बीच होनी चाहिए।

## श्रीनाथ विवि का नवोदय चेंबर के साथ एमओयू

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो विश्वविद्यालय के भीतर उद्यमशीलता पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ाने और छात्रों को असाधारण विकास के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेटिव जे. राजेश और द वर्ल्डोनॉमिक्स टाइम्स के प्रधान संपादक और अंतर्राष्ट्रीय नवोदय चैंबर ऑफ कॉमर्स के संस्थापक सीएमए संदीप कुमार ने किये। यह साझेदारी कई उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बनाई गई है जिसमे छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के साथ साथ छात्रों को विभिन्न कौशल-वर्धक कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करना है साथ ही इसके माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इसका




लक्ष्य छात्रो को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्हे सहायता करने के लिए स्टार्ट-अप लॉन्च करने में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के साथ प्रशिक्षित छात्रों के लिए उपयुक्त रोजगार के अवसर प्रदान करना है। श्री जे राजेश ने इस साझेदारी पर बात करते हुए कहा कि यह एमओयू श्रीनाथ विश्वविद्यालय की हमारे छात्रों को सर्वोत्तम संसाधन और अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## एक नजर में

### विश्वास मत हासिल करने पर सीएम को विधायक मंगल कालिंदी ने दी बधाई



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा के पटल पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की सरकार को विश्वास मत हासिल होने की खुशी में आज उनसे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मुलाकात कर बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की भी उपस्थित थे। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा नए मंत्रिमंडल के साथ हेमंत सरकार के द्वारा जो भी विकास कार्य बचे हुए हैं उन्हें पूरा किया जायेगा और नई ऊर्जा के साथ जनहित में तेजी से विकास कार्य किये जायेंगे।

### टाटा मोटर्स से सेवानिवृत कर्मियों को दी विदाई




**जमशेदपुर।** सोमवार को को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में गत माह सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्तगणो को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने शाल ओढाकर और स्मृतिचिन्ह दे कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में 11 सेवानिवृत्त कर्मचारी गण अपने परिवार के साथ शामिल हुए। जिनके नाम निम्नलिखित है :- रमेश कुमार वीइकल फैक्टरी, अविजीत कुमार डे टीएमएल ड्राइव लाइन, मनसिजा कुमार साहू फ्रेम फैक्टरी, प्रभात कुमार सिंह टीएमएल ड्राइव लाइन, सुनील कुमार सिन्हा फ्रेम फैक्टरी, किशोर कुमार सिंह फ्रेम फैक्टरी, फि रोज आलम फ्रेम फैक्टरी, विकाश सरकार कैब & काउल फैक्टरी, रतन कुमार सिंह फाउंड्री, मोहिनी मोहन गोप टीएमएल ड्राइव लाइन, रमेश कुमार टीएमएल ड्राइव लाइन।

### जय हो... ने झारखंड रत्न मिलने पर डॉक्टर ताहिर हुसैन को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** सोमवार को अपनी साप्ताहिक गतिविधि के दौरान फौजी एंड फ्रेंड्स की टीम जय हो ने अपने सक्रिय और समर्पित सदस्य, पूर्व मध्य क्षेत्र की अग्रणी इंस्टिट्यूशन हिंद आईटीआई, जमशेदपुर के डायरेक्टर डॉ ताहिर हुसैन , जिनको शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा झारखंड रत्न से नवाजे जाने पर पूरी जय हो टीम की ओर से बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। इस उपलब्धि और अवसर पर पूरी ₹जय हो₹ टीम खुश और गर्वित है। डॉ ताहिर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बचपन में सबसे पहले लांग जंप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राइज मिला था और इसी से प्रोत्साहित होकर वह अपने जीवन में अब तक कई अवार्ड पा चुके हैं। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम के उपाध्यक्ष डॉ शुक्ला ने कहा कि जय हो के समस्त सदस्य को इनपर पर नाज है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व गल्फ कंट्रीज में करीब पच्चीस देशों की गोष्ठी में भी इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इन्हें सम्मानित किया गया जा चुका है जहां इन्होंने भारतीय तिरंगा फहरा कर देश का मान बढ़ाया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शहर, समाज और देश डॉ हुसैन की सेवा और सहयोग से आगे भी लाभान्वित होता रहेगा। सम्मान समारोह पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम सक्रिय सदस्य श्री सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन ₹जय हो₹ के संयोजक हरेन्दु शर्मा ने किया।

### सेंट जॉन परिसर में स्कूल कैबिनेट आयोजित



**जमशेदपुर।** सेंट जॉन स्कूल परिसर में स्कूल कैबिनेट आयोजित किया. जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए स्कूल कैबिनेट की घोषणा की गयी। सभी विद्यार्थियों को वाइस प्रिंसिपल ने शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य प्रिंसिपल आशु तिवारी ने बैज लगाए और विद्यार्थियों को स्कूल में सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाई। इन्हें मिली जिम्मेवारी : हेड गर्ल : खुशी कुमारी, हेड बॉय एमडी रेहानुद्दीन , खेल के कप्तान -आर्यन अहमद. ( 9) वीनस हाउस : कैप्टन :आशिका शर्मा (कप्तान)- (कक्षा10), अजमीन आलम (कप्तान)-(कक्षा 9),जुपिटर हाउस : आला बानो (कप्तान) - कक्षा 10 माताशी (वी.कप्तान) - (कक्षा 9), मार्स हाउस : प्रथा शर्मा (कप्तान) -(कक्षा10),लकी कुमार,वी-कैप्टन) - (कक्षा 9) नेपच्यून हाउस : कैप्टन : शिव प्रसाद (कैप्टन)कक्षा10), फिरदौस फातिम (वी.कैप्टन)।

### सनातन उत्सव समिति ने जुगसलाई थाना परिसर में किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** सनातन उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार को जुगसलाई थाना परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आवाहित वृक्षारोपण अभियान (एक पेड़ मां के नाम) के तहत पौधारोपण किया गया। वृक्षों के संरक्षण हेतु सभी सदस्यों द्वारा संकल्प लिया गया समिति द्वारा आगामी दिनों में जुगसलाई क्षेत्र के अनेकों स्थल में पौधारोपण कार्यक्रम चलाई जायेगी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी लॉ एंड आर्डर तौकीर आलम, जुगसलाई थाना प्रभारी नित्यानंद प्रसाद एवं समिति के आशीष मिश्रा, सूरज ओझा, लकी कुमार, अभिषेक मोहंती, कारण, शिवम, अरिन श्रीवास्तव, पीयूष, निहाल, साई एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

## क्रिकेट खेलते खेलते काल के गाल में समा गया घर का इकलौता 11 वर्षीय चिराग नेहाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो आनंद बिहार कॉलोनी के कुलदीप गुप्ता के बेटा नेहाल (11) का सोमवार को निधन हो गया। निधन कैसे हुआ है यह संशय बना हुआ है। पूरे बस्ती में शोक का माहौल है सूचना मिलने देर रात भाजपा नेता विकास सिंह कुलदीप गुप्ता के घर गए और मामले की जानकारी लेते हुए शोक प्रकट किया। कुलदीप गुप्ता के घर पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को मृतक नेहाल के दादा ने बताया की सुबह उनका बेटा कुलदीप गुप्ता अपने 11 वर्षीय बेटा नेहाल गुप्ता एवं बेटी ने साथ एक साथ नाश्ता कर काम में जाने की तैयारी कर रहा था। नाश्ता करने के बाद बेटा नेहाल ने पिताजी कुलदीप गुप्ता को आम खाने की बात कही । कुलदीप गुप्ता अपने बेटे नेहाल को बाजार ले जाकर आम और केला खरीदकर घर में छोड़ते हुए पढ़ने की बात कह कर अपने काम में चले गये। मृतक नेहाल अपनी मां को कुछ देर घर के सामने बीच सड़क में अपने आस-पड़ोस के रहने वाले साथियों के साथ क्रिकेट खेलकर पढ़ने की बात कह खेलने चला गया।



नेहाल की फाइल फोटो।

## जमीनदाताओं ने गम्हरिया के टाटा स्टील गेट जाम कर किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** काम से हटाये जाने से आक्रोशित गम्हरिया प्रखंड के दुग्धा गांव के दर्जनों जमीनदाता विस्थापितों ने स्थायी नौकरी समेत अन्य मांगों को लेकर झामुमो के बैनर तले सोमवार को गम्हरिया स्थित टाटा स्टील कंपनी गेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रातः पांच बजे से दोपहर बारह बजे तक झुरकुली के समीप स्थित कंपनी के सभी चारों गेटों को जाम कर दिया जिससे कंपनी में सभी भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। इस दौरान विस्थापित ग्रामीणों ने



बताया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा 32 विस्थापित कामगारों को जबरन नौकरी से हटा दिया गया है। वर्ष 2013 में इन विस्थापितों ने अपनी जमीन उषा मार्टिन कंपनी को दी थी। उसके बाद वर्ष 2017 में टाटा कंपनी ने उक्त जमीन को अधिग्रहण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्हें नौकरी दी गयी थी। किंतु, बाद में कंपनी प्रबंधन द्वारा उन्हें अस्थाई ठेकाकर्मी बनाकर काम लिया गया और वर्तमान में सभी को काम से हटा दिया गया है। इससे उनके समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है। विस्थापितों ने बताया कि प्रथम चरण में चक्का जाम किया गया है। वार्ता के बाद उनकी मांगे नहीं माने जाने पर मंगलवार से गेट जामकर मजदूरों के कंपनी के अंदर आने-जाने पर भी रोक लगा दी जायेगी।

## शहीद किशन दुबे की प्रतिमा स्मारक बनाने की मांग

- भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री से शौर्य संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/ चांडिल ।** 8 जुलाई '24: सोमवारः निजी दौरे पर चांडिल आए भारत सरकार के रक्षा राज्यमंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ से जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के एक प्रतिनिधिमंडल ने संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा के नेतृत्व में मुलाकात कर अभिनंदन किया एवं एक मांग पत्र सौंपा। पारडीह स्थित काली मंदिर में संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने वर्षो से लंबित शहीद किशन दुबे की प्रतिमा लगाने हेतु एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही रक्षा राज्यमंत्री के माध्यम से देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह को भी इन भावनाओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र भेजा हैं। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से शाहिद किशन दुबे के अनुज रवि शंकर दुबे, संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह, भाजपा नेता दिनेश कुमार व कुलवंत सिंह बंटी उपस्थित थे।



रक्षा राज्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते शौर्य के प्रतिनिधिगण।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क, सुखराम ने भी की मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड के रांगाडीह से चिंगड़ा पारकिडीह के बीच सड़क नहीं होने के कारण दोनों गांव के लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसमें दोनों गांव के लोगों ने बैठक कर समाजसेवी झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम को विगत 30 जून को इसका सूचना दिया। सुखराम हेंम्ब्रम ने निजी स्तर से आर्थिक सहयोग किया, इस सड़क को बनाने में दोनों गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान किया। यह सड़क बन जाने से दोनों गांव के ग्रामीणों ने सुखराम हेंम्ब्रम का जोरदार स्वागत किया। हेंब्रम ने सड़क का फिता काटकर उद्घाटन किया। सुखराम हेंम्ब्रम ने कहा यह सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर राजू हेम्ब्रम, लोचन मार्डी, जगत लाल सिंह, गौर हरि सिंह, सनातन सिंह सरदार, प्रभु राम सिंह, रसराज सिंह, प्रकाश मार्डी, सुनील मार्डी, कांग्रेस किस्कू, महादेव सिंह,भजन मार्डी, शिवचरण सिंह आदि थे।

# जलाभिषेक यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी सूर्य मंदिर समिति

- शिवभक्तों को पूरे सावन बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन करायेगी समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय महीना सावन का आगमन होने वाला है। 22 जुलाई को सोमवार से पवित्र सावन की शुरूआत होगी। इस बार सावन 29 दिनों का है। एक ओर जहां श्रावण मास में लौहनगरी जमशेदपुर के सभी शिवालयों में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा बहुत श्रद्धा से की जाती है। तो वहीं, सावन के तृतीय सोमवारी पर सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम के शिवालय मंस प्रत्येक वर्ष हजारों शिवभक्त पूरे भक्तिभाव के साथ सामूहिक रूप से जलाभिषेक करते हैं। सुर्य मंदिर के बड़े और भव्य कार्यक्रमों में शामिल जलाभिषेक यात्रा को इस बार मंदिर समिति ने भी विशेष बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सूर्य मंदिर समिति की द्वारा सोमवार को एक प्रेस वार्ता सिदगोड़ा स्थित मंदिर परिसर के सभागार में संपन्न हुई। प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल, कृष्णमोहन सिंह समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

### सावन की तीसरी सोमवारी को होगा कार्यक्रम



पत्रकारों से बात करते संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह। साथ में अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व अन्य पदाधिकारी।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष पवित्र श्रावण मास के तृतीय सोमवार को सूर्य मंदिर के शिवालय में जलाभिषेक का आयोजन भव्य रूप से किया जाता है। जिसमें जमशेदपुर शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के हजारों शिवभक्त बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं। इस बार मंदिर समिति ने श्रावण मास के पूरे 29 दिन शिवभक्तों को बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराने की तैयारी की है। भगवान शिव की आराधना करने वाले वैसे सभी श्रद्धालु जो 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने की कामना रखते हैं। लेकिन किसी कारणवश वे नहीं पहुंच पाते हैं, वैसे सभी भक्तों के लिए सूर्य मंदिर परिसर में स्थित आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बारह ज्योतिर्लिंगों के स्वरूप के दर्शन कराने की तैयारी की गयी है।

## स्पीड न्यूज

### दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण



**उंटारी रोड, पलामू।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत 06 से 18 वर्ष तक के अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का प्रखंड संसाधन केंद्र में जांच सह उपकरण वितरण शिविर लगा। जिसमें पूर्व से चयनित दो बच्चों को उपकरण दिये गये। वहीं 40 बच्चों की जांच की गयी, जिसमें 15 बच्चों को उपकरण हेतु चयनित किये गये। सभी बच्चों को जनवरी 2025 में सहायक उपकरण दिये जायेंगे। शिविर में अलिस्को के विशेषज्ञ, समावेशी शिक्षा के जिला प्रभारी राजीव चौबे, बीपीओ रोहित कुमार गुप्ता, समावेशी शिक्षा के प्रखंड प्रभारी नीरज कुमार चौबे, एमआईएस कॉर्डिनेटर, कंप्यूटर सहायक, सीआरपी प्रमोद सिंह, अश्विनी सिंह व कई अभिभावक और छात्र मौजूद थे।

### महिला से मारपीट, जान मारने की धमकी



**पाटन पलामू।** पंडवा की असमीन बानो पति अलामुदीन अंसारी ने एसपी रीष्मा रमेसन को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। असमीन ने आवेदन में कहा है कि मेरे पति अपने नाम से कुड़वा मोड़ में जमीन लेकर घर बनाकर रहते हैं। साकनपीढ़ी के जितेंद्र सिंह पिता सुदामा सिंह उसके घर 10 लोगों के साथ आये और अचानक पिटाई करने लगे। मुझे घर से बाहर घसीटकर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। कागजात भी ले गये। जितेंद्र ने उसके कच्चे घर को भी तोड़ दिया। एसपी से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नीलांबर पीतांबरपुर।** 17 जुलाई को मनाये जाने वाले मुहर्रम को लेकर सोमवार को लेस्लीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेसी नेता तारकेश्वर पासवान व संचालन तनवीर आलम ने किया। बैठक में सभी पंचायतों से आये मोहर्रम कमेटी के सदर सेक्रेटरी ने गांव के समस्या रखी तथा शांति–सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की बात कही। थाना प्रभारी राजु गुप्ता ने कहा कि आपसी सामाजिक सौहार्द कायम रखने की जरूरत है। बैठक में पूर्वी जिप सदस्य विजय राम, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, पूर्व जिप सदस्या निर्मला कुमारी, सीआई महेंद्र राम, इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पुअनि अरुण बाउरी, मो नईम, मुखिया संघ अध्यक्ष मनदीप मेहता, मुखिया गुडी देवी, रिंकी यादव भी थे।

### प्रखंड कार्यालय पुस्तकालय भवन से लोगों को होगी सहूलियत : कमलेश



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में पुस्तकालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विधायक से लोगों का ऑनलाइन परिचय भी कराया। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज को हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता है। प्रखंड कार्यालय आने वाले लोग को इधर–उधर भटकना पड़ता है। उन्हें बैठने का स्थान भी मिल जायेगा और किताब पढ़ने का मौका भी। हुसैनाबाद विस क्षेत्र हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हंसराज सिंह, रविंद्र कांस्यकर, अभिषेक सिंह हरी, पंकज सिंह, विजय राजवंशी, रविन्द्र यादव,वीरेंद्र राजवंशी, बीटू बाबा, नवल सिंह, मनीष सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग थे।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन ने नवनियुक्त अनुज्ञप्ति पदाधिकारी का किया स्वागत



**मेदिनीनगर।** जिले की नव नियुक्त अनुज्ञप्ति पदाधिकारी प्रतिभा झा शुभागमन औषधि प्रशासन कार्यालय में हुआ। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन पलामू के सभी दवा व्यवसाइयों ने गर्मजोशी से इनका स्वागत किया। कहा कि इनके मार्गदर्शन में पलामू का दवा व्यवसाय आगे बढ़ेगा। ऐसी अपेक्षा हम सबकी है। मौके पर गढ़वा एवं लातेहार जिले के अनुज्ञप्ति पदाधिकारी आलोक कुमार, पलामू जिला औषधि निरीक्षक जोन 1 के चंदन कश्यप ने आश्वस्त किया कि पदाधिकारियों का सहयोग निरंतर मिलता रहेगा। मौके पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष रमेश शुक्ल, सचिव अमिताभ मिश्र, संरक्षक सतीश तिवारी, कोषाध्यक्ष विपुल भूषण, संगठन सचिव गौरी शंकर मिश्रा, अरविंद अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, संतोष गुप्ता, पवन कुमार भी थे।

### पांकी विस क्षेत्र की जनता की आवाज हम कभी दबने नहीं देंगे: ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने पांकी प्रखंड के ग्राम सालमदीरी, जीरो, बाघमारी, चनवार सहित कई गांव का दौरा किया। इस दौरान श्री जायसवाल ने लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में जनता के आवाज को वह दबने नहीं देंगे। कहा कि इस विस की दुर्दशा के जिम्मेवार पांकी के पूर्व और वर्तमान विधायक हैं जिनके चलते हालात और परिस्थिति यथावत है। दोनों लोगों ने टेंडर और कमीशन के चलते यहां के नौजवानों को पलायन करने पर मजबूर कर दिया। आम कार्यकर्ता परेशान है। श्री जायसवाल ने बागमरी रोड पर भी सवाल किया और आम जनता से मिलकर उनके समस्याओं से रूबरू हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि गरीबों दलित और आदिवासी के नाम पर केवल लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। जनसमस्या के समाधान में आप पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। मौके पर छोटू यादव, वीरेंद्र यादव, गुड्डू यादव, अमन तुरी, मनोज तुरी, राकेश रवि, आरिफ अंसारी, वीरेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, अर्जुन यादव, संजय यादव शामिल थे।

# बीएसएफ जवान अमित शुक्ला को नमन कर रोया पलामू

## सड़क हादसे में हो गयी थी मौत, राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

- जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव सिंगरा, उनके दर्शन के लिए उमड़ी लोगों की भीड़
- बीएसएफ जवानों ने दी अंतिम सलामी, पिता ने दी मुखाग्नि
- रूदन, क्रंदन और चीत्कार से गमगीन हुआ क्षेत्र
- शहीद की गर्भवती पत्नी, माता-पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सिंगरा निवासी उपेंद्र शुक्ला के शहीद पुत्र अमित शुक्ला (30) का शव मेदिनीनगर पहुंचने पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बीएसएफ जवान अमित का अंतिम संस्कार पैतृक गांव सिंगरा में कोयल नदी तट पर पूरे राजकीय सैन्य सम्मान के साथ किया गया। शहीद अमित के पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी दी गयी। मुखाग्नि शहीद के पिता उपेंद्र शुक्ला ने दी। पार्थिव शरीर आने की सूचना पर शहीद के अंतिम दर्शन के लिए रेड़मा में सैकड़ों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस बीच भारत माता की जय के उद्घोष के साथ लोग वीर शहीद अमर रहे के नारे लगा रहे थे। शहीद अमित का पार्थिव शरीर सिंगरा स्थित पैतृक आवास पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

**चचेरे भाई की शादी में आ रहे थे घर :** ग्रामीणों के अनुसार तीन दिन पहले अपने चचेरे भाई की शादी में अमित छुट्टी लेकर अपने घर आ रहे थे। इसी बीच अमित की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले की है। चेनानी-नाशरी सुरंग के अंदर एक कैब पलट जाने से अमित की मौत हो गयी थी। अधिकारियों ने बताया कि अमित जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। वह छुट्टी पर अपने घर पलामू जा रहे थे। कश्मीर के छिंदवाड़ा में एक साल पहले उनकी पोस्टिंग हुई थी। मौके पर पलामू पुलिस ने सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सलामी दी। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार, झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश तुरी, नरेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य मो इजराइल, सांसद बी डी राम, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, राजद की पलामू सांसद प्रत्याशी ममता भुइयां, भाजपा नेता मनोज सिंह, ज्योति पांडेय, उदय शुक्ला, विभाकर नारायण पांडेय, उपेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, विजय मिश्रा, दिलीप शुक्ला, रामायण शुक्ला, संतोष शुक्ला, संजय शुक्ला, आशीष शुक्ला, सच्चिदानंद शुक्ला, अंतु शुक्ला, रबिंदर शुक्ला, नागा शुक्ला समेत हजारों लोग शव यात्रा में शामिल



**नवंबर में करनी था बड़ी बहन की शादी :** शहीद अमित पांच भाई-बहनों में सबसे बड़े थे। अमित पर माता-पिता, पत्नी के अलावे एक भाई और तीन बहनों की पढ़ाई लिखाई और शादी ब्याह की भी जिम्मेवारी थी। नौकरी में जाने के बाद माता-पिता की उम्मीद भी अमित ही थे। पेशे से पारा शिक्षक पिता उपेंद्र शुक्ला का अभिमान थे अमित। लोग बताते हैं कि इसी वर्ष अमित की बड़ी बहन की शादी निर्धारित थी, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। अमित का छोटा और तीनों बहनों से बड़ा भाई नवनीत ने बताया कि भैया का सपना पूरा नहीं हो सका। बहन की शादी को लेकर बहुत प्लानिंग किये थे। इधर, अमित का शव पहुंचते ही पत्नी ज्योति शुक्ला, माता-पिता, भाई-बहन दहाड़ मारकर रोने लगे। चारों तरफ रूदन, क्रंदन और चीत्कार से पूरा इलाका गमगीन हो गया।







**सलामी के बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार :** अमित शुक्ला का पार्थिव शरीर चियांकी के सीआरपीएफ-12 बटालियन परिसर से सिंगरा लाया गया। सैकड़ों की संख्या में लोग बाइक जुलूस की शक्ल में शामिल हुए, जो अमित शुक्ला अमर रहे... अमित शुक्ला जिंदाबाद... के नारे लगा रहे थे। अंतिम संस्कार पैतृक गांव सिंगरा में कोयल नदी तट पर पूरे राजकीय सैन्य सम्मान के साथ किया गया। मौके पर शहर व गांव के काफी संख्या में हुजूम उनके घर व कोयल तट पर देखा गया।

### उनके पैतृक गांव सिंगरा के कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले

बीएसएफ के शहीद जवान अमित शुक्ला के शहीद होने की सूचना पर उनके पैतृक गांव सिंगरा के कई घरों में चूल्हा तक नहीं जले। तीन दिन के इंतजार के बाद अमित का पार्थिव शरीर जब गांव पहुंचा तो परिजनों के रूदन व क्रंदन से पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था। जिधर देखे लोग सभी शहीद अमित शुक्ला को लेकर चर्चा कर रहे थे। अमित शुक्ला का विवाह दो मई को नावा जयपुर में हुआ था। शहीद की पत्नी गर्भवती है।

### सबकी आंखें हो गयी नम सबको रुला गया अमित

बीएसएफ जवान अमित का शव पलामू पहुंचते ही सबकी आंखें नम हो गयी। अमित शुक्ला जिंदाबाद, अमित शुक्ला अमर रहे... की गूंज से समस्त वातावरण कंपायमान हो गया। शव जैसे ही पैतृक गांव सिंगरा पहुंचा, माता–पिता, पत्नी, भाई–बहन नाते रिश्तेदार परिजनों पड़ोसियों समेत समस्त लोगों के आंखों से आंसू छलक पड़े। शहीद की पत्नी, माता और बहनों की चीत्कार ने सबको रुला दिया।

# आरोप मुक्त होने पर भी निलंबित डीलर को नहीं मिल सका आवंटन

- विभागीय लापरवाही के कारण 3 किलोमीटर भटकने को विवश हैं कार्डधारी
- विश्रामपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जांचोपरांत कर चुके हैं आरोप मुक्त
- 6 साल पूर्व डीलर को किया गया था निलंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**खास बातें :** विश्रामपुर कार्यालय के पत्रांक 18 दिनांक 10 अक्टूबर 2022 के माध्यम तत्कालीन बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम के द्वारा जिला आपूर्ति कार्यालय को जांच रिपोर्ट भेजते हुए निर्दोष बताया है। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकान को पुनः बहाल करने की अनुशंसा भी किया है। विदित हो कि संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा आयुक्त के न्यायालय में अपने को निर्दोष बताते हुए निलंबन मुक्त की अपील की थी। जिसका निरस्तीकरण रिवीजन वाद सं0- 07/ 2018 है। आयुक्त के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच के लिए कार्यालय से पत्र निर्गत किया गया। जिसके बाद डीलर संतोष कुमार गुप्ता के दुकान की जांच को जिला आपूर्ति कार्यालय के पत्रांक 987 दिनांक 08 अक्टूबर 2022 को पत्र निर्गत कर तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रिपोर्ट देने को कहा गया। जांच रिपोर्ट में विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम ने स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया है कि डीलर संतोष गुप्ता के दुकान की जांच डीलर, भंडार पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड का झरहा कला गांव जहां के ग्रामीणों को विभागीय लापरवाही के कारण खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए 3 किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों के द्वारा समय-समय पर की जाती रही है लेकिन विभाग के द्वारा कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। जून की भीषण गर्मी व लू की थपेड़ों में खाद्यान्न लेने गये एक कार्ड धारी दुर्गा वचन साल की मौत भी हो गयी थी। जिसका शव दूसरे दिन परिजनों के द्वारा बरामद किया गया था। तबसे लोग एक बार फिर झरहा कला में ही अपना दुकान कार्डधारी चाहते हैं। लेकिन वर्तमान समय झरहा कला गांव के लिए टैग किए डीलर को यह रास नहीं आ रहा। कुछ बिचौलिए को उकसाकर व कुछ लाभ देखकर विरोध प्रकट कराया जाता रहा है।

# ऑक्सफोर्ड के तीरंदाजी प्रशिक्षण में प्राचार्य ने खेल प्रशिक्षक को भी तीरंदाजी के गुर सिखाये





तीरंदाजी प्रशिक्षण के दौरान लक्ष्य पर निशाना साधते ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अनुकूल मौसम को देखते हुए विद्यालय में बच्चों के लिए पुनः तीरंदाजी प्रशिक्षण से प्रारंभ की गयी। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि तीरंदाजी प्रशिक्षक प्रेमपूर्ति बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होने आज विद्यालय के खेल प्रशिक्षक को भी तीरंदाजी का गुर सिखाये। कक्षा तृतीय से कक्षा एकादश तक के विद्यार्थी प्रशिक्षण में भाग लेंगे। आज विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर उत्साहित हुए।

**विदेशी भाषा (फ्रेंच) का भी शुभारंभ :** विद्यालय में विदेशी भाषा (फ्रेंच) की भी पढ़ाई प्रारंभ होने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई द्वारा विदेशी भाषाओं को भी शामिल किया गया है। इससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त भाषा का ज्ञान होगा जो उसके भविष्य निर्माण में सार्थक होगा। यह सभी के लिए अनिवार्य नहीं है केवल इच्छुक विद्यार्थी ही निबंधन करा सकेंगे।

## समाजसेवी के प्रयास से चार गांव मुख्य पथ से जुड़े, निजी खर्च से बनवा रहे पहुंच पथ

- भूमि विवाद के कारण वर्षों से लटका था मामला, पहुंच पथ निर्माण कार्य शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** अपने देश में एक प्रसिद्ध कहावत है कि मानव जब जोर लगाता है, पत्थर भी पानी बन जाता है। इस कहावत को वरीय समाजसेवी सह बसपा नेता गोपाल राम ने पूरी तरह चरितार्थ किया है। गोपाल राम का प्रयास रंग लाया और वर्षों से भूमि विवाद में लटका हुआ मामला सुलझ गया और पहुंच पथ का निर्माण कार्य शुरू हो गया। मामला विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव को मुख्य पथ से जोड़ने का है। यहां बताते चलें कि बी मोड़ एन एच 75 से एक पक्का रास्ता मायापुर, रामजानी बिगहा होते हुए रेहला तक जाता है लेकिन संत तुलसीदास कॉलेज के पास लगभग एक हजार फिट रास्ता जमीनी विवाद के कारण नहीं बन पा रहा था। जिससे उक्त सड़क दो भागों में विभक्त था। दो टुकड़ों में होने के कारण ग्रामीणों को सड़क का लाभ नहीं मिल पा रहा था और ग्रामीण मुख्य पथ से जुड़ नही पा रहे थे।

## भोले भाले लोगों को परेशान करना बंद करें सीओ : अमित तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर अंचल कार्यालय का सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष ज्योती पांडे ने चैनपुर प्रखंड के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के साथ अंचल कार्यालय का घेराव किया।

मौके पर भालपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर रही है जानकारी मिली है की जमीन का म्यूटेशन कराने के लिए ग्रामीणों को पचास हजार से एक लाख तक अधिकारियों को पहले चढ़ावा देना पड़ता है तब जाकर उनका जमीन का म्यूटेशन होता हैं और अगर पैसा ग्रामीण किसान नहीं देते है तो उनको अंचल कार्यालय का हमेशा चक्कर काटना पड़ता है लेकिन बिना चढ़ावा दिए अधिकारियों द्वारा उनका जमीन का म्यूटेशन नहीं किया जाता है।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** सतौआ में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को चार दिन तक कार्यक्रम किया गया। जिसमें बनारस से आये प्रकांड विद्वानों ने पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापना करायी। इसमें उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से पधारे हेमंत तिवारी ने रात्रि में संगीतमय प्रवचन किया। कार्यक्रम में समापन के दिन आयोजकों ने भंडारा रखा। कार्यक्रम में नवलेज सिंह, श्रीकांत सिंह, प्रमोद सिंह, गुडु सिंह, कृष्णा सिंह जुटे रहे।

### भाजपा नेता को पत्नी शोक, सांसद भी पहुंचे



**विश्रामपुर (पलामू)।** वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे की धर्मपत्नी भानुमती देवी (77) का निधन रविवार देर शाम हो गया। वे पिछले कुछ माह से बीमार थीं। अंतिम सांस उन्होंने केतात स्थित अपने आवास पर ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। भानुमति पूर्व प्रमुख संतोष चौबे की बड़ी मां थीं। सोमवार को उनका दाह संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि टिकैत चौबे ने दी। दाह संस्कार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सोनू दुबे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, राहुल दुबे, अखिलेश गुप्ता, रंजीत ठाकुर आदि शामिल हुए।

## मानदेय पाने वाले कर्मियों को नहीं मिलेगा अबुआ आवास लाभः बीडीओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत समिति ने एक-एक कर अपने पंचायत के पंचायत में हो रहें योजनाओं में धांधली के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया। कंकारी पंसस मुन्ना पाल ने बैठक में अबुआ आवास को लेकर कहा कि सरकारी मानदेय वेतन उठाने वाले स्वयंसेवक अजेश पाल की पत्नी निर्मला देवी के नाम पर अबुआ आवास दिया गया।


### बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**हरिहरगंज पलामू।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के जहाना के समीप से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने सोमवार को की है। हालांकि चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गये। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरवार स्थित बटाने नदी से अवैध खनन कर ट्रैक्टर के ट्रेलर में बालू लोड कर ले जाया जा रहा है।

## सत्यदेव जी न होते हुए भी हमारे बीच जीवंत: प्रो राजकिशोर लाल

- जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक सचिव के जन्मदिवस पर प्रतिमा का अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता





**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमण्डल के सड़मा में संचालित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में विशेष समारोह का आयोजन कॉलेज के सचिव डॉ अमित कुमार अग्रवाल, मुख्य अतिथि इन्दर सिंह नामधारी एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें कॉलेज के संस्थापक सचिव स्मृति शेष सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण पूर्व स्पीकर इन्दर सिंह नामधारी ने किया। इस अवसर पर श्री नामधारी का भव्य स्वागत किया गया।

### उमवि में एसडीओ ने ली बच्चों की क्लास



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ पियूष सिन्हा ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय दंगवार का अचौक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के हाजिरी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में बने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता देखे। भोजन बनाने में साफ–सफाई व गुणवत्ता का पूरा खयाल रखने का निर्देश प्रधानाध्यापक को दिया। एसडीओ ने क्लास रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की क्लास ली व उनसे सवाल भी पूछे। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। ईमानदारी से पढ़ाई कर एक अच्छा इंसान बनोगे तो क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन होगा। उन्होंने प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को ईमानदारी से काम करने की हिदायत दी।

# असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : थाना प्रभारी

- मुहर्रम पर्व को लेकर सदर थाना में की गयी शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने की। बैठक में सदर थाना के सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम भी मौजूद थे।



थाना में शांति समिति की बैठक में शामिल लोग।

बैठक में मुहर्रम आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोगों ने अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराये। बैठक में मुहर्रम को लेकर जुलूस जाने वाले रास्ता की सफाई कराने की बात कही गयी। बैठक में उपस्थित एससी एसटी प्रभारी नारायण सोरेन, एसआई अंजन सिंह, एएसआई योगेंद्र राम, एएसआई राकेश कुमार, एएसआई आनंद सिंह, मुहर्रम कमेटी के खलिफा सदर अब्दुल सईद अंसारी तेलियाबांध, चियांकी सदर परवेज अख्तर, कौड़िया सदर जमील अहमद, खनवा सदर अनवर हुसैन, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह, पंसस अजीत सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह मौजूद थे।

### ज्ञान निकेतन विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह सह विशेष कार्यक्रम

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह सह मानस की प्रासंगिकता विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके प्रमुख प्रवक्ता रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर जंग बहादुर पाण्डेय मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा (पूर्व अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग एन पी यू), विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, शिवनाथ अग्रवाल, श्याम नारायण सिंह एवं विद्यालय के शिक्षा निदेशक शंकर दयाल उपस्थित थे। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में दसवीं एवं 12वीं के सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । विद्यालय के वरिष्ठ साहित्य शिक्षक राम प्रवेश पंडित को थावे विद्यापीठ (गोपालगंज) के द्वारा



विद्यावाचस्पति की मानक उपाधि से नवाजा गया। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय द्वारा किया गया एवं उन्हें रामचरितमानस की प्रति भेंट की।

# नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश ने कई जिलों का किया हवाई सर्वेक्षण

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं गोपालगंज जिलों में नदियों के बढ़ते जलस्तर को लेकर स्थिति का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने गंडक बराज का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण एवं समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जल संसाधन विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहे और लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। निचले इलाकों में जहां पानी बढ़ रहा है, संभावित परिस्थितियों पर पूरी नजर रखें। जिलाधिकारी सतत निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि अभियंतागण पूरी तरह अलर्ट रहें और वरीय पदाधिकारी स्थल पर कैंप करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया (एस०ओ०पी०) के अनुसार सभी जिलों एवं संबद्ध विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये हैं, जिसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि नाव संचालन, पॉलिथिन शीट्स, राहत सामग्री की उपलब्धता, दवा, पशुचारा, बाढ़ आश्रय स्थल, सामुदायिक रसोई, ड्राई राशन पैकेट्स/फूड पैकेट्स, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र आदि के संबंध में पूरी तैयारी रखी जाय ताकि बाढ़ आने पर लोगों को तुरंत राहत पहुंचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग के अधिकारी और जिलाधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहें। आपदा प्रबंधन विभाग सतत अनुश्रवण करते रहे कि और क्या-क्या करने की जरूरत है। ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। बाढ़ की स्थिति में प्रभावितों को एस०ओ०पी० के अनुसार पूरी सहायता उपलब्ध करायी जाय। क्योंकि मेरा मानना है कि राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है। निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज सहित जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी/अभियंतागण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जिरहुला दह धार्मिक पर्यटन स्थल के विकास को लेकर बैठक

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत स्थित बहुत ही प्राचीन जिरहुला दह धार्मिक पर्यटन स्थल के विकास हेतु सुनील पाठक की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पर्यटन स्थल के विकास के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें नित्यानंद पाठक को अध्यक्ष, सुनील पाठक को सचिव, भारत भूषण मेहता कोषाध्यक्ष को बनाया गया। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि सावन में प्रत्येक सोमवार सुबह 9 बजे से शिव जी का जलाभिषेक किया जाएगा। बैठक में निरंजन पाठक, अवधेश प्रसाद यादव, अशोक मेहता, सूर्य प्रकाश शर्मा, राकेश मेहता, पंकज मेहता, रमेश मेहता, राजेंद्र पाठक, अनुज पाठक, संतोष यादव, जयप्रकाश गुप्ता, अजीत यादव, भगत साह, मनी प्रजापति, मदन साह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 75वां वन महोत्सव का हुआ आयोजन, पेड़ लगाने की अपील

**भागलपुर।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार द्वारा सोमवार को भागलपुर वन प्रमंडल के तहत 75वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नाथनगर के सीटीएस कैंपस में आयोजित की गई। इस वन महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त भागलपुर प्रमंडल विवेकानंद, भागलपुर वन प्रमंडल के पदाधिकारी, सीटीएस के प्राचार्य के अलावा प्रशिक्षण लेने वाले जवान मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने ट्रिपल आईटी में भी वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर पौधारोपण किया। वहीं जिलाधिकारी ने वन महोत्सव पर लोगों को पर्यावरण से जुड़ने की बात कही और उन्होंने कहा परिवार में जितने सदस्य हैं उनके नाम, बेटियों के नाम और बुजुर्गों के नाम जरूर पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर पेड़ लगाए और जो पेड़ लगे उसे सुरक्षित भी रखें। उनकी रक्षा भी करें। प्रमंडलीय आयुक्त विवेकानंद ने कहा कि पूरे विश्व में 24% वन बचे हैं। जहां कि 33% पौधे होने चाहिए। उन्होंने सबों को आगे आने की अपील करते हुए कहा कि हमें आज के दिन संकल्प लेना चाहिए और सबों को अपने नाम एक पेड़ लगाना चाहिए। साथ ही पेड़ों की रक्षा करनी चाहिए। तभी हम जलवायु से हम लड़ सकेंगे।

### ट्रक ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर,12 घायल

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुयी टक्कर में 12 लोग घायल हो गये पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि झुंडो गांव के कुछ लोग आधार कार्ड बनवा कर ऑटो रिक्शा से अपने घर लौट रहे थे इस दौरान नवडीहा गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार 12 लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन सहित फरार हो गया।

## राजद और कांग्रेस ने जनता को लूटने का काम किया : विजय सिन्हा

**कटिहार।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सोमवार को रुपौली विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के लिए जाने के क्रम में कटिहार में मीडिया को संबोधित किया। विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के मिरचाईबाड़ी आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उपमुख्यमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि लालू प्रसाद का सपना था कि तेजस्वी यादव को बिहार किसी भी तरह से बिहार का मुख्यमंत्री बनाये। लेकिन उनका सपना पूरा होने वाला नही है। विजय सिन्हा ने कहा कि राजद और कांग्रेस अपने शासन काल में सिर्फ और सिर्फ जनता को लुटा लूटने का काम किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह 2010 के विधानसभा चुनाव में राजद सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई थी आने वाले 2025 के बिहार विधानसभा के चुनाव में राजद 25 सीट भी नही ला पाएगी।

## दिवंगत भाजपा नेता के परिजनों से मिले सांसद

एजेंसी



**अररिया।** अररिया नगर स्थित शिवपुरी वार्ड संख्या 9 में पिछले दिनों भाजपा नेता राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा की हुई संदेहास्पद मौत की गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पाई है। घटना के पांचवे दिन दिल्ली से लौटे सांसद प्रदीप कुमार सिंह दिवंगत पप्पू झा के पैतृक गांव जहानपुर जाकर परिजनों से मिलकर शोक- संवेदना व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। ये उनकी बहादुरी का ही परिचय था कि जोकीहाट मुस्लिम बहुसंख्यक इलाके में भी भाजपा का झंडा गर्व से लेकर घूमते थे। सांसद ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पप्पू झा जैसा समर्पित कार्यकर्ता का चला जाना जिला भाजपा परिवार के साथ हमारे लिए भी दुखद है, जिसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। सांसद ने परिजनों से बात करते हुए कहा की जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस संदेहास्पद मौत की गुत्थी सुलझा कर दोषियों पर कार्रवाई करें। इस दौरान सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के अध्यक्ष अजय झा, मुखिया शाद अहमद बबलू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश राज, जुबैर आलम, अविनाश सिंह के साथ अन्य समर्थक मौजूद रहे।

## नवोदय विद्यालय कैंपस के अंदर छात्र की मौत

एजेंसी



पूर्णिया। पूर्णिया में नवोदय विद्यालय के 10 वीं कक्षा के एक छात्र की लाश मिली है। विद्यालय परिसर में ही आम के पेड़ से उसकी लाश लटक रही थी। स्कूल प्रबंधन का दावा छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्र ने स्कूल परिसर में ही आम का पेड़ में लटककर अपनी जान दे दी है। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने छात्र की हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं एफएसएल की टीम घटनास्थल की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची है। घटना पूर्णिया जिले के कसबा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय गढबनैली परिसर की है।

घटना के संबंध में गौरव कुमार के रूम पार्टनर शाह आलम और रवि कुमार ने बताया कि गौरव अच्छा लड़का था। हंसी मजाक करना उनकी आदत थी। छुट्टी के बाद वह घर से हॉस्टल पांच जुलाई को आया था। तब से काफी गुमसुम रहता था। रविवार रात के 11 बजे तक वह हम लोगों से हंसी मजाक करते रहा और हंसी मजाक करने के क्रम में वह बीच में काफी मायूस हो गया था। उसने रात को खाना भी वह नहीं खाया था। हम लोगों से मोबाइल फोन लेकर अपने पिता से बात भी की थी। आज चार बजे सुबह वह उठकर शौचालय भी गया था इसके बाद क्या हुआ? इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। बताया जाता है सुबह आम के पेड़ से लटका छात्र का शव को देखकर छात्र-छात्राओं ने हल्ला मचाना शुरू किया और इसकी सूचना प्राचार्य को दिया। प्राचार्य अपने सहयोगियों के साथ गौरव की लटकी लाश को नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा लाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृत गौरव कुमार के पिता बनमनखी निवासी पंकज चौधरी के फर्ज बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई ।

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने को लेकर 67 लोगों को नोटिस



सरकारी भूमि पर अतिक्रमण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** बाजार की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर अंचल प्रशासन सख्त है। सीओ राकेश सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर चिन्हित 67 लोगों को नोटिस भेजा गया है। थाना के माध्यम से नोटिस का तामिला किया जा रहा है। सभी को बुधवार तक किए गए अतिक्रमण को स्वयं से हटाने का सख्त निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा शनिवार को प्रशासन बलपूर्वक हटाने को बाध्य होगी। अगर अतिक्रमण को प्रशासन हटाती है तो उसका खर्च भी उन्हें देना पड़ेगा। ज्ञात हो कि बाजार की 78 डिसमिल को कांडी के विभिन्न लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिन्हें नोटिस भेजा गया है उनमें संतोष कुमार, विनोद प्रसाद, गया ठाकुर, अनिल प्रसाद, विकास कुमार, जयमालुद्दीन राईन, अनवर खलीफा, दिनेश प्रसाद, कुमार सोनी, भीम लाल, अजय ठाकुर, समसु अंसारी, कलाम अंसारी सहित 67 लोगों का नाम शामिल है।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र



मांग पत्र सौंपते कार्यकर्ता।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं का निराकरण को लेकर आजसू के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान के नेतृत्व में आजसू कार्यकताओं ने सोमवार को बीडीओ के नाम अपनी 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में जमीन संबंधी दाखिल खारिज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनो का अविलंब निष्पादन करने, पंजी टू में दर्ज जीरो प्लाट की समस्या का जल्द से जल्द उचित व आवश्यक कार्रवाई करने, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाते हुए इसमें जरूरमंद एवं निर्धन परिवार का इसका समुचित लाभ देने, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र करने आदि की मांग शामिल है। मौके पर केंद्रीय सदस्य रविंद्रनाथ शर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, सुशील चैबे, उमेश कुमार रजक, शिव साह, जसमुद्दीन अंसारी, मुकेश शर्मा, लक्ष्मण राम, वीरेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने किया आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




प्रखंड कार्यालय का घेराव भाजयुमो कार्यकर्ता।

**रंका।** भाजयुमो रंका उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ रंका थाना मोड़ से प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भ्रष्टाचारी सरकार वापस जाओ, हेमंत सरकार मुदार्बाद, युवा विरोधी सरकार इस्तीफा दो आदि नारे लगाए गए। साथ ही प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार भ्रष्टाचार का पोषक है। आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। झामुमो सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में प्रखंड से लेकर जिला तक भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है। झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक जनता के उत्थान के लिए नहीं बल्कि अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक से लेकर सभी अनुबंधकर्मी कम पैसों में काम करने को बाध्य है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चैबे ने कहा कि झामुमो सरकार युवा विरोधी हैं। हेमंत सरकार ने रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर युवाओं को ठगा है। अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम पाण्डेय, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश दास, उदय प्रसाद, शीला देवी, भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, विकास तिवारी, विनोद राम, जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, नवल ठाकुर, मनोज ठाकुर, रविन्द्र साव, किस्मती कुंवर, कविता देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## शिक्षको में आपसी सहमति नहीं होने से स्कूल का पढ़ाई पूरी तरह चैपट

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रधानाध्यापिका से बात करता प्रतिनिधिमंडल।

**कांडी।** मुख्यालय स्थित उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय में कभी पढ़ाई और अनुशासन में जिला में एक नंबर में आता था। आज वहीं विद्यालय सभी संसाधन के बाद भी पढ़ाई विहीन अनुशासनहीन झगड़ा फसाद और राजनीति का आड्डा बन गया है। विगत लगभग पांच वर्षो से शिक्षको में आपसी सहमति नहीं होने से स्कूल का पढ़ाई पूरी तरह चैपट है। अनुशासन और संस्कार की बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षक ही संस्कार विहीन हैं। विद्यालय में लगातार कभी शिक्षक कभी छात्रों की लड़ाई नोक झोंक की शिकायत नियति बन गई है। समय से छात्रों का नामांकन समय से टीसी वितरण, विकास मद राशि की हेरा फेरी, उपस्थिति पंजी में अनियमितता आदि कई लगातार शिकायत मिल रही है। उक्त बात की जानकारी भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलला दुबे ने दी है। इस शिकायत पर भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल स्कूल में जाकर प्रधानाध्यापिका से इस विषय पर बात की। अध्यापिका ने कहा कि मैं जब से प्रभार में हूं स्कूल को बेहतर करने का प्रयास कर रही हूं। लेकिन कुछ शिक्षक हमारी बात नहीं सुनते स्कूल अनुशासन को भंग करते हैं। ताज्जुब की बात है कि स्कूल की सारी शिकायत से जिला शिक्षा पदाधिकारी अवगत हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं और ना ही कोई सुधार हो रहा है। इससे साफ लगता है की जिला शिक्षा विभाग की मिली भगत से कांडी स्कूल का यह हाल बना हुआ है। हमलोग कांडी स्कूल इस शिकायत को माननीय विधायक एवं सांसद के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कराया जाएगा।

शिकायत पर स्कूल में आए शिक्षा प्रतिनिधि सह भाजपा किसान मोर्चो जिला अध्यक्ष रामलला दुबे, राजेंद्र पांडेय, बिनोद प्रसाद, सीताराम तिवारी, सतेंद्र चैबे, भोला मेहता, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, शशि रंजन दुबे सभी ने स्कूल की दुर्दशा की निन्दा की और सरकारी जांच कराकर सुधार करने की मांग की है।

## पेज एक का शेष

### फ्लोर टेस्ट में ...

लोकतंत्र में पार्टी और गठबंधन का निर्णय मानना पड़ता है। राज्य की नई शुरूआत होनेवाली है। जनता की भावना का आदर करना चाहिये। सभी को एक दूसरे का सहयोग करके आगे बढ़ना चाहिये। कांग्रेस की तरफ से उमाशंकर अकेला ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। थोथी दलील देने वाला है विपक्ष। विपक्ष रोजगार की बात करता है, तो अपने कार्यकाल में उन्होंने नौकरी क्यों नहीं दी। भाजपा ने सभी को धोखा दिया। **भाजपा सबसे भ्रष्ट : प्रदीप यादव :** वहीं चर्चा में भाग लेते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि हमेशा से इस काम करनेवाली सरकार को बेकाम करने का काम विपक्ष ने किया। ऑपरेशन लोटस चलाया गया। इसमें ईडी और सीबीआई को लगाया गया। भाजपा ने हमेशा से सरकार को गिराने का काम किया। दो-दो सीएम को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं। वो देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है। भाजपा की नफरत की दुकान बंद होगी और मोहब्बत की दुकान खुलेगी। **अमर बाउरी ने सरकार को घेरा :** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार को पहले मंत्री परिषद का गठन करना चाहिए था, फ्लोर टेस्ट बाद में। उन्होंने सरकार को बेरोजगारी, बेजरोजगारी भत्ता, सहायक पुलिस कर्मी, घुसपैठ जैसे तमाम मुद्दों पर घेरा। आजसू के सुदेश महतो ने कहा कि आज का विश्वास प्रस्ताव लाने का मतलब चंपई सोरेन के खिलाफ अविश्वास है। विपक्ष ने कुछ नहीं किया, फिर भी ऐसी परिस्थिति आयी। यहां की सरकार को पेंशन देने में तीन-तीन महीना लगता है। राशन उधार रहता है। राज्य में रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा। खुद अपने ही वादों पर सरकार खरी नहीं उतरी।

### 11 मंत्रियों ने...

चंपाई सोरेन की कैबिनेट में वह मंत्री बनते-बनते रह गये थे। सदन में सरकार के विश्वास मत जीतने के बाद इन 11 विधायकों को राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा कई सांसद, विधायक व भारतीय प्रशासनिक सेवा व पुलिस सेवा के वरीय पदाधिकारी समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।
**सबसे पहले चंपई ने ली शपथ :** सबसे पहले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी। फिर क्रमशः रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बैद्यनाथ राम, दीपक बिरूआ, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, मिथलेश ठाकुर, बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। चतरा विधानसभा सीट से चुनाव में जीते राजद के एकमात्र विधायक सत्यानंद भोक्ता ने लगातार तीसरी बार मंत्री के रूप में शपथ ली।
**किस पार्टी से कौन बने मंत्री :** झामुमो : चंपाई सोरेन, बैद्यनाथ राम, बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और दीपक बिरूआ। कांग्रेस - बन्ना गुप्ता, रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी और दीपिका पांडे सिंह। राजद : सत्यानंद भोक्ता।

### झारखंड में बनेगा...

लेकिन आज हमने यह निर्णय लिया। आप आश्वस्त रहें, जितनी जल्दी हो सकेगा, हम इसको प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। प्राथमिकता के आधार पर हमने इस विषय पर कैबिनेट की बैठक में सहमति जतायी। धराना दे रहे सहायक पुलिसकर्मियों के मुद्दे पर सीएम कहा कि अब कोई भी हो, धरना-प्रदर्शन छोड़े। सरकार आपसे बात करने के लिए तैयार है। यह तभी होगा, जब लोग मिल-बैठकर बात करेंगे। चर्चा करेंगे। यह सरकार सुनती भी है, समझती भी है और समस्याओं का समाधान भी करती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक जितनी भी योजनाएं जनहित में शुरू की, उन सबकी समीक्षा करेंगे। नयी नीतियां बनाने से पहले पुरानी घोषणाओं पर विचार करेंगे। सभी विभाग के मंत्री उन समस्याओं की पूरी जानकारी लें, जो समस्या है, उसका समाधान ढूंढ़ें। कैबिनेट की बैठक में सभी 11 मंत्री मौजूद थे।

### कठुआ आतंकी हमले...

**किया ग्रेनेड हमला :** आतंकियो ने ग्रेनेड हमला भी किया। जवानों ने मौका संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की है। दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबलों की अन्य टीमें भी मुठभेड़ स्थल के लिए रवाना हो गयी हैं। इलाके की घेराबंदी कर ली गयी है। आसपास के सभी इलाकों पर अलर्ट जारी करते हुए घेराबंदी शुरू कर दी गयी है।
रक्षा अधिकारियों ने कहा, आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के बाद, हमारे सैनिकों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।र इस बीच, जम्मू और कश्मीर में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में छह आतंकवादियों के मारे जाने के बाद, 1रीू फ्क्र के कमांडर ब्रिगेडियर पृथ्वीराज चौहान ने सोमवार को कहा कि दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों का मारा जाना हिजबुल-मुजाहिदीन को एक महत्वपूर्ण करारा झटका है। एक दिन पहले रविवार को राजौरी जिले में आतंकी हमले में एक सैनिक घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया था कि आतंकवादियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके के गुलाठी गांव में प्रादेशिक सेना के शिविर पर सुबह करीब चार बजे गोलीबारी की। इसके बाद सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और करीब आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी मौके से भागने में सफल रहे।
**नापाक मंसूबों को किया नाकाम :** वहीं, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार और रविवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में आठ आतंकवादी मारे गये थे जबकि दो सैनिक शहीद हो गये थे। सुरक्षा बलों के सफल अभियान के बाद सोमवार को अनंतनाग में सैन्य अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के आतंकियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। उन्होंने कुलगाम के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके सहयोग से यह अभियान सफल रहा। सैन्य अधिकारियों ने अभियान के दौरान बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।
**तलाशी अभियान जारी :** अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के फ्रिसल क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के विशेष इनपुट के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 6 जुलाई की सुबह घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। हालांकि, तलाशी अभियान के दौरान कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं देखी गई और दोपहर में अभियान बंद कर दिया गया। बाद में उसी क्षेत्र में फिर से संदिग्ध गतिविधि की विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। जैसे ही सुरक्षा बल क्षेत्र के पास पहुंचे, छिपे हुए आतंकियों ने उनपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित हिज्बुल मुजाहिदीन के चार आतंकियों को मार गिराया। ऑपरेशन स्थल से भारी मात्रा में हथियार और युद्ध के सामान मिले। मारे गये आतंकवादियों की पहचान यावर अहमद डार, जाहिद डार, तौहीद राथर और शकील वानी के रूप में की गयी। सभी स्थानीय आतंकवादी थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने...

एक याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कहा कि वे पेपर लीक, ओएमआर शीट में हेरफेर, अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य के परीक्षा देने और धोखाधड़ी जैसे आधारों पर परीक्षा रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने हाल में न्यायालय में कहा था कि गोपनीयता भंग होने के किसी साक्ष्य के बिना इस परीक्षा को रद्द करने का बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों पर गंभीर असर" पड़ सकता है। पेपर लीक सहित अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच तकरार हुई।
केंद्र और एनटीए ने 13 जून को अदालत को बताया था कि उन्होंने 1,563 अभ्यर्थियों को दिये गये कृपांक रद्द कर दिये हैं। उन्हें या तो दोबारा परीक्षा देने या समय की हानि के लिए दिये गये प्रतिपूरक अंकों को छोड़ने का विकल्प दिया गया था। एनटीए द्वारा एक जुलाई को संशोधित परिणाम घोषित किए जाने के बाद, नीट-यूजी में शीर्ष रैंक वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गयी।

स्पीड न्यूज

## पीएम ही करेंगे विकसित भारत के सपनों को साकार : ठाकुर

**नवादा ।** नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने सोमवार को दो दिवसीय कार्यक्रम में तहत काशीचक प्रखंड के बेलर, रोह प्रखंड के छनौन,रूपौ, चरौल,भंडाजोर, नवादा प्रखंड सोनू बिगहा, (कादीरगंज),हिसुआ प्रखंड के बलियारी,अकबरपुर प्रखंड के फरहा ,नोनाय,छोटकी आम,का दौरा कर विकसित भारत के साथ विकसित नवादा का संकल्प लेकर आम लोगों से मिले। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ‘संपूर्णता अभियान’ अंतर्गत चयनित आकांक्षी जिले नवादा के 'पकरीबरावां और काशीचक प्रखंड' के लिए नवादा में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थित भाइयों-बहनों एवं विभागीय अधिकारियों से संवाद कर उक्त अभियान को सफल बनाने का संकल्प दिलाया।

## बाढ़ का कहर दो हाईवे बंद , रेल के पहिए भी थमे

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद सहित पहाड़ों पर में लगातार हो रही बारिश के चलते पलिया तहसील बाढ़ से बहुत अधिक प्रभावित है। एक तरफ जहां पीलीभीत से माधवटांडा जाने वाले हाईवे की पुलिया बाढ़ से धंस गई तो वहीं मैलानी नानपारा रेल प्रखंड पर रेल लाइन बाढ़ से कट गई है। वहीं भीरा-पलिया एनएच हाईवे पर शारदा नदी की बाढ़ का पानी आ जाने से आवागमन बंद हो गया है। लगातार हो रही बारिश से शारदा नदी उफना गई है। सोमवार को शारदा बैराज से 109000 क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ गया। जिससे शारदा नदी का जलस्तर 135 .490 मीटर खतरे के निशान से बढ़ गया है। गिरजा पुरी बैराज से शारदा नदी का 261000 से अधिक का डिस्चार्ज किया गया है। इस कारण पलिया तहसील के बहुत से गांव जलमग्न हैं। कई हाईवे सहित मैलानी नानपारा रेल प्रखंड की सहित पीलीभीत शाहगंज के बीच बनी ब्रॉड गेज की नई रेल लाइन भी कट गई है। शारदा नदी के तेज बहाव में शाहगंज के पास सक्रिय नाले पर बनी रेल पुलिया भी ढह गई है।

## ड्रग्स तस्करी मामले में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी जिला की स्पेशल स्टाफ ने ड्रग्स तस्करी करने वाले वेस्ट बंगाल के एक नेटवर्क का पदार्फाश कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 27.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसको 14 पार्सल में छिपा रखा गया था। आरोपितों की पहचान दीपक बर्मन, रविन्द्र सरकार, प्रदीप बर्मन, अर्जुन सरकार और गौतम रॉय के रूप में हुई है। पुलिस आरोपितों के वेस्ट बंगाल और दिल्ली एनसीआर के नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले काफी समय से स्पेशल स्टाफ की टीम ड्रग्स तस्करी करने वाले गैंग के बारे में मुखबिर से जानकारी जुटा रही थी।

# राष्ट्रपति ने समुद्र तट पर बिताया समय, सोशल मीडिया पर अनुभव किया साझा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वार्षिक रथ यात्रा में भाग लेने के एक दिन बाद सोमवार सुबह पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया और प्रकृति के साथ निकटता के अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा किये। श्रीमती मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स पर लिखा, ऐसी जगहें हैं जो हमें जीवन के सार के करीब लाती हैं और हमें स्मरण दिलाती हैं कि हम प्रकृति का भाग हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे अंतर्मन को आकर्षित करते हैं। आज जब मैं समुद्र तट पर टहल रही थी, तो आस-पास के वातावरण के साथ मुझे गहरा जुड़ाव महसूस हुआ शीतल पवन, लहरों की गर्जना और पानी का अथाह विस्तार। यह ध्यान में बैठने जैसा अनुभव था।

उन्होंने कहा, मुझे गहन शांति की अनुभूति हुई, जो मैंने कल महाप्रभु श्री जगन्नाथजी के दर्शन करते समय महसूस की थी। और ऐसा अकेला मेरा अनुभव नहीं है, हम सब ऐसा महसूस करते हैं, जब हमारा साक्षात्कार उस अनंत से होता है, जो शक्ति हमें कायम रखती है और हमारे जीवन को सार्थकता देती है। राष्ट्रपति ने कहा, रोजमर्रा की आपा-धापी में हम



प्रकृति से नाता भूल जाते हैं। मानव जाति मानती है कि उसने प्रकृति पर कब्जा कर लिया है और अपने अल्पकालिक लाभों के लिए उसका दोहन कर रही है। इसका नतीजा सबके सामने है। इस साल गर्मी में भारत के कई हिस्से भीषण लू के चपेट में थे। हाल के वर्षों में दुनिया भर में मौसम की अति की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। आने वाले दशकों में स्थिति और भी विकट होने का अनुमान है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि पृथ्वी की सतह का सत्तर प्रतिशत हिस्सा महासागरों से बना है और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से वैश्विक समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, जिससे तटीय इलाकों के डूबने का खतरा है। महासागर और वहाँ पाए जाने वाले वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विविधता को विभिन्न प्रकार के प्रदूषण के कारण भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से, प्रकृति की गोद में रहने वालों ने ऐसी परंपराएँ कायम रखी हैं जो हमें रास्ता दिखा सकती हैं। उदाहरण के लिए, तटीय क्षेत्रों में रहने हवाओं और समुद्र की लहरों की भाषा पहचानते हैं। हमारे पूर्वजों की तरह वे समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती पर उन्होंने कहा,ह्व मैं मानती हूँ, कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की चुनौती का सामना करने के दो तरीके हैं, व्यापक कदम जो सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की ओर से उठाए जा सकते हैं, और छोटे, स्थानीय कदम जो हम नागरिकों के रूप में उठा सकते हैं।

# मास्को पहुंचने पर मोदी का भव्य स्वागत

एजेंसी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। श्री मोदी का विमान स्थानीय समयानुसार पौने तीन बजे मॉस्को के वनुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा। रूसी सरकार ने उन्हें दुर्लभ सम्मान देते हुए प्रथम उप प्रधानमंत्री श्री मंतुरोव को श्री मोदी की अगवानी के भेजा। गौरतलब है कि यह दूसरा मौका था कि जब श्री मंतुरोव ने किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की हवाईअड्डे पर अगवानी की है। इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मॉस्को यात्रा के दौरान भी श्री मंतुरोव ने उनकी अगवानी की थी। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री आमतौर पर किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की अगवानी करने हवाईअड्डे नहीं जाते हैं। श्री मोदी को रूसी सशस्त्र सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी ने सलामी गारद पेश की और इसके बाद श्री मंतुरोव श्री मोदी के साथ एक ही कार में सवार हो कर होटल के लिए रवाना हो गये। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने श्री मोदी के सम्मान में




स्थानीय समयानुसार शाम सात बजे से नौ बजे के बीच निजी रात्रिभोज एवं बैठक का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा पर आये हैं।

मॉस्को में प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति श्री पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के निमंत्रण पर श्री मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी।

भारत से आखिरी प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर 40 वर्षों पहले हुई थी। विएना में प्रधानमंत्री अपने औपचारिक स्वागत के अलावा, ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेंगे और ऑस्ट्रिया में उच्च-स्तरीय व्यापारिक भागीदारी के साथ-साथ एकांत में एवं प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बैठक भी करेंगे। प्रधानमंत्री ने रूस की यात्रा पर रवाना होने से पहले नयी दिल्ली में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हम अगले तीन दिन रूस और ऑस्ट्रिया में रहेंगे। ये यात्राएं उन देशों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक शानदार अवसर होंगी, जिनके साथ भारत की समय-परीक्षित मित्रता है। उन्होंने दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ संवाद को लेकर अपनी दिलचस्पी जाहिर की है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान क्षेत्रों सहित विशिष्ट और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में बहुत आगे बढ़ी है। वह अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा करेंगे। हम एक शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए अपनी सहायक भूमिका निभाना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रिया की यात्रा से उन्हें राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन और चांसलर कार्ल नेहमर से मिलने का अवसर प्राप्त होगा। ऑस्ट्रिया हमारा एक मजबूत ण्वं विश्वसनीय साझीदार है और हम लोकतंत्र और बहुलवाद के आदर्शों को साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा है। हम नवाचार, प्रौद्योगिकी और सतत विकास के नए और उभरते क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए चर्चा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आईटी क्षेत्र में पतंजलि अब करेगा नई क्रांति : रामदेव



**हरिद्वार।** पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वाधान में पतंजलि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट, कोर स्किल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने कहा कि आई.टी. क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान भरूआ में निहित है। पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ ने पतंजलि के साथ-साथ कई कम्पनियों में अपनी आई.टी. स्किल्स का लोहा मनवाया है। हाल ही में भरूआ ने कई विख्यात कम्पनियों के साथ आई.टी. क्षेत्र में करार किए हैं, आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि अब नई क्रांति करेगा। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि को पूरी दुनिया योग व आयुर्वेद के संदर्भ में जानती है। हमने भरूआ सॉल्यूशन्स के रूप में आई.टी. के क्षेत्र में कदम रखा है। भरूआ ऐसे ही आई.टी. कम्पनी नहीं बनी, यह पूर्ण समर्पण का परिणाम है। भरूआ की उपलब्धि है कि आज आई.टी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट हैं। वेल्सपन कम्पनी में भरूआ के प्रोडक्ट ही संचालित हैं। इसी प्रकार मदर डेयरी, अमूल, सिंटेक्स, रेलवे, नई संसद भवन की कैंटीन का सभी काम भरूआ सॉल्यूशन्स द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 एयरपोर्ट के डाटा को सेन्ट्रलाइज व मोनिटरिंग के लिए भी भरूआ को आर्डर मिला है।

## वायरल ऑडियो मामले में हाईकोर्ट ने देव को दी राहत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के स्टार सांसद देव के खिलाफ दायर ऑडियो विवाद संबंधी मामले को कलकत्ता हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि देव के खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई आधार नहीं है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने इस रिपोर्ट के आधार पर मामले को खारिज कर दिया। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान, घाटाल से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार देव के एक 'प्रतिनिधि' पर नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप लगा था। इस मामले में कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। बाद में, आरोपकर्ता ने दावा किया कि उसे पैसे मिल गए हैं और उसने अपने आरोप वापस ले लिए। लेकिन, उच्च अदालत में देव और उनके 'प्रतिनिधि' के खिलाफ फिर से एक मामला दायर किया गया, जिसमें सीबीआई से जांच की मांग की गई थी। सीबीआई ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट में कहा कि देव के खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई आधार नहीं है। इसके बाद, हाई कोर्ट ने देव के खिलाफ मामला खारिज कर दिया। इस मामले में, घाटाल के बीजेपी उम्मीदवार हिरेन चट्टोपाध्याय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ऑडियो क्लिप पोस्ट किया था, जिसमें दावा किया गया था कि वह आवाज देव की है और उनके सहयोगी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ले रहे थे। देव ने शुरू में इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि उनका किसी महिला से बात नहीं हुई थी। उन्होंने आगे कहा था कि वह इस वायरल ऑडियो पर एफआईआर दर्ज करेंगे और इसे फर्जी बताया था।


## पुतिन की सेना ने बच्चों के अस्पताल पर गिराई हाइपरसोनिक मिसाइलें, 24 की मौत

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग को दो साल से अधिक का वक्त हो गया है लेकिन, नतीजा अभी तक नहीं निकल पाया। रूसी सेना लगातार यूक्रेनी शहरों को तबाह कर रही है। सोमवार को रूसी सेना का कहर यूक्रेन की राजधानी कीव के कई इलाकों पर बरपा। दर्जनों मिसाइल हमलों में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना ने कीव में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला बोला। इससे अस्पताल मलबे में तब्दील हो गया है। कई लाशें अभी भी मलबे में दबी हैं। जिन्हें निकालने के लिए राहत-बचाव कार्य जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मलबे में जिंदगी की तलाश की जा रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के एक अस्पताल ओखमाटडिट चिल्ड्रेन हॉस्पिटल पर रूस ने सोमवार को हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला किया और अन्य स्थानों पर भी जमकर बमबारी की। दिन के समय हुई बमबारी के बाद जीवित बचे लोगों की तलाश में दर्जनों स्वयंसेवक, डॉक्टर और बचावकर्मी ओखमाडाइट बाल चिकित्सा अस्पताल के एक हिस्से के मलबे की खुदाई कर रहे हैं। रूसी सेना ने मध्य यूक्रेन के एक अन्य शहर कीर्वी रीह पर भी हवाई हमला किया। इस हमले में कम के कम 10 लोगों की मौत हो गई।

## विद्या बालन फिल्म भूलभूलैया-3 की शूटिंग के लिए पहुंची ओरछा

**निवाड़ी।** मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक पर्यटन नगरी ओरछा में इन दिनों फिल्म भूल भूलैया-3 की शूटिंग चल रही है। इसके लिए यहां फिल्मी जगत की हस्तियों के आने का सिलसिला जारी है। फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के बाद सोमवार को प्रसिद्ध अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में ओरछा पहुंची। पर्यटन नगरी ओरछा में पुराने महलों और अन्य क्षेत्रों में फिल्म भूल भूलैया-3 की शूटिंग चल रही है। फिल्म सेमी हॉरर वर्ग की है, इसलिए ओरछा के पुराने स्मारक फिल्म के लिए उपयुक्त है। फिल्म के अधिकांश हिस्से इन्हीं महलों में शूट किए जाएंगे।

सबसे पहले आई भूल भूलैया में विद्या बालन ने निगेटिव किरदार निभाया था। इसके बाद आई फिल्म भूलभूलैया- 2 में विद्या बालन का किरदार दर्शकों को देखने को नहीं मिला, लेकिन भूलभूलैया- 3 में



एक बार फिर अभिनेत्री विद्या बालन दिखाई देगी। सोमवार को विद्या बालन फिल्म की शूटिंग के लिए ओरछा पहुंची। विद्या ब्लैक कलर के प्रिंटेड हॉफ स्लिव शर्ट में नजर आई। फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अब विद्या बालन कुछ दिनों तक ओरछा में ही रहेगी। वहीं, कार्तिक और तृप्ति पिछले एक हफ्ते से ओरछा में है और फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।

# राहुल गांधी ने मणिपुर की राज्यपाल से की मुलाकात

एजेंसी

**इंफाल।** सांसद तथा लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उईके से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह की मौजूद रहे। इस मुलाकात में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता ओकराम इबोबी सिंह, केशम मेघचंद्र और गाइखंगम भी शामिल थे।

अपनी यात्रा के दौरान आज राहुल गांधी ने राज्य के जिरीबाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोइरांग के फुबाला और चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग गांव में राहत शिविर का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने जातीय हिंसा से प्रभावित शिविरों में रह रहे लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इंफाल में



बाढ़ प्रभावित लोगों से भी मुलाकात की।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह राहुल गांधी नई दिल्ली से विशेष विमान से सिलचर के कुंभीरग्राम हवाई अड्डे पर उतरे। वहां से सड़क मार्ग से वह मणिपुर के जिरीबाम तक पहुंचे। रास्ते में उन्होंने कछार जिले के लखीपुर फुलराताल स्थित बाढ़ राहत शिविर का दौरा किया। जिरीबाम से विशेष विमान के जरिए राहुल गांधी इंफाल के बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे।

राहुल गांधी के दौरे को लेकर मणिपुर भारतीय जनता पार्टी ने सवाल उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी मणिपुर की स्थिति को लेकर शुरू से ही राजनीति करते रहे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी से गंभीरता की उम्मीद भी नहीं की जा सकती है।

# रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भारतीय रक्षा संपदा सेवा के के अधिकारियों से हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि रक्षा का सबसे अच्छा तरीका युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना है। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए धनखड़ ने विकसित हो रहे तकनीकी और भू-राजनीतिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए युवा अधिकारियों को तेजी से बदलते परिदृश्य के साथ लगातार तालमेल बिठाने की सलाह दी।

रक्षा भूमि को हमारी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने रक्षा भूमि के प्रबंधन में आने वाली कई चुनौतियों जैसे अतिक्रमण और उसके बाद कानूनी विवाद का उल्लेख किया। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को भूमि प्रबंधन के लिए



प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग करने की सलाह दी। इससे आप किसी भी घुसपैठ की निगरानी कर सकेंगे और दृढ़ संकल्प के साथ त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई कर सकेंगे।

प्रोबेशनर्स को कभी भी शॉर्टकट न अपनाने की सलाह देते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे नैतिक आचरण का उदाहरण पेश करने और दूसरों के लिए आदर्श बनने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा, जब आप दबाव का सामना करते हैं, तब भी दृढ़ रहें। उन्होंने अधिकारियों से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करने का आग्रह किया।

इस बात पर गौर करते हुए कि रक्षा संपदा का ऐतिहासिक और विरासत संबंधी महत्व बहुत अधिक है, उपराष्ट्रपति ने इसकी योजना और विकास में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने का

## राहुल गांधी के समर्थन में आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**नयी दिल्ली।** ज्योतिर मठ के 46वें शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'हिंदुत्व वाले बयान' का समर्थन किया। बीते दिनों लोकसभा में राहुल ने बेहद आक्रामक भाषण दिया जिसे लेकर भाजपा नेता उन पर हमलावर रहे। राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान उस समय विवाद हो गया, जब राहुल गांधी ने बीजेपी नेताओं पर लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके भाषण की निंदा की। उन्होंने कहा कि राहुल ने एक तरह से पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक बताया है। इस तरह के आरोपों को लेकर संसद में गरमागरम बहस हुई। इसके बाद अध्यक्ष ने कई विवादास्पद बयानों को रिकॉर्ड से हटा दिया। हिंदू समुदाय के बीच शंकराचार्य का



विशेष सम्मान रहा है। अविमुक्तेश्वरानंद ने को कहा, 'हमने राहुल गांधी का पूरा भाषण ध्यान से सुना है। उन्होंने साफ तौर से इस बात पर जोर दिया कि हिंदू धर्म हिंसा को खारिज करता है।' सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें शंकराचार्य राहुल के भाषण के कुछ अंश प्रसारित करने की आलोचना करते नजर आते हैं। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी के बयान के केवल कुछ अंश शेयर करना भ्रामक और अनैतिक है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए।


VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !